जबलपुर


शनिवार, 22 नवंबर 2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



# 350वां शहीदी दिवस

## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी
## भाई मती दास जी,
## भाई सती दास जी,
## भाई दयाला जी

को समर्पित



# नगर कीर्तन एवं समागमों का विवरण

### श्रीनगर से श्री आनंदपुर साहिब (19-22 नवंबर, 2025)



1. श्रीनगर
2. जम्मू
3. पठानकोट
4. दसूहा
5. होशियारपुर
6. माहिलपुर
7. गढ़शंकर
8. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – जम्मू (19 नवंबर, 2025)
- दिन 2 – पठानकोट (20 नवंबर, 2025)
- दिन 3 – होशियारपुर (21 नवंबर, 2025)

### गुरदासपुर से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1. गुरदासपुर
2. बटाला
3. बाबा बकाला साहिब
4. श्री अमृतसर साहिब
5. तरन तारन
6. गोइंदवाल साहिब
7. कपूरथला
8. करतारपुर
9. जालंधर
10. फ़गवाड़ा
11. बंगा
12. नवांशहर
13. बलाचौर
14. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 - श्री अमृतसर साहिब (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 - जालंधर (21 नवंबर, 2025)


### फ़रीदकोट से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1. फ़रीदकोट
2. फ़िरोज़पुर
3. मोगा
4. जगराओं
5. लुधियाना
6. खन्ना
7. सरहिंद
8. फ़तेहगढ़ साहिब
9. मोरिंडा
10. चमकौर साहिब
11. रूपनगर
12. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – लुधियाना (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 – फ़तेहगढ़ साहिब (21 नवंबर, 2025)

### गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)



1. गुरुद्वारा बेर साहिब (छावनी बुड्ढा दल) तलवंडी साबो
2. बठिंडा
3. बरनाला
4. संगरूर
5. पटियाला
6. राजपुरा
7. बनूड़
8. साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर
9. कुराली
10. रूपनगर
11. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – संगरूर (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 - साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (21 नवंबर, 2025)

## श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण

### 23 नवंबर, 2025

- आरंभ श्री अखंड पाठ साहिब
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन
- सर्व धर्म सम्मेलन
- विरासत-ए-खालसा, भाई जैता जी मेमोरियल और पंज प्यारा पार्क का गाइडेड टूर
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 24 नवंबर, 2025

- शीश भेंट नगर कीर्तन (कीरतपुर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब)
- श्री आनंदपुर साहिब में हैरिटेज वॉक
- श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग़ बहादुर जी को समर्पित विशेष विधानसभा सत्र
- ढाडी, कविशर दरबार
- गुरु साहिब के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित नाटक/पाठ/कविता
- गतका और अन्य कार्यक्रम
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 25 नवंबर, 2025

- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो

धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के संरक्षक, करुणा, त्याग और साहस के प्रतीक नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए एक प्रकाश-स्तंभ बने हुए हैं। आइए, अपने परिवारों सहित इस पवित्र धरती पर श्रद्धा से नतमस्तक होकर इन दिव्य आयोजनों का हिस्सा बनें।

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

देशभर में नई श्रम संहिताएं लागू सामाजिक न्याय की सुरक्षा दी

# केंद्र सरकार ने श्रमिकों को सम्मान, सुरक्षा और अधिकार की गारंटी दी

## केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मांडविया ने दी जानकारी

## कार्यबल के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का असाधारण निर्णय बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को बताया कि मोदी सरकार की गारंटी अब देश के हर श्रमिक के सम्मान और अधिकारों को सुनिश्चित करने के रूप में सामने आई है। उन्होंने बताया कि देशभर में नए श्रम संहिताओं को लागू कर दिया गया है, जो श्रमिकों के जीवन, समृद्धि और सुरक्षा को मजबूत आधार प्रदान करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि ये सुधार मात्र नीतिगत परिवर्तन नहीं, बल्कि कार्यबल के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाया गया असाधारण निर्णय है।



केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने केंद्र सरकार के निर्णय की जानकारी दी।

### प्रधानमंत्री ने लिखा- श्रमेव जयते

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, श्रमेव जयते, आज हमारी सरकार ने 4 श्रम संहिताओं को लागू कर दिया है। यह आज़ादी के बाद से सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम-उन्मुख सुधारों में से एक है। यह कर्मचारियों को अत्यधिक सशक्त व अनुपालन को भी सरल बनाता है और 'कारोबार में आसानी' को बढ़ावा देता है। एक अन्य पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा कि ये संहिताएं सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मजदूरी भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल और हमारे लोगों, विशेषकर नारी शक्ति और युवा शक्ति के लिए लाभकारी अवसरों के लिए एक मजबूत आधार के रूप में काम करेंगी। उन्होंने एक्स पर कहा कि यह एक भविष्य-तैयार पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेगा जो श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा और भारत की आर्थिक वृद्धि को मज़बूत करेगा।



### मांडविया ने लिखा- मोदी सरकार की गारंटीः हर श्रमिक का सम्मान

मांडविया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मोदी सरकार की गारंटीः हर श्रमिक का सम्मान। मांडविया ने कहा कि आज से देश में नई श्रम संहिताएं लागू हो गई हैं। उन्होंने बताया कि इसमें सभी कामगारों को समय से न्यूनतम वेतन की गारंटी, युवाओं को नियुक्ति पत्र की गारंटी, महिलाओं को समान वेतन और सम्मान की गारंटी, 40 करोड़ श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी, फिक्स टर्म एम्प्लॉइज को एक साल बाद ग्रेच्युटी की गारंटी, 40 साल से अधिक आयु वाले श्रमिकों को सालाना मुफ्त हेल्थ चेक-अप की गारंटी, ओवरटाइम करने पर दोगने वेतन की गारंटी, जोखिम-भरे क्षेत्रों के कामगारों को 100 फीसदी हेल्थ सिक्योरिटी की गारंटी और इंटरनेशनल मानकों के मुताबिक श्रमिकों को सामाजिक न्याय की गारंटी मिलेगी।

### ये आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम

उन्होंने आगे कहा कि यह सुधार सिर्फ बदलाव भर नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा श्रमवीरों के कल्याण के लिए लिया गया एक ऐतिहासिक निर्णय है। ये नए श्रम सुधार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को नई गति प्रदान करेंगे।

### मंत्रालय ने लेबर लैंडस्केप में एक बड़ा बदलाव कहा

मिनिस्ट्री ऑफ लेबर एंड एम्प्लॉयमेंट ने एक्स पोस्ट में लिखा, भारत के लेबर लैंडस्केप में एक बड़ा बदलाव। सरकार ने चार लेबर कोड लागू किए हैं जो 29 कानूनों को एक आसान, ट्रांसपेरेंट और भविष्य के लिए तैयार फ्रेमवर्क में जोड़ते हैं, जिससे वर्कर्स को मजबूती मिलती है और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।

## खबर संक्षेप

### बंगाल में लगे भूकंप के तेज झटके

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में शुक्रवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस हुए हैं, इसकी तीव्रता 5.6 दर्ज की गई है। भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के दुंगी में था, लेकिन झटके कोलकाता तक महसूस किए गए। सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर भूकंप के झटके लगे और लोग डरे-सहमे घर से बाहर निकले। किसी नुकसान की खबर नहीं है।



### बिहार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**पटना।** बिहार में बेहद खराब चुनावी प्रदर्शन के बाद बिहार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सरवत जहां फातमा ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने वजह बताई है कि टिकटों के बंटवारे में उनकी अनदेखी की गई। फातमा ने नेतृत्व और बिहार कांग्रेस के बड़े नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



### महाराष्ट्र में बच्ची ने छत से कूदकर दी जान

**जालना।** महाराष्ट्र के जालना में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सीटीएमके गुजराती विद्यालय में पढ़ने वाली 13 वर्षीय 8वीं की छात्रा आरोही दीपक बिटलान ने स्कूल की छत से कूदकर जान दे दी। मृतक छात्रा के माता-पिता ने शिक्षकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने उत्पीड़न और प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं।



### अजमेर में अभिभावकों को मिल रही धमकी

**अजमेर।** प्रतिष्ठित मयूर स्कूल में बिजनेसमैन के 17 वर्षीय बेटे के साथ कथित रूप से क्लासमेट्स द्वारा दो बार मारपीट और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। परिजनों का दावा है 3 वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें आरोपी पीटते, उठक-बैठक करा माफी को मजबूर करते दिखाई दे रहे हैं।



बंगाल की मुख्यमंत्री के ईसी को पत्र पर बोले विपक्ष के नेता सुवेंदु

एसआईआर प्रक्रिया पर बंगाल में बवाल मचा

# ममता के चुनाव आयोग को पत्र का मकसद केवल लोगों में भ्रम फैलाना


## बंगाल की सरकार गैरकानूनी और अयोग्य मतदाताओं को बचा रही

एजेंसी ▶▶ कोलकाता/नई दिल्ली

**भाजपा ने सीएम ममता पर लगाया बड़ा आरोप**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने एसआईआर को लेकर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की ओर से चुनाव आयोग को भेजे गए पत्र के जवाब में चुनाव आयोग को अपना पत्र सौंपा है। गुरुवार को लिखे अपने इस पत्र में अधिकारी ने आरोप लगाया कि ममता का संदेश चुनाव आयोग के सांविधानिक अधिकार को कमजोर करने की सोची-समझी कोशिश है। उन्होंने दावा किया कि इस पत्र का मकसद चुनाव अधिकारियों के बीच भ्रम फैलाना और उन मतदाताओं को बचाना है जिन्हें वे गैरकानूनी और अयोग्य बता रहे हैं। अधिकारी ने लिखा कि मुख्यमंत्री का पत्र एसआईआर प्रक्रिया पर रचनात्मक सुझाव देने के बजाए चुनाव आयोग की सांविधानिक भूमिका को चुनौती देने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम चुनाव अधिकारियों के बीच मतभेद पैदा करने और ऐसे वोट बैंक को बचाने की कोशिश है, जिसमें 'अयोग्य और अवैध तत्व' शामिल हैं, जिन्हें उनकी पार्टी वर्षों से चुनावी फायदा उठाने के लिए बढ़ावा देती रही है। अधिकारी ने कहा कि यह केवल प्रशासनिक मुद्दा नहीं है, बल्कि देश के लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर सीधा हमला है।

### अवैध वोट बैंक को बचाने की कोशिश हो रही



बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी

भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता पर निर्वाचन आयोग को 'कमजोर' करने और 'एक अवैध वोट बैंक को बचाने' की कोशिश करने का आरोप लगाया, जिसे उनकी पार्टी ने 'वर्षों तक पोषित' किया।

### शक्तियों के विभाजन के सिद्धांतों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने मजबूत बनायाः राज्यपाल



राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का वह हालिया आदेश भारतीय संविधान में शक्तियों के विभाजन के सिद्धांत को और मजबूत करता है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि अदालतें राष्ट्रपति और राज्यपालों को किसी विधेयक पर हस्ताक्षर करने के लिए समय सीमा तय नहीं कर सकतीं।

एसआईआर की समीक्षा होगीः ममता

### चुनाव आयोग को फिर लिखा पत्र

टीएमसी 24 नवंबर को एक आंतरिक बैठक करेगी, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के महासचिव अभिषेक बेनर्जी करेंगे। इस बैठक का मकसद एसआईआर की समीक्षा और यह सुनिश्चित करना होगा कि सूची में कोई भी नाम छूट न जाए। पार्टी 25 नवंबर को एसआईआर के खिलाफ रैली भी आयोजित कर सकती है। ममता ने एसआईआर पर गंभीर चिंता जताई है और ईसी से दखल देने की अपील की है। उन्होंने पुराने पत्र को भी एक्स पर साझा किया।उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया को 'योजना विहीन, अव्यवस्थित और खतरनाक' बताया।



**बीएलओ को ऑनलाइन डेटा भरने में दिक्कतें आ रहीं**

ममता ने बताया कि बीएलओ भारी दबाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने ऑनलाइन डाटा भरने में दिक्कतें आ रही हैं, सर्वर ठीक से काम नहीं कर रहा और प्रशिक्षण भी पर्याप्त नहीं दिया गया। जिम्मेदारी, कम समय, तकनीकी दिक्कतों से मतदाता डेटा गलत होने का खतरा बढ़ गया है।

ईसी ने शुरू की चुनाव की तैयारी

### अब ईवीएम पर दिखेगी उम्मीदवार की तस्वीर

बंगाल में एसआईआर के बीच चुनाव आयोग ने राज्य में चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आयोग ने ईवीएम की जांच और मतदान अभ्यास शुरू करने का कार्यक्रम तय किया है। उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कई प्रथम स्तर की जांच टीम के सदस्यों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने जारी एसआईआर, ईवीएम और वीवीपीएटी की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। राज्य चुनाव आयुक्त के पास सभी मशीनों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने नए नियम लागू किया है कि इस बार प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार की तस्वीर भी दिखाई जाएगी।

एसआईआर में गफलत

### ईसी ने 7 बीएलओ को भेजा कारण बताओ नोटिस



ईसीआई ने कोलकाता के बेलियाघाटा निर्वाचन क्षेत्र के 7 बीएलओ को एसआईआर के गणना प्रपत्र के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में खामियों का हवाला देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी ने जानकारी दी है।

बिहार में मंत्रियों को मिले विभाग

# सीएम नीतीश से गृह विभाग उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को दिया



सीएम नीतीश कुमार



उपमुख्यमंत्री सम्राट

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के मंत्रियों के विभाग का बंटवारा हो गया है। हालांकि राजभवन से सूची जारी नहीं हुई। मुख्यमंत्री सचिवालय से भी नहीं पुष्टि हुई। भाजपा की इच्छा लंबे समय से गृह विभाग रखने की थी। भाजपा और छोटे दलों की व सूची में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। सीएम के पास अन्य बड़े विभाग होंगे।

### पूरे दिन किया गया मंथन

शुक्रवार को पूरे दिन एनडीए के नेताओं के साथ सीएम नीतीश ने मंथन किया। इसके बाद सम्राट ने भाजपा के मंत्रियों के विभागों की लिस्ट सीएम नीतीश को सौंपी। कुछ विभागों पर पेंच फंसा था लेकिन अंततः सीएम नीतीश ने विभाग आवंटन पर मुहर लगा दी। प कहा जा रहा है कि भाजपा से राजभवन के बीच भाजपा और तीनों छोटे दलों की सूची कहीं से लीक हो गई।

### भाजपा कोटे के मंत्री

- सम्राट चौधरी - गृह विभाग
- विजय कुमार सिन्हा - राजस्व एवं भूमि विभाग
- मंगल पांडेय - स्वास्थ्य एवं विधि विभाग
- दिलीप जायसवाल - उद्योग विभाग
- नितिन नवीन - पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग
- रामकृपाल यादव - कृषि विभाग
- संजय टाइगर - श्रम संसाधन विभाग
- अरुण शंकर प्रसाद - पर्यटन, कला संस्कृति एवं युवा विभाग
- सुरेंद्र मेहता - पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
- नारायण प्रसाद - आपदा प्रबंधन विभाग
- रमा निषाद - पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
- लखेंद्र कुमार रोशन - अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग

### विपक्षी 'सर' पर ठीकरा फोड़ रहेः चिराग

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पटना में प्रेस कांफ्रेंस की और कहा कि हम लोगों ने ईमानदारी से मंथन किया था। बिहार चुनाव से लेकर ये लोग अभी तक वोट चोरी और सर पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। विपक्ष के लोग अगर बहाना बनाना नहीं छोड़ेंगे तो ये कभी सत्ता में नहीं आएंगे। कांग्रेस और आरजेडी का पतन इनकी सोच ने किया है। पटना में चिराग पासवान ने सरकार गठन के बाद आज मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि लोजपा (रामविलास) खरमास के बाद बिहार यात्रा निकालेगी, जिसका उद्देश्य एनडीए की जीत के लिए जनता को धन्यवाद देना है।

## राष्ट्रपति ने तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना की



तिरुमाला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को तिरुमाला पहाड़ी पर स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने तिरुमाला की परंपरा का पालन करते हुए सबसे पहले श्री भू वराहस्वामी मंदिर में दर्शन किए। टीटीडी के अध्यक्ष बीआर नायडू, कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार सिंघल और अन्य अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

### पंचमहल में घर में आग लगने से 4 लोगों की मौत



**पंचमहल।** गुजरात के पंचमहल के गंगोत्री नगर में एक घर में आग लगने से 4लोगों की मौत हो गई। गोदरा के सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी संदीप शर्मा ने कहा, शुकरवार सुबह घर में आग लग गई। 4 लोगों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। जांच करने पर पता चला कि सभी की मौत हो चुकी थी।

बढ़ते प्रदूषण को लेकर सरकार का बड़ा फैसला

कोर्ट की टिप्पणी के बाद उठाया कदम

# दिल्ली में हवा गंभीर, स्कूलों में सभी ऑउटडोर एक्टिविटीज पर 'पाबंदी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का कहर जारी है। कई इलाकों में एक्यूआई400 के पार है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी में रखा जाता है। बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे गंभीर असर को देखते हुए दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। यहां के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में शारीरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं और आउटडोर खेल गतिविधियों को स्थगित करने के आदेश जारी किए गए हैं। बैठक में स्कूली शिक्षा विभाग, युवा मामले एवं खेल विभाग तथा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों ने एकमत होकर बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी आउटडोर खेल गतिविधियां फिलहाल रोकने का निर्णय लिया।



कार्यक्रम का उदघाटन करतीं सीएम रेखा

### अदालत ने जताई थी चिंता

यह कदम सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों के बाद उठाया गया है। कोर्ट ने खतरनाक वायु गुणवत्ता के दौरान बच्चों को मैदान में उतारने के जोखिम पर कड़ी चिंता जताई थी। शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जब तक प्रदूषण का स्तर बेहद गंभीर या आपातकालीन श्रेणी में रहेगा, तब तक कोई भी स्कूल आउटडोर खेल आयोजन नहीं करेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

संजौली में गरजे हिंदू संगठन, की नारेबाजी

# मांगों पर प्रशासन के आश्वासन के बाद आमरण अनशन खत्म

एजेंसी ▶▶ शिमला

संजौली में विवादित मस्जिद का विवाद थम नहीं रहा। शुक्रवार को देवभूमि संघर्ष समिति के आह्वान पर हिंदू संगठनों पदाधिकारियों ने संजौली में जमकर नारेबाजी की। मांगों को लेकर दोपहर प्रशासन व समिति पदाधिकारियों के बीच बैठक हुई। इसमें प्रशासन ने समिति की मांगों पर सहमति जताई। बैठक में प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने के साथ विवादित ढांचे की बिजली काटने पर सहमति बनी। अब प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि इस पूरे मामले को लेकर एक संयुक्त कमेटी बनाई जाएगी। मामले में अगली बैठक 29 नवंबर को होनी है। मांगों को लेकर समिति के पदाधिकारी पिछले तीन दिन से आमरण अनशन पर बैठे रहे। प्रशासन के आश्वासन के बाद समिति ने शुक्रवार दोपहर आमरण अनशन खत्म कर दिया।

### एफआईआर होगी वापस



संजौली मस्जिद

### चक्काजाम किया

कुछ हिंदू संगठन कार्यकर्ता शुक्रवार को ही बिजली-पानी कनेक्शन काटने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान जमकर नारेबाजी हुई। करीब 10 मिनट तक चक्काजाम भी हुआ। लोगों ने कहा कि जब तक विवादित ढांचे की बिजली-पानी काटने के आदेश नहीं होते, तब तक धरना खत्म नहीं होगा। इसके बाद काफी देर तक जमकर नारेबाजी होती रही। इसके बाद लोग धरना स्थल से लौट गए। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की थी। प्रदर्शन स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए।

## अयोध्या में ध्वजारोहण की तैयारी तेज और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

25 को पीएम मोदी करेंगे 'ध्वजारोहण'

# मंदिर निकास मार्ग का नामकरण 'सुग्रीव पथ' किया

## लोक निर्माण विभाग ने ध्वजारोहण समारोह से पहले लगाया सफाई का बोर्ड

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यहां राम मंदिर परिसर के शिखर पर 'ध्वजारोहण' के कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सफाई से लेकर सुरक्षा के खास बंदोबस्त किए गए हैं। 25 नवंबर को लगभग चार घंटे चलने वाले कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई बड़े नेता शामिल होंगे। अयोध्या में तैयारियों के बीच राम जन्मभूमि परिसर के निकास मार्ग पर 'सुग्रीव पथ' नाम का साइनबोर्ड लगाया गया है।नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि शुक्रवार को स्वच्छता रैली निकाली गई।वहीं, प्रधानमंत्री मोदी के 25 नवंबर को अयोध्या के दौरे से पहले भारत-नेपाल बॉर्डर तक सुरक्षा काफी कड़ी कर दी गई है।

### एसएसबी के साथ, लोकल पुलिस कड़ी निगरानी कर रही



राम मंदिर

महाराजगंज के एसपी सोमेंद्र मीणा ने कहा कि पूरे बॉर्डर एरिया में अलर्ट जारी कर दिया गया है और सभी बॉर्डर गांवों में लोकल कमेटियों की मीटिंग्स ऑर्गनाइज की गई हैं। सभी फुटपाथों पर चेकपॉइंट्स बनाए गए हैं और एसएसबी के साथ, लोकल पुलिस लगातार बॉर्डर पर कड़ी निगरानी रख रही है।

**होटल, सराय समेत हर जगह चेकिंग की**

उन्होंने बताया कि होटल, सराय और सड़क किनारे खाने की जगहों की चेकिंग की जा रही है। सभी जगहों पर चेकपॉइंट्स लगाए गए हैं। सुरक्षा के तौर पर फुटपाथ बनाए गए हैं।

### कार्यक्रम से पहले खास सफाई अभियान चलाया जा रहा

लोक निर्माण विभाग ने ध्वजारोहण समारोह से पहले यह बोर्ड लगाया। अयोध्या नगर निगम ने 'ध्वजारोहण' कार्यक्रम से पहले खास सफाई अभियान चलाया। मेयर गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेजों के स्टूडेंट्स को इकट्ठा किया है और आज हम एक सफाई रैली निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में अभी स्वच्छता और उत्सव का वातावरण है। लोग स्वच्छता के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। मेयर ने लोगों से अपील की कि वे अपने घर, अपने आसपास और अपने पर्यावरण को अच्छा रखें।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



- बड़ी संख्या में लोग दुबई एयर शो देखने आए थे
- अचानक उठते धुएं के कारण अफरा-तफरी का माहौल बन गया
- कार्यक्रम दोबारा शुरू होगा या नहीं, इस पर अभी स्पष्ट जानकारी नहीं
- दुर्घटना वाले क्षेत्र को तुरंत सील कर दिया और सभी उड़ान कार्यक्रम अस्थायी रूप से रोके

### यह एयर शो 17 से 21 नवंबर तक दुबई वर्ल्ड सेंट्रल में आयोजित हो रहा था

## दुबई एयर शो में भारतीय फाइटर जेट तेजस क्रैश, हादसे में पायलट की मौत

# तेजस अचानक बेकाबू हुआ, जमीन से टकराते ही जोरदार 'धमाका' हुआ

एजेंसी ▸▸ दुबई

दुबई एयर शो में प्रदर्शन के दौरान भारतीय तेजस एम के-1 लड़ाकू विमान शुक्रवार को क्रैश हो गया। वायु सेना ने बताया कि इस हादसे में पायलट की मौत हो गई है। यह हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.10 बजे हुआ। वहीं, भारतीय समयानुसार हादसा दोपहर 3.49 बजे हुआ। वायुसेना के मुताबिक तभी अचानक विमान अनियंत्रित हो गया और नीचे गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

**आयोजन में 148,000 ट्रेड विजिटर्स और 115 देशों से आए 490 सैन्य और नागरिक प्रतिनिधिमंडल भाग ले रहे**

### इस बार 200 से अधिक विमानों का रिकॉर्ड प्रदर्शन

यह दुबई एयर शो का 19वां संस्करण है। इस बार 200 से अधिक विमानों का रिकॉर्ड प्रदर्शन किया जा रहा। इसमें कमर्शियल, मिलिट्री, प्राइवेट जेट, यूएवी और नई पीढ़ी की एयरोस्पेस तकनीकें शामिल हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा फ्लाइंग और स्टैटिक डिस्प्ले है।

3

जमीन पर तेज धमाका

2

आसमान में धुआं

1

उड़ान भरता तेजस

### तेजस के बारे में जानें

- तेजस एम के-1 लड़ाकू विमान पूरी तरह भारत में निर्मित एक आधुनिक फाइटर जेट
- तेजस को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने विकसित किया
- तेजस 4.5 जनरेशन श्रेणी का विमान
- यह ध्वनि की गति से भी तेज उड़ सकता है

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजधानी के गोविंदपुरा में किया तीन दिवसीय फेड एक्सपो-2025 का शुभारंभ

# प्रदेश में 1000 इन्क्यूबेशन सेंटर बनेंगे इपिक प्रोजेक्ट में '10 लाख' नौकरियां



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

**सीएम ने कहा कि** मप्र उद्योगों के लिए पसंदीदा राज्य, एक्सपो उद्योगों को दुनिया से जोड़ने में सहायक

*भोपाल की आबो-हवा और यहां की तासीर से मिलते-जुलते रूस के सांस्कृतिक शहर स्मोलेन्स्क को हम ट्विन सिटी (सिस्टर्स सिटीज) बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र उद्योगों के लिए तेजी से उभरता हुआ पसंदीदा राज्य बन रहा है। फेड एक्सपो जैसे आयोजन स्थानीय उद्योगों और स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच से जोड़ने में बड़ी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे एक्स्पो उद्योग-धंधों, नवाचार और एमएसएमई सेक्टर के विकास के लिए एक बड़ा मंच साबित होते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को गोविंदपुरा में आयोजित फेड एक्सपो-2025 समारोह में बोल रहे थे। एक्सपो 23 नवंबर तक चलेगा।

**एक्सपो में रूस ओमान और ताईवान देशों से भी उद्यमी आए**


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदर्शनी के विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन करते हुए

- इंडस्ट्री, नवाचार और एमएसएमई सेक्टर के लिए एक्सपो बड़ा मंच
- भोपाल और स्मोलेन्स्क को बनाएंगे ट्विन सिटी
- दो लाख करोड़ की औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन के लिए केंद्रीय गृहमंत्री को दिया।

### उद्योगपतियों और निवेशकों को 5000 एकड़ जमीन दी गई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत दुनिया में अपनी विशेष पहचान बना रहा है। प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए उद्योगपतियों और निवेशकों को 5000 एकड़ जमीन दी गई है। ।

### सभी औद्योगिक फेडरेशनों के अधिकारियों के सुझाव लिए जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 4 दशकों में व्यापार-व्यवसाय की संभावनाओं को देखा जाए, तो इसमें मप्र फेडरेशन ऑफ चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की भूमिका बड़ी अहम रही है। राज्य सरकार नया मध्यप्रदेश गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी कोशिश है कि गरीबों की गरीबी दूर हो और युवाओं को रोजगार मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र अन्न का भंडार है।

## खनिज कारोबारी के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की दबिश

### मां-बेटे से ठगे 35 करोड़, रिटर्न के नाम पर थमा दिया बोगस चेक

- *सर्चिंग में 5 राउंड कारतूस, 22 से ज्यादा चेकबुक मिलीं*
- *10 रुपए के शेयर को 12 हजार रुपए में बेचा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश की आर्थिक अपराध शाखा ने भोपाल के कारोबारी दिलीप गुप्ता के दफ्तर और घर पर छापे मारे हैं। दो अलग-अलग टीमें शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एमपी नगर जोन 2 में ऑफिस और चूना भट्टी में गुप्ता के घर पर पहुंची। उनके ऑफिस से 5 राउंड कारतूस और एक दर्जन चेकबुक और चेक जब्त किए गए हैं।


**दो बैंकों से लोन लेकर निवेश किया**

भोपाल निवासी विनीत जैन और उनकी मां लता जैन ने ईओडब्ल्यू से मामले की शिकायत की थी।

## अल-फलाह यूनि. के संस्थापक को राहत

### हाईकोर्ट ने महू में घर गिराने पर 15 दिन की 'रोक' लगाई

**महू कैंट ने 3 दिन में मकान ढहाने का दिया था नोटिस**



पैतृक मकान जिस पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

देश में आतंकवाद का केंद्र बनकर सामने आई फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक एवं अल-फलाह ग्रुप के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी के पिता हम्माद अहमद के महू स्थित पैतृक मकान पर जारी तोड़फोड़ नोटिस के खिलाफ दायर याचिका पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई की। (

**पहले भी जारी हुए थे नोटिस**

बागड़िया ने कहा कि इसी तरह के नोटिस वर्ष 1996 और 1997 में भी जारी किए गए थे, लेकिन न तो कब्जा हटाया गया।




## निवेश को लेकर सीएम करेंगे रोड शो, उद्योगपतियों से होगा 'संवाद'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र में बड़े औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए शनिवार 22 नवंबर को हैदराबाद में 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश' सत्र में दक्षिण भारत के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ संवाद करेंगे। यह सत्र उद्योग समूहों के लिए मप्र की नीतियों, आधारभूत संरचना और निवेश के अवसरों को जानने का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। मुख्यमंत्री हैदराबाद में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश में निवेश विस्तार, नई इकाइयों की स्थापना और विभिन्न सेक्टरों में दी जा रही सुविधाओं पर संवाद करेंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्रीनको मुख्यालय का भ्रमण करेंगे। साथ ही ग्रीनको समूह के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक भी होगी, जिसमें ऊर्जा क्षेत्र में संभावित सहयोग और बड़े पैमाने के औद्योगिक निवेश पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद द लीला होटल में आयोजित मुख्य सत्र में वे उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन चर्चा करेंगे, जिनमें आईटी, आईटीआईएस, ईएसडीएम, बायोटेक, मैन्युफैक्चरिंग और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में निवेश योजनाओं और आगामी प्रोजेक्ट्स पर चर्चा होगी।



### स्थाई एवं अस्थाई पट्टों का वितरण 4 जनवरी से 20 फरवरी 2026 के मध्य किया जाएगा

# नगरीय क्षेत्रों में भूमिहीन परिवारों को दिया जाएगा पट्टा, अभियान की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन और आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टाधिकार प्रदान करने के लिए 20 नवम्बर गुरूवार से व्यापक अभियान शुरू किया है। अंतिम सूची जारी होने के बाद पात्र हितग्राहियों को आवासीय भूमि के स्थाई एवं अस्थायी पट्टों का वितरण 4 जनवरी से 20 फरवरी 2026 के मध्य किया जाएगा। स्थाई पट्टे लाल रंग में और अस्थायी पट्टे पीले रंग में प्रदान किए जाएंगे। आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग संकेत भोंडवे ने बताया कि यह अभियान 13 दिसम्बर तक चलेगा।

इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राजस्व विभाग ने संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत बीएलसी और एएचपी घटकों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने वर्ष 1984 के मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधिकार) अधिनियम में संशोधन करते हुए पात्रता तिथि को 31 दिसम्बर 2020 निर्धारित किया है। इस तिथि तक सरकारी, नगर निकाय या विकास प्राधिकरण की भूमि पर वास्तविक रूप से काबिज ऐसे आवासहीन परिवार पट्टाधिकार प्राप्त करने के पात्र होंगे।

### सुझाव के बाद 29 दिसम्बर को अंतिम सूची जारी की जाएगी

*राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य 20 नवम्बर से 13 दिसम्बर तक चलेगा। सूची 14 दिसम्बर को प्रकाशित की जाएगी। किसी भी आपत्ति या सुझाव के निराकरण के बाद 29 दिसम्बर को अंतिम सूची संबंधित जिला कलेक्टर की ओर से जारी की जाएगी। यह सूची संबंधित जिला कार्यालय की वेबसाइट और विभागीय वेबसाइट www.mpurban.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी। प्रत्येक जिले में सर्वेक्षण दल गठित किए जाएंगे, जिनमें राजस्व अधिकारी प्रमुख होंगे और सर्वेक्षण के दौरान आधार ई केवायसी आधारित समग्र आईडी अनिवार्य रहेगी। नगरीय विकास आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि सर्वेक्षण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित की जाएगी। जिन क्षेत्रों में झुग्गी बस्तियों का अन्यत्र पुनर्व्यवस्थापन आवश्यक है, वहां समिति के निर्णय के अनुसार हितग्राहियों को वैकल्पिक स्थान पर व्यवस्थित किया जाएगा।*

### धोखाधड़ी या गलत जानकारी के आधार पर पट्टा प्राप्त करने पर होगी कार्रवाई

स्थाई रूप से पट्टा प्राप्त क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, नालियां, बिजली और अन्य आवश्यक अधोसंरचना का विकास नगरीय निकाय एवं विकास प्राधिकरणों द्वारा प्राथमिकता से किया जाएगा। राज्य शासन ने पट्टा वितरण की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और जन-जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। अवैध अधिपत्य, धोखाधड़ी या गलत जानकारी के आधार पर पट्टा प्राप्त करने जैसे मामलों में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर ब्लैकलिस्ट तैयार की जाएगी। राज्य सरकार का यह अभियान शहरी गरीबों को सुरक्षित आवासीय अधिकार प्रदान करने, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के सुचारू क्रियान्वयन और सबके लिए आवास के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार का यह प्रयास शहरी गरीबों के लिए स्थायी समाधान प्रदान करने वाला है।

## राज्य आनंद संस्थान देगा सरकारी और गैर सरकारी कर्मचारियों को ऑनलाइन ट्रेनिंग

**एक मुलाकात स्वयं के साथ विषय पर 24 से 28 नवंबर तक होगा प्रशिक्षण, रोज डेढ घंटे चलेगा कार्यक्रम**


फाइल फोटो

**भोपाल।** प्रदेश में आनंद का प्रसार बढ़ाने की दिशा में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा बनाया गया राज्य आनंद संस्थान 24 से 28 नवंबर तक प्रदेश के सरकारी और गैर-सरकारी कर्मचारियों को अल्पविराम कार्यक्रम के तहत आनलाइन ट्रेनिंग देगा। पूरी तरह से निःशुल्क उक्त कार्यक्रम के लिए कई सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने पंजीकरण करवाए हैं, लेकिन इनमें सबसे अधिक स्कूली शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने रुचि दिखाई है।

उक्त कार्यक्रम के लिए 60 लोगों के पंजीकरण होना हैं जिनमें अब तक 19 पंजीयन स्कूल शिक्षा विभाग के हैं। जबकि आदिम जाति कल्याण, किसान कल्याण विभाग, पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग से एक-एक व्यक्ति ने पंजीयन करवाया है। राज्य आनंद संस्थान के जिला संपर्क व्यक्ति मुकेश बिले ने बताया कि दौडती-भागती जिंदगी के बीच खुद को कैसे शांत करें और प्रसन्न रहें को देखते हुए एक मुलाकात स्वयं के साथ विषय पर आनलाइन ट्रेनिंग होगी।

### अब तक 53 पंजीयन, 21 सामान्य लोग भी

विभिन्न सरकारी विभागों के अलावा उक्त कार्यक्रम के लिए 21 सामान्य लोगों ने भी पंजीयन करवाया है। अब तक 53 पंजीयन हो चुके हैं, जिनमें सबसे अधिक स्कूल शिक्षा विभाग से हैं। भोपाल, रायसेन, खरगौन, उज्जैन, जबलपुर, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, खंडवा, सतना, सीहोर, छतरपुर, भिंड, विदिशा, डिडौरी, शिवपुरी आदि शहरों से लोगों ने पंजीकरण किए हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सिवनी-बालाघाट जिले में एसआईआर को लेकर की बैठकें

# लोकतंत्र की मजबूती का सबसे प्रभावी साधन है एसआईआर: हेमंत खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


बैठक में शामिल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरूवार को सिवनी एवं बालाघाट जिला कार्यालय में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को बैठकें की। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि एसआईआर लोकतंत्र की मजबूती का सबसे प्रभावी साधन है। बीएलए-1 और बीएलए-2 भाजपा की चुनावी प्रक्रिया की रीढ़ हैं।

एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक और संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसका अनुपालन हर सरकार, चाहे किसी भी दल की हो, अनिवार्य रूप से करती है। यह केवल एक प्रशासनिक गतिविधि न होकर, लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए कार्यकर्ताओं को पूर्ण समर्पण एवं प्रतिबद्धता के साथ इस कार्य में जुटना है।

### सत्ता पाने के लिए एक परिवार ने कांग्रेस का राजनीतिक उपयोग किया

*खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस कोई पार्टी नहीं थी। अंग्रेजों का बनाया संगठन है। आजादी के आंदोलन के समय इस संगठन का उपयोग देश को आजाद कराने के लिए किया गया। देश को आजाद कराने वाले सभी विचारधारा के लोग इसमें शामिल रहे, लेकिन देश के आजाद होने के बाद एक परिवार ने अपने राजनीतिक लाभ और सत्ता प्राप्त करने के लिए इसका राजनीतिक उपयोग किया। कांग्रेस पार्टी पर आजादी के बाद से आज तक एक ही परिवार का कब्जा है, जबकि भाजपा एक विचारधारा वाला दल है। खण्डेलवाल ने सिवनी से कांग्रेस नेता संजय भारद्वाज को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने संजय भारद्वाज को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और कहा कि भाजपा सभी समाज वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। भारद्वाज भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी के सदस्य बने हैं।*

**प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ता बैठक एवं विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल**

बालाघाट में कोर ग्रुप की बैठक के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने शहीद इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने श्याम बिहारी वर्मा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित 'स्वदेशी मेला' में शामिल हुए। सांसद डॉ. भारती पारधी से उनके निवास पर भेंट की एवं जिला अध्यक्ष रामकिशोर कांवरे के निवास पहुंचकर उनके पिता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वीर सपूत आशीष शर्मा को अर्पित की श्रद्धांजलि

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने गुरूवार को नरसिंहपुर पहुंचकर बालाघाट में पदस्थ हाकफोर्स के निरीक्षक व मध्यप्रदेश के वीर सपूत आशीष शर्मा के पार्थिव देह के अंतिम दर्शन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।


श्रद्धांजलि अर्पित करते खंडेलवाल।


### फ्यूचर-रेडी इनोवेशन से मप्र बन रहा विश्व स्तरीय कंपनियों का प्रमुख निवेश केंद्र

# बैंगलुरू टेक समिट में प्रदर्शित हुआ टियर-2 टेक्नोलॉजी इको सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य सरकार ने बेंगलुरु इंटरनेशनल एग्जीबिशन सेंटर (बीआईईसी) में आयोजित बेंगलुरु टेक समिट (बीटीसी) 2025 में उल्लेखनीय भागीदारी दर्ज की है। बीटीसी- 2025 में विशेष प्रदर्शनी मंडप से राज्य की तेजी से विकसित होती टेक्नोलजी ईकोसिस्टम और भारत के प्रमुख टियर-2 इनोवेशन हब के रूप में मप्र की स्थिति को प्रभावशाली रूप से प्रदर्शित किया गया।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने मप्र मंडप हॉल 3, बूथ एचएस 17 में स्थापित किया। मंडप में प्रदेश की समग्र नीति व्यवस्था को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। मंडप ने वैश्विक कंपनियों, टेक्नोलॉजी लीडर्स और तेजी से बढ़ते स्टार्टअप्स का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। प्रदर्शनी में पहुंचे उद्योग प्रतिनिधियों ने राज्य में निवेश अवसरों का आंकलन किया और भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश में नए अवसरों पर विचार विमर्श किया।



### मप्र भारत का अग्रणी टेक्नोलॉजी हब

मंडप में प्रमुख रूप से ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी 2025, ड्रोन प्रमोशन और उपयोग पॉलिसी 2025, एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी 2025, सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2025 और आईटी, आईटीईएस एंड ईएसडीएम निवेश संवर्धन पॉलिसी 2023 प्रदर्शित की गई। इन नीतियों का उद्देश्य राज्य को सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं, ईएसडीएम और सेमीकंडक्टर निर्माण, डेटा सेंटर,जीसीसी, एवीजीसी-एक्सआर स्टूडियोज और ड्रोन तकनीक के लिए एक प्रमुख और आकर्षक निवेश केंद्र बनाना है। इन प्रगतिशील नीतियो की सहायता और मिशन-आधारित प्रशासनिक दृष्टिकोण से मध्यप्रदेश भारत का अग्रणी टेक्नोलॉजी हब बन रहा है।



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025



## खबर संक्षेप

### जेईई में कैलकुलेटर पूरी तरह प्रतिबंधित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन 2026) के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा तिथियां किसी अन्य प्रतियोगी परीक्षा से टकराती है तो एनटीए परीक्षा तिथि या पाली में कोई परिवर्तन नहीं करेगा। एजेंसी ने साफ किया कि तय की गई तारीखें और स्लॉट कंप्यूटर द्वारा रैंडम तरीके से आवंटित होते हैं और इन्हें बदला नहीं जा सकता। एनटीए ने स्पष्ट किया परीक्षा के दौरान कैलकुलेटर उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।

### मनरेगा के 99.67 प्रतिशत श्रमिक आधार से जुड़े



**नई दिल्ली।** ग्रामीण विकास मंत्रालय महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतत प्रयासरत है। ताकि ग्रामीण परिवार इस अधिनियम के प्रावधानों का लाभ प्राप्त कर सकें। मनरेगा का दायरा बहुत बड़ा है। इसमें देश भर के 2.69 लाख ग्राम पंचायतों में 26 करोड़ से अधिक पंजीकृत श्रमिक हैं।

चूँकि 99.67 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों के आधार पहले से ही जोड़े जा चुके हैं, इसलिए ई-केवाईसी जॉब कार्ड सत्यापन का सरल, विश्वसनीय, सटीक और प्रभावी तरीका हो सकता है। ई-केवाईसी प्रक्रिया के दौरान ग्राम रोजगार सहायक/कार्यस्थल पर्यवेक्षक/मेट/अन्य ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी, एनएमएमएस ऐप के ई-केवाईसी फीचर के माध्यम से मनरेगा श्रमिक की तस्वीर लेते हैं।

---

**इस फॉर्मूले का क्या होगा?** ढाई साल सिद्धारमैया व ढाई साल डीके शिवकुमार के लिए तय की गई थी कुर्सी

**कर्नाटक में सीएम की कुर्सी को लेकर बढ़ गई तकरार...दोनों गुटों के विधायकों का दिल्ली कूच**

# सिद्धारमैया पद छोड़ने को नहीं तैयार पर डीके शिवकुमार हैं बेहद बेकरार

*कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर उठ रहा राजनीतिक विवाद फिलहाल पार्टी के भीतर अनुशासन लागू करने के फैसले के साथ शांत करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन आने वाले महीनों में पार्टी नेतृत्व के फैसलों और विधायकों के व्यवहार से यह स्पष्ट हो जाएगा कि कर्नाटक में सत्ता संतुलन किस दिशा में आगे बढ़ता है*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के भीतर नेतृत्व को लेकर उठ रही चर्चाओं ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। इसी बीच, एआईसीसी ने राज्य के विधायकों और नेताओं को सख्त चेतावनी जारी की है कि वे नेतृत्व से जुड़े किसी भी मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बयान न दें। यह कदम उस समय उठाया गया है जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के ढाई साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है।

एआईसीसी महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी ने सभी विधायकों को निर्देश दिए हैं कि वे मीडिया में नेतृत्व से जुड़े मुद्दों पर अनावश्यक बयानबाजी न करें। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं की ओर से दिए जा रहे बेवजह बयानों से भ्रम और सियासी अटकलें बढ़ी हैं, जिससे पार्टी और सरकार दोनों की छवि प्रभावित हो रही है। सुरजेवाला की चेतावनी उस समय आई जब एक मंत्री और शिवकुमार समर्थक कई विधायक गुरुवार को दिल्ली में कांग्रेस हाईकमान से मिलने पहुंचे।

**सिद्धारमैया बोले- मैं ही अगला बजट पेश करूंगा**



फाइल फोटो

**शिवकुमार गुट के विधायकों के शक्ति प्रदर्शन पर कांग्रेस सख्त, सुरजेवाला बोले अनावश्यक बयान न दें**

### रोटेशनल फॉर्मूले पर अब भी सस्पेंस

मई 2023 में विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर सिद्धारमैया और शिवकुमार में कड़ी टक्कर थी। तब यह खबरें चली थीं कि पार्टी ने एक रोटेशन फॉर्मूला तय किया है, जिसके तहत ढाई साल बाद शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालांकि, पार्टी ने इसे कभी आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं

**मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा**

### नेतृत्व परिवर्तन का फैसला हाईकमान करेगा

नेतृत्व परिवर्तन पर मंत्रियों और विधायकों को सार्वजनिक रूप से बोलने से रोकने के निर्देश पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पार्टी हाई कमांड जो भी फैसला करता है, उसे सभी को मानना होगा चाहे वह मंत्री हों या विधायक। मुझे और शिवकुमार को भी इसका पालन करना चाहिए। जब उनसे कहा गया कि शिवकुमार के भाई डी के सुरेश ने कहा था कि सिद्धारमैया कभी अपनी बात से पीछे नहीं हटते हैं। इस पर सीएम ने कहा, हां...वह सही हैं। मैं अपने बयान से कभी पीछे नहीं हटा। मैंने चुनाव से पहले की सभी पांच गारंटी पूरी कीं जिनका मैंने वादा किया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह शिवकुमार को सत्ता सौंपने पर भी लागू होता है।

**डीके शिवकुमार ने कहा**

### गुटबाजी करना मेरे खून में नहीं

राज्य में सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों पर डीके शिवकुमार ने कहा कि गुटबाजी करना मेरे खून में नहीं है। सभी 140 एमएलए मेरे एमएल हैं। मुख्यमंत्री ने तय किया कि वह सरकार, कैबिनेट में फेरबदल करेंगे। इसलिए वे सभी मंत्री बनने में दिलचस्पी रखते हैं। यह स्वाभाविक है कि वे दिल्ली जाकर नेताओं से मिलेंगे। इसके अलावा मैं क्या कह सकता हूं? उन्हें पूरा अधिकार है। मैं किसी को नहीं ले गया। उनमें से कुछ लोग खरगे साहब से भी मिले। क्या गलत है? यह उनकी जिदगी है। किसी ने उन्हें बुलाया नहीं है, वे अपनी मर्जी से जा रहे हैं और अपना चेहरा दिखा रहे हैं। वे अपनी मौजूदगी दिखाना चाहते थे कि वे सबसे आगे हैं और काम कर सकते हैं और उन्हें जिम्मेदारी चाहिए।

---

**मैक्सिकन मॉडल फातिमा बॉश मिस यूनिवर्स 2025 की विजेता बनी**

## उनको भरे मंच से बेवकूफ कहा गया, वे बोलीं-किसी को यह मत कहने दो कि तुम 'कम' हो

*◆ सफाई देने मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम तक को सामने आना पड़ा*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



फातिमा बॉश

मिस यूनिवर्स 2025 के ताज पर मैक्सिको की मॉडल मिस मैक्सिको फातिमा बॉश की दावेदारी रही। टॉप 5 में जगह बनाने के बाद विजेता के रूप में फातिमा के नाम का ऐलान हुआ।

मंच पर जब उन्हें ताज पहनाया गया तो वे भावुक हो गईं। मानो यह जीत उनकी वर्षों की मेहनत, महीनों के धैर्य और डेडिकेशन का फल था। फिनाले से पहले इस महीने की शुरुआत में फातिमा को लेकर विवाद हुआ था।

उन्हें कथित तौर पर भरे मंच से बेवकूफ कहा गया। इसका फातिमा ने विरोध जताया। इस बार इस सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन थाईलैंड में हुआ। उन्हें मिस थाईलैंड के निदेशक नवात इत्साराग्रिसिल के तीखे शब्दों का सामना करना पड़ा। कथित तौर पर निदेशक ने थाईलैंड से संबंधित प्रमोशनल कंटेंट न साझा करने की वजह से सभी के सामने अपमानजनक शब्द बोलते हुए फातिमा को फटकार लगाई थी। नवात ने फातिमा को बेवकूफ कहा था। फातिमा ने कहा कि दुनिया को यह देखना चाहिए। यह मंच हमारी आवाज उठाने का है। हम मजबूत महिलाएं हैं। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम तक को प्रतिक्रिया देनी पड़ी। बाद में डायरेक्टर ने माफी मांगी। इंस्टाग्राम पर फातिमा के 2.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

### इस जवाब से जीता दिल

उनसे पूछा गया कि वह अपने टाइटल का इस्तेमाल दुनियाभर को एक सुरक्षित स्थान बनाने के लिए कैसे करेंगी? इस पर उन्होंने कहा-खुद पर विश्वास करो। आपके सपने मायने रखते हैं। आपका दिल मायने रखता है। किसी को यह मत कहने दो कि तुम कम हो, क्योंकि तुम हर चीज की हकदार हो। अपने इस जवाब से उन्होंने दिल जीत लिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केरल, यूपी समेत कई राज्यों में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करने की सहमति दी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने विभिन्न राज्यों में सर की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली नेताओं की नई याचिकाओं पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा है।

---

## महाकाल लोक के बाद अब उज्जैन में बनेगा 'शनि लोक'

**उज्जैन।** विकास यात्रा में अब उज्जैन एक और भव्य धार्मिक स्थल का साक्षी बनने जा रहा है। महाकाल लोक की तर्ज पर शनि लोक का भव्य निर्माण किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 140 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। यहां अति प्राचीन शनि मंदिर में शनि लोक का भव्य नजारा दिखाई देगा। यह वही स्थान है, जहां शनि महाराज शिवलिंग स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते हैं और उनके कष्ट हरते हैं। मंदिर के पुजारी राकेश बैरागी के अनुसार यह मंदिर लगभग 2000 वर्ष पुराना है। मान्यता है कि जब राजा विक्रमादित्य की साढ़ेसाती समाप्त हुई, तब शनि महाराज प्रसन्न होकर यहां प्रकट हुए और सभी ग्रहों ने एक साथ दर्शन दिए। यह देश का पहला ऐसा मंदिर माना जाता है, जहां शनिदेव शिवरूप में विराजमान हैं। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि शनि लोक निर्माण के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है और लक्ष्य है कि सिंहस्थ से पहले शनि लोक का निर्माण पूरा हो जाए।

---

**अंधविश्वास की हद :** रतलाम मेडिकल कॉलेज में 'आत्मा' लेने पहुंचे लोग

# घंटेभर पूजा की, ढोल व थाली बजाई न गार्ड ने रोका, न मेडिकल स्टाफ ने

**मेडिकल कॉलेज से इस पर कोई बयान नहीं आया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतलाम

रतलाम के मेडिकल कॉलेज में बुधवार शाम करीब 4 बजे आदिवासियों की एक टोली मृत व्यक्ति की आत्मा लेने पहुंची। ढोल और थाली बजाते महिला-पुरुष भीतर घुस गए। महिलाएं गीत गा रही थीं। एक व्यक्ति तलवार लहरा रहा था।

एक शख्स के सिर से खून बह रहा था। हाथों में पूजा की थाली और नारियल था। एक महिला सिर पर लकड़ी की टोकरी में एक पत्थर रखकर चल रही थी। अस्पताल में जिसने भी यह नजारा देखा, वहीं रुक गया। पूछने पर पता चला कि तीन महीने पहले गांव के शांतिलाल झोड़िया की मौत मेडिकल कॉलेज में हो गई थी। जिसके बाद परिजन और ग्रामीण, आदिवासी मान्यता के अनुसार उसकी आत्मा को लेने आए हैं। उसे देवता के रूप में गांव में ओटला बनाकर स्थापित करेंगे। कुछ लोगों ने इसे अंधविश्वास तो कुछ ने परंपरा कहा है।



तलवार लहराई, नाचते हुए पहुंचे। (इनसेट में) खून से रंगा शख्स

***पत्थर में आत्मा लेकर जा रहे हैं***

*झावनी झोड़िया गांव के ग्रामीण जिस मृतक की आत्मा को लेने आए थे, उसका नाम शांतिलाल झोड़िया था। कीटनाशक पीने से उसकी तीन माह पहले मौत हो गई थी। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। वे भी मेडिकल कॉलेज आए थे। मृतक की बुआ नीता झोड़िया ने बताया- मेरे भतीजे शांतिलाल की मौत हो गई थी।*

---

**प्रमोशन में आरक्षण पर हाईकोर्ट में सुनवाई**

## सपाक्स ने कहा-नई प्रमोशन पॉलिसी पर रोक लगाई जाए

**राज्य सरकार अपना पक्ष प्रस्तुत करेगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मध्य प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण जबलपुर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान सपाक्स की ओर से पेश वकीलों ने नई प्रमोशन पॉलिसी को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से तय किए गए मापदंडों का पालन नहीं किया। उन्होंने बिना आंकड़े जुटाए पॉलिसी लागू करने का आरोप लगाया। सपाक्स ने दलील दी कि नई नीति जल्दबाजी में और बिना संवैधानिक आधार के लागू की गई। याचिकाकर्ता पक्ष ने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार प्रमोशन में आरक्षण के लिए ठोस डेटा होना चाहिए। लेकिन, मप्र सरकार ने ऐसा कोई डेटा तैयार नहीं किया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की कि ऐसी पॉलिसी पर रोक लगाई जाए। इसके बाद हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दिसंबर के पहले हफ्ते में तय कर दी। अगली सुनवाई में याचिकाकर्ता सपाक्स अपनी बहस पूरी करेगा, जिसके बाद राज्य सरकार अपना पक्ष प्रस्तुत करेगी।







# एफसीआई द्वारा विक्रय गेहूं के दाम मंडियों से अधिक होने से ई-नीलामी में घटी खरीदारों की दिलचस्पी

## व्यापारी बोले- कुछ बचत नहीं, मंडी में मालवा शक्ति 2350 से 2550 और एफसीआई भाव 2550 रुपए क्विंटल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत अपने स्टॉक से मिलर्स-प्रोसेसर्स को गेहूं बेचने के लिए साप्ताहिक ई-नीलामी की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है, लेकिन इसमें खरीदारों की दिलचस्पी कम देखी जा रही है। क्योंकि मध्यप्रदेश में एफसीआई के ओपन बाजार भाव 2550 रुपए है तो मध्यप्रदेश की कृषि उपज मंडियों में मालवा शक्ति के भाव 2350 से 2550 रुपए प्रति क्विंटल क्वालिटीनुसार है।

ग्रेन मर्चेन्ट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम ने 12 नवंबर को पहली नीलामी आयोजित की थी जिसे में 2 लाख टन गेहूं की बिक्री का ऑफर दिया गया था मगर इसमें से केवल करीब 73 हजार टन या 36 प्रतिशत की बिक्री ही संभव हो सकी। वजह सरकारी गेहूं के


गेहूं की नीलामी

दाम ज्यादा आकर्षक नहीं है। इसका न्यूनतम या आधारभूत आरक्षित मूल्य (रिजर्व प्राइस) 2550 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है जबकि परिवहन खर्च इससे अलग है। खुले बाजार में भी गेहूं इसे कम मूल्य और लगभग इसी मूल्य स्तर पर उपलब्ध है और थोक मंडियों में आपूर्ति एवं उपलब्धता की स्थिति सुगम बनी हुई है। एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन ने कहाकि सरकारी गेहूं का दाम खुले बाजार भाव की तुलना में कम से कम 3 से 5 प्रतिशत तक


मंडी प्रांगण

नीचे होना चाहिए , तभी खरीदार इसमें दिलचस्पी दिखा सकते हैं। खरीदारों को अग्रिम भुगतान, परिवहन खर्च, दस्तावेज और अन्य खर्चों का भार उठाना पड़ता है जबकि खुले बाजार से गेहूं की खरीद में ज्यादा जटिलता नहीं होती है। जब तक मिलर्स-प्रोसेसर्स को सरकारी गेहूं की खरीद पर कुछ बचत नहीं होगी तब तक उसकी दिलचस्पी बढ़ने में संदेह है। फिलहाल पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली तथा जम्मू कश्मीर के मिलर्स सरकारी गेहूं की खरीद में रूचि दिखा रहे हैं।

### भोपाल अनाज मंडी में गेहूं के थोक भाव पर एक नजर प्रति क्विंटल में

| | |
|---|---|
| मालवा शक्ति गेहूं | 2350 से 2550 रु. |
| मिल क्वालिटी गेहूं | 2450 से 2525 रु. |
| 1544 गेहूं | 2550 से 2750 रु. |
| लोकवन गेहूं | 2600 से 2800 रु. |
| शरबती गेहूं | 3000 से 3500 रु. |

*गेहूं की आवक- मंडी प्रांगण में 1500 बोरे की*

# रायपुर में प्राचार्य के सर्वाधिक 750 पद रिक्त, दूसरे पायदान पर 570 सीट के साथ दुर्ग, बिलासपुर के 512 स्कूल प्रभारी भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर में प्राचार्य पद के लिए काउंसिलिंग आज प्रारंभ हो जाएगी। ये काउंसिलिंग शंकर नगर स्थित बीएड कॉलजे में होगी। 21 नवंबर से प्रारंभ हो रही काउंसिलिंग 24 नवंबर तक चलेगी। इस दौरान क्रमानुसार प्राचार्यों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया जाएगा। इस काउंसिलिंग से सर्वाधिक राहत रायपुर संभाग को मिलेगी, क्योंकि प्राचार्य के सर्वाधिक 750 पद यहां ही रिक्त हैं। जिन विद्यालयों में ये रिक्तियां हैं, वहां प्रभारी प्राचार्य के भरोसे काम चलाया जा रहा है।



### टी संवर्ग की हो चुकी है पदोन्नति

वर्तमान में केवल ई संवर्ग के प्रधान पाठकों और व्याख्याताओं की ही पदोन्नति शेष है। टी अर्थात ट्राइबल संवर्ग में पोस्टिंग काउंसिलिंग के माध्यम से हो चुका है।

### छात्रों को मिलेगा लाभ

प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी संस्थान के सबसे वरिष्ठ व्याख्याता अथवा शिक्षक को दी जाती है। प्राचार्य का पदभार संभालने के कारण व्याख्यता अपने मूल विषयों का अध्यापन कार्य नहीं करवा पा रहे हैं। अब प्राचार्य पद पर स्थायी नियुक्ति होने से वे अपने विषय में अध्यापन कार्य करवा सकेंगे। यदि किसी विद्यालय में प्राचार्य का प्रभार संभाल रहे व्याख्याता को ही पदोन्नत किया जाता है, तो वहां व्याख्यता का पद रिक्त होगा, जिसमें नवीन भर्ती की जाएगी। इस तरह से छात्रों को दोनों ही स्थिति में अध्यापन लाभ प्राप्त होगा।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले

# सामान्य मुद्रास्फीति और अच्छी वृद्धि के बीच भारत स्थिर मौद्रिक नीति बनाए रखेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को आश्वासन दिया कि भारत आने वाले वर्षों में एक स्थिर नीतिगत माहौल, निरंतर नियामक सरलीकरण, मज़बूत आर्थिक विकास और बहुत ही मध्यम मुद्रास्फीति प्रदान करता रहेगा। उन्होंने कहा कि ये स्थितियां निवेशकों के लिए आदर्श हैं। सिंगापुर में ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए वैष्णव ने एक स्थिर, जिम्मेदार और नवाचार-संचालित डिजिटल और आर्थिक भविष्य के लिए भारत के दृष्टिकोण के बारे में बताया। देश के मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालते हुए, वैष्णव ने कहाकि उच्च विकास और मध्यम मुद्रास्फीति के साथ, भारत आने वाले वर्षों में एक स्थिर नीति व्यवस्था, निरंतर सरलीकरण, अच्छी वृद्धि और बहुत ही मध्यम मुद्रास्फीति प्रदान करता रहेगा - एक ऐसी स्थिति जिसका हर निवेशक इंतज़ार कर रहा है। इसके अलावा उन्होंने वैश्विक निवेशकों को अगले साल नई दिल्ली में होने वाले न्यू इकोनॉमी फ़ोरम में शामिल होने का निमंत्रण दिया, और वैश्विक आर्थिक परिवर्तन में एक प्रमुख चालक बनने के लिए भारत की तत्परता को रेखांकित किया।

### तिमाही के 44.42 लाख करोड़ से 7.8 प्रतिशत सालाना की वृद्धि




2025 की पहली तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रुपये थी। यह पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 44.42 लाख करोड़ रुपये से 7.8 प्रतिशत सालाना की वृद्धि है। यह वृद्धि सेवाओं, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन से प्रेरित थी। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने हाल ही में भारत के विकास अनुमान को संशोधित किया, इसे इस वर्ष के लिए 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया। दूसरी ओर, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2025 में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति तेजी से गिरकर 0.25 प्रतिशत हो गई, जो वर्तमान सीपीआई श्रृंखला की साल-दर-साल सबसे कम मुद्रास्फीति है।

# विदेशी बैंकों की शाखाएं खोलने पर सरकार ने आरबीआई प्रस्ताव की समीक्षा की

*शाखाओं के स्थान बदलने पर भी विचार किया*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने गुरुवार को इंटर-डिपार्टमेंटल कमिटी की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा भारत में विदेशी बैंकों की शाखाएं, प्रतिनिधि कार्यालय और सहायक इकाइयाँ खोलने से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा हुई।
बैठक में भारतीय बैंकों द्वारा विदेशों में अपनी मौजूदगी बढ़ाने से जुड़े प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही भारत में मौजूद विदेशी बैंकों की शाखाओं के स्थान बदलने से जुड़े अनुरोधों पर भी विचार किया गया। बैठक के बाद समिति ने संबंधित प्रस्तावों पर अपनी सिफारिशें दीं। बैठक में गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, वाणिज्य विभाग और आरबीआई के प्रतिनिधि शामिल हुए। वित्त मंत्रालय के अनुसार यह समिति डीएफएस के अंतर्गत कार्य करती है और विदेशी तथा भारतीय बैंकों से आने वाले ऐसे प्रस्तावों का मूल्यांकन करती है।

# एक और तबाही की आहट बंगाल की खाड़ी में चक्रवात

एजेंसी ▶▶ पोर्ट ब्लेयर

आईएमडी ने बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने 'चक्रवाती परिसंचरण' के कारण अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए अलर्ट जारी किया है। 'चक्रवाती परिसंचरण' के 21 नवंबर से और तेज होने का अनुमान है। निकोबार द्वीपसमूह में एक या दो जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश (07-20 सेंटीमीटर) होने का अनुमान है और अंडमान द्वीपसमूह में भी भारी बारिश (07-11 सेमी) होने का अनुमान है। अधिकारी ने कहा, 24 और 25 नवंबर को अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में एक या दो जगहों पर तेज हवा (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) और गरज-चमक के साथ बारिश होने का भी अनुमान है।

अंडमान सागर के ऊपर तूफान जैसा मौसम और तेज हवा चलने का अनुमान है, जिसकी रफ्तार 35-45 किलोमीटर प्रति घंटे से बढ़कर 55 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है। अधिकारी ने कहा, समुद्र में भी स्थिति खराब रहने का अनुमान है। मछुआरों को 23 नवंबर तक अंडमान सागर में न जाने की सलाह दी गई है। हमने पोर्ट ब्लेयर बंदरगाह पर 'स्थानीय चेतावनी संकेत-तीन' जारी किया है। ऊंची लहरें उठने के अनुमान के कारण प्रशासन ने नाव मालिकों, द्वीपवासियों और पर्यटकों को सलाह दी है।

# हिड़मा के गांव में 'सरकार'...मौत के बाद सन्नाटा, पर राशन कार्ड, जाति प्रमाणपत्र को समझने शिविर में भीड़

**पूर्वर्ती** । गांव में कदम रखते ही सबसे पहले जो चीज महसूस हुई, वह था गहरा सन्नाटा। लोग धीरे-धीरे, सावधान निगाहों से बात कर रहे थे। कोई खुलकर बोलना नहीं चाहता, लेकिन, चेहरे बहुत कुछ कह रहे थे।हिड़मा के घर पहुंचने पर एक और चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई। गांव वालों ने बताया कि हिड़मा का अपना मकान तो सालों पहले ही ढह चुका है। कभी जिस घर से वह निकला था, आज वह जमींदोज हो चुका है, उसकी मां अब उसके भाई के घर में रहती है। उम्र और हालात के बोझ से झुकी यह बुजुर्ग महिला माड़वी पूंजी बेटे की मौत की खबर के बाद चुप बैठी है। आंखों में सूख चुके आंसुओं के अलावा कोई शिकायत नहीं दिखी, लेकिन एक गहरी और दबा हुआ दर्द जरूर दिखता है। जिसे शब्दों में बांधा नहीं जा सकता। आज वहां कोई खुशी नहीं, कोई तालियां नहीं सिर्फ़ सवाल था कि इतना बड़ा नाम बनने वाला इंसान अपने ही गांव में एक छत भी छोड़कर नहीं गया। देशभर में जिसकी हिंसक पहचान थी, जिसके नाम से सुरक्षाबल वर्षों तक सावधान रहे, वहीं हिड़मा अपने गांव की जमींदोज घर और रोती हुई मां छोड़ गया है। पूवर्ती का यह दृश्य याद दिलाता है कि हिंसा चाहे जितनी बड़ी क्यों न हो जाए, आखिर में वह किसी न किसी मां की गोद को खाली ही करती है। हिड़मा के चचेरे भाई हड़मा ने बताया कि जब वह काफी छोटा था, तब ही हिड़मा घर को छोड़कर नक्सली संगठन में शामिल हो गया था, जब वह नक्सली संगठन में शामिल हुआ तब उसे स्कूल शिक्षा का कोई ज्ञान नहीं था। उसके बाद से वह लगातार अपने काम के कारण संगठन में प्रमोशन पाता रहा, परंतु कभी भी घर लौटकर नहीं आया।



### हिड़मा के घर की दीवारों पर दिखी तिरंगे की तस्वीर

देश के सबसे कुख्यात माओवादी कमांडरों में गिने जाने वाले हिड़मा के गांव पूवर्ती में आज एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। हिड़मा के मिट्टी के घर के ठीक सामने अब एक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा है। आज बच्चों की आवाजें उसी जगह से गूंज रही हैं, जहां कभी नक्सल प्रभाव के चलते सन्नाटा पसरा रहता था। सबसे दिलचस्प दृश्य उसके मिट्टी के मकान की दीवार पर उभरती तिरंगे की पेंटिंग है। एक तरफ प्रतीकात्मक रूप से ध्वज के तीन रंग, और दूसरी तरफ पास ही आंगनबाड़ी का यह दृश्य उस बदलाव को बयान करता है, जिसकी उम्मीद वर्षों से की जा रही थी।

# जल्द अमूल अपने डेरी उत्पादों का इजराइल को करेगी निर्यात

**तेल अवीव**। जीसीएमएमएफ के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा है कि अमूल इज़राइल को घी का निर्यात कर रही है और जल्द ही अपने डेयरी उत्पाद पोर्टफोलियो को बढ़ाएगी ताकि न सिर्फ भारतीय प्रवासियों बल्कि स्थानीय लोगों को भी सेवा दे सके। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ 'अमूल' ब्रांड के तहत डेयरी उत्पाद बेचता है। मेहता ने बताया, ''हम यहां घी निर्यात कर रहे हैं लेकिन हम जल्द ही कई दूसरे उत्पाद में भी निर्यात करेंगे जो न सिर्फ़ भारतीय लोग चाहते हैं। बल्कि मुख्यधारा के बाजार में भी जा सकते हैं।'' वह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ यहां आए 60 सदस्यीय व्यवसायिक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। उन्होंने




कहा कि कंपनी पहले से ही इजराइल को निर्यात कर रही है और अब वे यहां अपना बाजार बढ़ाने के लिए इज़राइल के कोशेर प्रमाणीकरण की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। इज़राइल में कोशेर ज़रूरतें धार्मिक खानपान के नियमों को बताती हैं जो यह तय करती हैं कि यहूदी कानून के तहत कौन से खाने की चीज़ें खाने की इजाज़त है। मेहता ने बताया कि यह एक तरह का प्रमाणन है, जिसका ''हमें स्थानीय आबादी के मुख्य बाजार का ध्यान रखने के लिए पालन करना होगा।''

उन्होंने कहा कि भारत दूध का सबसे बड़ा उत्पादक है और इजराइल इस क्षेत्र की उत्पादकता बढ़ाने के लिए अपनी प्रौद्योगिकी दे सकता है। उन्होंने कहा, ''हमारा ध्यान अपने मवेशियों की उत्पादकता को बेहतर बनाना है... चारा खिलाने और जानवरों के प्रबंधन में, हमें प्रौद्योगिकी की ज़रूरत है... ये वे चीज़ें हैं जहां इज़राइल ने अच्छा काम किया है।''

## राशिफल

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि हो सकती है। |
| वृष | बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। किसी मित्र से रोजगार कि अवसर मिल सकते हैं। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी। |
| मिथुन | आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार की स्थिति में सुधार आएगा। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। मन प्रसन्न रहेगा। |
| कर्क | कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। |
| सिंह | माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| कन्या | माता-पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। |
| तुला | बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। |
| वृश्चिक | कारोबार से लाभ के अवसर मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। |
| धनु | वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलन बनाकर रखें। |
| मकर | किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। अध्ययन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों से सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। |
| कुंभ | किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। |
| मीन | कारोबार में परिश्रम अधिक होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। |

कंपनी डीजल ट्रक श्रृंखला विस्तार करने की तैयारी कर रही

# अशोक लेलैंड भारी माल ढुलाई ट्रकों की श्रृंखला लाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड अपनी डीजल ट्रक श्रृंखला का विस्तार करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शेनू अग्रवाल ने कहा कि वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली यह प्रमुख कंपनी अपने अनुसंधान एवं विकास संसाधनों को बेहतर बनाने का काम कर रही है। डीजल श्रृंखला में हम जल्द ही 320 और 360 हॉर्सपावर की पावर रेटिंग वाले 'हेवी-ड्यूटी ट्रक' (भारी माल ढुलाई करने वाले) की एक पूरी तरह से नई श्रृंखला पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। ये नए ट्रक उन्नत 'हेवी-ड्यूटी एग्रीगेट्स' से बने हैं जो बेजोड़ विश्वसनीयता प्रदान करते हैं।"

- कंपनी आरएंडडी को बेहतर बनाने पर काम कर रही

### जीएसटी सुधार से लागत में कमी आई

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों पर उन्होंने कहा कि 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की दर को युक्तिसंगत बनाने से नए ट्रक और बस के स्वामित्व की लागत में कमी आई है। साथ ही कई अन्य श्रेणियों के सामान में जीएसटी दर में कमी से समग्र माल ढुलाई की मांग में वृद्धि होने की उम्मीद है।

### एलसीवी खंड में पहले ही तेजी आ चुकी

चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही पर उन्होंने कहा कि कंपनी मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन (एमएचसीवी) तथा हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) दोनों खंडों के लिए वाणिज्यिक वाहन उद्योग की वृद्धि संभावनाओं के बारे में आशावादी बनी हुई है। अग्रवाल ने कहा, '' जीएसटी दरों में कटौती से एलसीवी खंड में पहले ही तेजी आ चुकी है। हमारा मानना है कि व्यापक खपत में वृद्धि एवं बुनियादी ढांचा गतिविधियों में वृद्धि से एमएचसीवी उद्योग दूसरी छमाही में भी तेजी से आगे बढ़ेगा।''



### हल्के इलेक्ट्रिक ट्रक के दो मॉडल उपलब्ध

*अग्रवाल ने कहा कि कंपनी का गैर-डीजल खंड लगातार बढ़ रहा है जिसमें हल्के इलेक्ट्रिक ट्रक के दो मॉडल, एमएचसीवी इलेक्ट्रिक ट्रक के तीन मॉडल और इलेक्ट्रिक बसों के कई मॉडल एवं संस्करण पहले से ही व्यावसायिक रूप से उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी ने सीएनजी, एलएनजी और यहां तक कि हाइड्रोजन जैसी अन्य हरित प्रौद्योगिकियों में भी प्रवेश किया है।*

### उत्पादों में छह सिलेंडर इंजन लगाए जाएंगे

अग्रवाल ने कहा कि इन उत्पादों में छह सिलेंडर इंजन लगाए जाएंगे जो संबंधित खंडों में वाहनों को घुमाने की उच्चतम क्षमता (पीक टॉर्क) प्रदान करेंगे जिससे इस श्रेणी के ग्राहकों को कम समय में अधिक फेरे लगाने का मौका मिलेगा और इस प्रकार प्रति माह अधिक आय होगी।

### कंपनी बस क्षमता में वृद्धि कर रही

अग्रवाल ने कहा, '' हम पूरी तरह से निर्मित बसों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी पूरी तरह से निर्मित बस क्षमता में लगातार वृद्धि कर रहे हैं। लखनऊ स्थित हमारे नवीनतम एवं सबसे आधुनिक बस संयंत्र का जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा। आंध्र प्रदेश और लखनऊ स्थित हमारे संयंत्रों के पूर्ण विस्तार के बाद हमारी बस का ढांचा बनाने (बॉडी-बिल्डिंग) की वर्तमान क्षमता लगभग 12,000 से बढ़कर 20,000 से अधिक प्रति वर्ष हो जाएगी।''

## शब्द पहेली - 6055



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 6054 का हल



## सूडोकु नवताल - 6065

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL BENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6064 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# एशेज: पहले दिन तेज गेंदबाजों का दबदबा, गिरे 19 विकेट, स्टार्क के बाद स्टोक्स का 'पंजा'

एजेंसी ▶▶| पर्थ

एशेज टेस्ट के पहले दिन तेज गेंदबाजों के दबदबे के बीच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में महज 172 रन पर सिमटने के बाद कप्तान बेन स्टोक्स के पांच विकेट से इंग्लैंड ने मजबूत वापसी की।

पांच मैचों की श्रृंखला का पहला दिन उम्मीदों पर खरा उतरा, जहां पर्थ स्टेडियम में 51,000 से अधिक दर्शकों के सामने 72 ओवर के खेल में 19 विकेट गिरे। दिन का खेल खत्म होते समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर नौ विकेट पर 123 रन था और यह टीम पहली पारी में महज एक विकेट शेष रहते 49 रन पीछे है।दिन का शुरुआती सत्र पूरी तरह से मिचेल स्टार्क के नाम रहा। उन्होंने नियमित कप्तान पैट कमिंस और दिग्गज जोश हेजलवुड की गैरमौजूदगी में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 58 रन देकर सात विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे सत्र तक इंग्लैंड को ऑल आउट कर दिया।

### इंग्लैंड टीम में पांच तेज गेंदबाज

जोफ्रा आर्चर ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के पहले ही ओवर में विकेट लेकर दिखा दिया कि पांच तेज गेंदबाजों की मौजूदगी वाली इंग्लैंड की टीम भी इस मामले में कमजोर नहीं है। मैच में अभी चार दिन शेष और दोनों टीमों की पहली पारी लगभग खत्म हो चुकी है। इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाने के बावजूद आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए 5.23 रन प्रति ओवर की दर से रन बनाए।



### ऑस्ट्रेलिया को रक्षात्मक रुख अपनाना पड़ा भारी

ऑस्ट्रेलिया के लिए रक्षात्मक रुख अपनाना भारी पड़ गया क्योंकि टीम उस तेजी से रन नहीं बना सकी लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रही। दोनों टीमों के बल्लेबाजों को तेजी से उठती शॉर्ट-पिच गेंदों का सामना करना पड़ा ऑस्ट्रेलिया की पारी के 24वें ओवर में कैमरून ग्रीन को मार्क वुड की 147 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली बाउंसर ने चोटिल किया, जिससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे स्टंप पर गिरते-गिरते बचे। इंग्लैंड का आक्रमण उस तरह की खतरनाक गेंदबाजी कर रहा था जैसा ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज आमतौर पर मेहमान टीमों के खिलाफ करते हैं।

### उस्मान ख्वाजा को नहीं मिली बल्लेबाजी की अनुमति

इंग्लैंड ने पुछल्ले बल्लेबाजों ने पारी के आखिर में तेजी से विकेट गंवाए, जिसका खामियाजा ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी उठाना पड़ा। ख्वाजा उस समय ड्रेसिंग रूम में मौजूद थे और चूंकि वह आठ मिनट से अधिक समय तक मैदान से बाहर रहे थे ऐसे में उन्हें ऑस्ट्रेलियाई पारी की शुरुआत करने की अनुमति नहीं दी गई। उनकी जगह लेने के लिए मार्नस लाबुशेन को ऊपरी क्रम में आना पड़ा।

### ऑस्ट्रेलिया को स्टार्क ने दिलाई शानदार शुरुआत

ऑस्ट्रेलिया को स्टार्क ने शानदार शुरुआत दिलाई। स्टार्क ने पहले ओवर में विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बना दिया। उन्होंने छठी गेंद पर जैक क्रॉली को स्लिप में उस्मान ख्वाजा के हाथों लपकवाया। इस बाएं हाथ के गेंदबाज ने अपने पहले पांच ओवर में तीन विकेट चटकाए। लंच तक स्कोर चार विकेट पर 105 रन था । इंग्लैंड ने लंच के बाद छह विकेट 67 रन के भीतर गंवा दिए। उन्होंने जैसी स्मिथ (33) और मार्क वुड (शून्य) को लगातार गेंदों पर विकेट लेकर इंग्लैंड की पारी को खत्म किया। दूसरी पारी में उनके पास ऐसे में हैट्रिक पूरा करने का मौका होगा।

## खबर संक्षेप



### शौर्य ने राइफल थ्री-पोजिशन में जीता रजत

**टोकियो।** युवा निशानेबाज शौर्य सैनी ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन में रजत पदक जीता, जिससे डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) की निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारत का दबदबा कायम रहा। सैनी के दूसरे स्थान पर रहने के बाद भारत के निशानेबाजी में पदकों की संख्या 13 हो गई है, जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। पिछले साल पेरू में आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने वाले 22 वर्षीय सैनी ने फाइनल में 450.6 का स्कोर बनाया और जर्मनी के मैथियास एरिक हेस से पीछे रहे। हेस ने 459.8 अंक के साथ बधिर विश्व रिकार्ड स्थापित किया। फाइनल में जगह बनाने वाले एक अन्य भारतीय निशानेबाज कुशाग्र सिंह राजावत आठवें स्थान पर रहे। उन्होंने इससे पहले 50 मीटर राइफल प्रोन में कांस्य पदक जीता था। सैनी ने फाइनल में 584 के बधिर विश्व रिकार्ड क्वालीफिकेशन स्कोर के साथ प्रवेश किया।

### एएफसी अंडर 17 एशियाई कप के लिए टीम घोषित




**अहमदाबाद।** मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने 2026 एएफसी अंडर 17 पुरूष एशियाई कप क्वालीफायर के लिए भारत की 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। भारत का सामना 22 नवंबर को फलस्तीन से , 26 नवंबर को चीनी ताइपै, 28 नवंबर को लेबनान और 30 नवंबर को ईरान से होगा। ग्रुप के विजेता को अगले साल सउदी अरब में होने वाले टूर्नामेंट में जगह मिलेगी, जो कतर में होने वाले फीफा अंडर 17 विश्व कप का क्वालीफायर भी है।

### कराटे प्रशिक्षण शिविर 31 दिसंबर तक

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने लक्ष्य एशियाई खेल समूह (टीएजीजी) योजना के माध्यम से जापान में 2026 में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के तहत लखनऊ में 48 कराटे खिलाड़ियों के लिए 45 दिवसीय कोचिंग शिविर का आयोजन किया है। कराटे का 45 दिवसीय शिविर लखनऊ स्थित साइ क्षेत्रीय केंद्र में 17 नवंबर को शुरू हुआ और यह 31 दिसंबर तक चलेगा। साइ ने कहा, 'शिविर में 64 सदस्य शामिल हैं, जिनमें 48 खिलाड़ी, 12 कोच और चार सहायक कर्मचारी शामिल हैं। खिलाड़ियों में 24 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ी शामिल हैं। पूरे शिविर को राष्ट्रीय खेल महासंघों (एएनएसएफ) योजना के तहत 1.42 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है।' लखनऊ में आयोजित शिविर में उन प्रतिभाओं की पहचान की जाएगी, जिन्हें अगले वर्ष 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिए विदेशों में खेलने का मौका मिलेगा।

## दूसरा टेस्ट मैच आज सुबह 9 बजे से गुवाहाटी में

# टेस्ट कप्तानी का डेब्यू करेंगे पंत, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेंगे मैदान पर

श्रृंखला बराबर करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

पहले टेस्ट मैच में स्पिनरों के सामने नतमस्तक होने वाली भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में स्पिन पहेली को सुलझाकर श्रृंखला बराबर करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। शुभमन गिल की अनुपस्थिति में ऋषभ पंत के लिए नेतृत्व की चुनौती बेहद चुनौतीपूर्ण होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए तो और भी कठिन परीक्षा आने वाली है, जिनके अक्सर उलझाने वाले फैसलों ने ड्रेसिंग रूम और थिंक टैंक को स्पष्टता के लिए जूझने पर मजबूर कर दिया है। पिछले तीन दशकों से घरेलू मैदान पर खेलते हुए भारतीय टीमों की अजेय रहने की जो चमक रही है, वह वर्तमान टीम के सामने गायब हो गई है। यह पिछले कुछ वर्षों में पहला अवसर होगा जबकि भारतीय टीम घरेलू मैदान पर जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत नहीं करेगी। उसकी टीम कमजोर नजर आ रही है और क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार यह अच्छी स्थिति नहीं है।



### टीमें इस प्रकार

**भारतः** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), केएल राहुल, यशस्वी जयसवाल, साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, देवदत्त पडिक्कल, आकाश दीप।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, टोनी डी जोरजी, जुबैर हमजा, साइमन हार्मर, मार्को जानसन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, सेनुरान मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरिन।

### टीम से रिलीज किए गए गिल जांच के लिए जाएंगे मुंबई

कप्तान शुभमन गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रिलीज कर दिया गया। कोलकाता में पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में बल्लेबाजी करते समय गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी, जिसके कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल होने वाले भारतीय कप्तान शुभमन गिल गुवाहाटी में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे।' उन्होंने कहा 'गिल को कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन गर्दन में चोट लग गई थी और दिन का खेल खत्म होने के बाद उन्हें जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### पसली की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रबाडा

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा भारत के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाएंगे चूंकि वह पसली की चोट से उबर नहीं सके हैं, जो उन्हें पहले टेस्ट से पूर्व अभ्यास सत्र में लगी थी। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा,'कैगिसो दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेगा।' बावुमा ने कहा कि गुवाहाटी की पिच उपमहाद्वीप की आम पिचों की तरह लग रही है, जो पहले दो दिन बल्लेबाजों की और बाद में स्पिनरों की मददगार होगी। उन्होंने कहा,' यह विकेट ताजा है और कोलकाता की पिच की तुलना में स्थिर होगी। हम सुबह इसका मुआयना करके कैगिसो के विकल्प पर बात करेंगे।'

### एकमात्र मैच में कप्तानी करना सर्वश्रेष्ठ स्थिति नहीं: पंत

आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने स्वीकार किया कि एकमात्र टेस्ट में कप्तानी करना सर्वश्रेष्ठ स्थिति नहीं है लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच की कड़ी चुनौतियों के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। इस मैच से पहले नियमित कप्तान शुभमन गिल को चोटिल होने के कारण टीम से रिलीज कर दिया गया था, जिसके बाद पंत को कप्तानी सौंपी गई। पंत ने कहा, 'एक कप्तान के लिए एकमात्र मैच सबसे अच्छा विकल्प नहीं होता, लेकिन मैं बीसीसीआई का मुझे यह सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त करता हूं। कभी-कभी अगर आप किसी बड़े मौके के बारे में बहुत ज़्यादा सोचते हैं, तो इससे कोई फायदा नहीं होता।' उन्होंने कहा, 'मैं ज्यादा सोचना नहीं चाहता। पहला टेस्ट मैच हमारे लिए कठिन था और हमें टेस्ट जीतने के लिए जो भी करना होगा हम वह करेंगे। पंत ने कहा कि टीम प्रबंधन ने पहले ही मैच के लिए गिल के स्थान पर खेलने वाले खिलाड़ी के बारे में फैसला कर लिया है, लेकिन उन्होंने नाम का खुलासा नहीं किया।

## स्मृति ने पलाश मुच्छल के संग की सगाई, कल बंधेंगी शादी के बंधन में



**नई दिल्ली।** महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना ने संगीतकार पलाश मुच्छाल के साथ अपनी सगाई की घोषणा कर दी है, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस आक्रामक बल्लेबाज का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह भारतीय टीम की अपनी साथी खिलाड़ियों राधा यादव, जेमिमा रोड्रिग्स, श्रेयांका पाटिल और अरुंधति रेड्डी के साथ बॉलीवुड की फिल्म लगे रहो मुन्ना भाई के गीत 'समझो हो ही गया' पर नृत्य कर रही हैं। इस दौरान वह मुस्कुराते हुए अपनी सगाई की अंगूठी को भी दिखा रही हैं। जेमिमा ने यह क्लिप इंस्टाग्राम पर साझा की है, जिसे अभी तक 19 लाख से ज़्यादा लाइक्स और 12,000 से ज़्यादा कमेंट्स मिल चुके हैं। मंधाना और मुच्छाल 23 नवंबर को शादी के बंधन में बंधेंगे। प्रधानमंत्री ने दम्पति को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मंधाना की कवर ड्राइव की सुंदरता मुच्छाल की 'मधुर संगीतमय सिम्फनी' के साथ एक अद्भुत साझेदारी बनाएगी।

# डेविस कप सेमीफाइनल में स्पेन और जर्मनी की एंट्री

एजेंसी ▶▶| बोलोग्ना

मार्सेल ग्रैनोलर्स और पेड्रो मार्टिनेज ने निर्णायक युगल में टॉमस माचाक और जैकब मेन्सिक को हराया, जिससे स्पेन ने चेक गणराज्य को 2-1 से पराजित करके डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ग्रैनोलर्स और मार्टिनेज ने सुपरटेनिस एरिना में युगल मुकाबला 7-6 (8), 7-6 (8) से जीता।

इससे पहले 20 वर्षीय मेन्सिक ने पाब्लो कारेनो बुस्टा को 7-5, 6-4 से हराकर चेक टीम को बढ़त दिला दी थी। जौमे मुनार ने जिरी लेहेका को 6-3, 6-4 से हराकर स्पेन को बराबरी दिलाई।



सेमीफाइनल में स्पेन का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मनी से होगा, जिसने अर्जेंटीना को 2-1 से हराया। अन्य सेमीफाइनल इटली और बेल्जियम के बीच खेला जाएगा। केविन क्रावित्ज़ और टिम पुएत्ज़ ने निर्णायक युगल मैच में तीसरे सेट के टाईब्रेकर में आंद्रेस मोल्टेनी और होरासियो जेबालोस को हराकर जर्मनी को क्वार्टर फाइनल में जीत दिलाई।

टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 7-6 (3), 7-6 (7) से हराकर अर्जेंटीना को आगे कर दिया, लेकिन जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-4, 7-6 (3) से हराकर स्कोर बराबर कर दिया। युगल में केविन क्रावित्ज़ और टिम पुएत्ज़ ने 4-6, 6-4, 7-6 (10) से जीत हासिल की।

### भारत को मिलेगी राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी : पीटी उषा

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा को पूरा यकीन है कि भारत को 26 नवंबर को ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल आमसभा की बैठक के दौरान 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिल जाएगी। उन्होंने कहा,' हम ग्लास्गो रवाना हो रहे हैं। मुझे पूरा यकीन है कि लोगों की उम्मीदें पूरी होंगी। दो तीन दिन इंतजर कर लें।' पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेल कार्यकारी बोर्ड ने अहमदाबाद में इन खेलों के आयोजन की सिफारिश की थी। ग्लास्गो में होने वाली बैठक में अंतिम मंजूरी मिलेगी। अहमदाबाद के अलावा नाइजीरिया का अबुजा मेजबानी की दौड़ में है। राष्ट्रमंडल खेल को 2030 में सौ साल भी पूरे होने जा रहे हैं।

# 27 को डब्ल्यूपीएल की नीलामी, दीप्ति रेणुका समेत 277 खिलाड़ी लेंगी हिस्सा







एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की विश्व कप स्टार दीप्ति शर्मा समेत दुनिया भर के 277 खिलाड़ी 27 नवंबर को महिला प्रीमियर लीग में 73 स्थानों के लिए होने वाली नीलामी का हिस्सा होंगे। नीलामी पूल में शामिल खिलाड़ियों की घोषणा करते हुए डब्ल्यूपीएल की विज्ञप्ति में कहा गया कि 19 खिलाड़ियों ने 50 लाख की श्रेणी के लिए, 11 ने 40 लाख और 88 खिलाड़ियों ने 30 लाख की श्रेणी के लिए नाम दिए हैं। इसमें कहा गया,' नीलामी सूची में 194 भारतीय खिलाड़ी हैं, जिनमें 52 राष्ट्रीय और 142 घरेलू खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं विदेशी खिलाड़ियों में 66 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और 17 ऐसे क्रिकेटर शामिल हैं, जिन्होंने अपने देश के लिए नहीं खेला है। विदेशी खिलाड़ियों के लिए 23 स्थान उपलब्ध है।'

## सात्विक-चिराग की जोड़ी आगे बढ़ने में नाकाम

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में लक्ष्य, हमवतन शेट्टी को हराया

एजेंसी ▶▶| सिडनी

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने हमवतन खिलाड़ी आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया लेकिन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीय भारतीय पुरुष जोड़ी आगे बढ़ने में नाकाम रही।

सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने 53 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-11 से जीत हासिल कर अंतिम चार में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन से होगा, जो इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त हैं। विश्व में नौवें स्थान पर काबिज और 2018 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता चोउ ने एक घंटे 23 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में



फरहान अल्वी को 13-21, 23-21, 21-16 से हराया। अल्वी ने पिछले दौर में भारत के एचएस प्रणय को हराया था।

### सेन को शेट्टी को हराने में हुई कठिनाई

पुरुष युगल में भारत को झटका लगा क्योंकि सात्विक और चिराग को इंडोनेशिया के फजर अल्फियन और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 21-19, 21-15 से हराकर बाहर का रास्ता दिखा दिया। सेन ने इस वर्ष के शुरू में हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी 20 वर्षीय शेट्टी को हराया था। अल्मोड़ा का रहने वाला यह 26 वर्षीय खिलाड़ी लेकिन इस साल अभी तक कोई खिताब नहीं जीत पाया है। सेन को शुरुआती गेम में शेट्टी को हराने में कठिनाई हुई। वह एक समय 6-9 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने 9-10 से पिछड़ने के बाद लगातार चार अंक जीते और 13-10 से बढ़त हासिल कर ली।

### उतार-चढ़ाव भरा रहा मुकाबला

अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में कई बार बढ़त हासिल की, लेकिन आखिर में सेन ने 21-21 से बराबरी कर ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरा गेम एकतरफा रहा, जिसमें सेन ने शुरुआत में 6-1 की बढ़त बना ली, जो कुछ ही देर में 15-7 हो गई और शेट्टी की चुनौती कमजोर पड़ गई। प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत के गुरुवार को बाहर हो जाने के बाद सेन पुरुष एकल में अब एकमात्र भारतीय बचे हैं।

# एशिया कप राइजिंग स्टार्स से इंडिया-ए हुई बाहर



**दोहा।** एशिया कप राइजिंग स्टार्स के सेमीफाइनल में इंडिया ए की टीम को रोमांचक मुकाबले में बांग्लादेश ए की टीम ने सुपर ओवर में हराया। वैभव सूर्यवंशी (38) और प्रियांश आर्य (44) की तूफ़ानी पारी से इंडिया ए ने 195 रन के चेज में 20 ओवर में इतने ही रन बनाए। लेकिन सुपर ओवर में बांग्लादेश के रिपोन मंडल ने लगातार दो गेंद पर दो विकेट लेकर भारत को एक भी रन नहीं बनाने दिया और बांग्लादेश ने वाइड बॉल से एक रन बनाकर आसान जीत दर्ज कर ली। इसके साथ ही इंडिया ए की टीम सेमीफाइनल से बाहर हो गई और बांग्लादेश ने फाइनल में जगह बनाई।




# कृषि मंडी में 19 लाख की सनसनी लूट का खुलासा, दो सगे भाई गिरफ्तार

# कर्जे के बोझ और बहन की शादी के दबाव में लुटेरे बने दो भाई

**हरिभूमि, जबलपुर।**

विजयनगर थाना अतंर्गत कृषि उपज मंडी गेट नंबर 1 के पास दो दिन पहले हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। दरअसल दो सगे भाईयों ने आर्थिक तंगी के चलते इस घटना को अंजाम दिया था उनका कोई पिछला अपराधिक रिकार्ड भी नहीं है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 14 लाख 91 हजार रुपए बरामद कर लिए है शेष राशि आरोपियों ने बैंक में जमा कर लोगों को भुगतान भी कर दिया जिस पर पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर अनुसंधान कर रही है। खास बात यह है कि लूट की वारदात को अंजाम देने वाले बल्कि गोल्डन टाउन ग्रीन सिटी निवासी दो सगे भाई है जो आर्थिक तंगी, कालेज की फीस और पारिवारिक जिम्मेदारियों से संघर्ष करते करते अपराध के रास्ते पर चल पड़े। दोनों आरोपी 6 साल पहले सीधी से जबलपुर आए थे। पिता की दवाईयों का खर्च, बच्चों की फीस, पर्सनल लोन की ईएमआई के चलते परिवार कर्ज के बोझ तले दब गया और इसी घबराहट के बीच दोनों भाई अपराध के रास्ते में चल पड़े।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की उम्र 23 और 18 वर्ष है। मुख्य आरोपी 23 वर्षीय राहुल मनवानी और 18 वर्षीय ऋषि मनवानी ग्रीन सिटी गोल्डन टाउन क्षेत्र में, मानसिक रूप से कमजोर दादी, हार्ट पेशेंट पिता, बीमार मां और बहन के साथ रहता है। बताया जा रहा है कि यह परिवार करीब 5-6 साल पहले सीधी से जबलपुर आया था।

राहुल ने पूछताछ में बताया कि सीधी में उनके एक करीबी ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया था। जबलपुर आने के बाद उन्होंने रजिस्टर मैन्युफैक्चरिंग का काम शुरू किया, लेकिन उसमें घाटा हो गया, जिससे कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता चला गया। घर की आर्थिक हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि दादी और माता-पिता की दवाइयों, दूध के बिल और छोटे भाई की कॉलेज फीस तक भरने के लिए पैसे नहीं थे। स्थिति यहां तक पहुंच गई कि फीस न भर पाने के कारण छोटे भाई को कॉलेज से निकाल दिया गया था। इसी बीच बहन की शादी की चिंता भी परिवार पर हावी थी।



### बैंक में बड़ी रकम देख आया लूट का विचार

पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पहले राहुल मनवानी किसी काम से बैंक गया था, जहां उसने मुनीम विकास साहू को बड़ी रकम निकालते हुए देखा। यहीं से उसके दिमाग में लूट का विचार आया। इसके बाद उसने मुनीम की रेकी की और पूरी योजना बनाकर अपने छोटे भाई को भी इसमें शामिल कर लिया। योजना के तहत बुधवार दोपहर अनाज व्यापारी सतीश केसरवानी के मुनीम विकास साहू बैंक से 19 लाख रुपए निकालकर बाइक से दुकान की ओर लौट रहा था। जब वह कृषि उपज मंडी के गेट नंबर-1 के पास पहुंचा, तभी पहले से घात लगाए नकाबपोश आरोपियों ने उस पर लोहे की फोल्डिंग चाइना रॉड से हमला किया और रुपयों से भरा बैग छीनकर एक्टिवा से फरार हो गए। एएसपी आयुष गुप्ता ने पुलिस कंट्रोलरुम में पत्रकारों से चर्चा कर बताया कि आरोपियों के पास से 14 लाख 71 हजार 490 रुपए घटना में प्रयुक्त एक्सिस वाहन, 2 मोबाइल और चाईना फोल्डिंग रॉड बरामद कर ली गई।

### 4 लाख बैंक में जमा कर किए भुगतान

कर्ज में लदे दोनों भाईयों ने लूट की रकम से 4 लाख रुपए अपने खाते में जमा कर, बकायादारों को भुगतान कर दिए। पुलिस आरोपियों को रिमांड में लेकर किए गए भुगतान की रिकवरी करने के लिए प्रयास कर रही है।

### मास्क बना पहचान

बताया गया है कि आरोपियों ने पहचान छुपाने के लिए जो मास्क पहना था वही मास्क उनकी पहचान उजागर करने में मददगार साबित हुआ। दरअसल पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले तो उसके आधार पर एकता चौक स्थित एक मेडिकल शॉप में मास्क खरीदी का रिकार्ड देखा गया, मेडिकल शॉप की बिलिंग और फुटेज के आधार पर सीधे आरोपियों के घर पहुंच गए। बताया गया है कि दोनों आरोपी सेंट अलायसिस कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे। पढ़ाई, घर की जिम्मेदारी और बहन की शादी के दबाव में वे अपराध कर बैठे।

### टीम में ये रहे शामिल

अपराधियों की खोजबीन करने में टीआई विजयनगर वीरेंद्र पवार, क्राईम ब्रांच के टीआई शैलेश मिश्रा, एसआई विजन तिवारी, सीसीटीव्ही फुटेज कंट्रोलरुम की आरक्षक पूनम, पूर्णिमा के साथ साथ माढ़ोताल, गोहलपुर जिला विशेष शाखा और क्राईम ब्रांच की टीम इस मामलें की जांच पड़ताल में सक्रिय रही।

**संजीवनीनगर थाने में एफआईआर, आरोपी फरार**

# पुलिस का भय दिखाकर बदमाश ने नाबालिग से ऐंठे 40 हजार

**हरिभूमि, जबलपुर।**

संजीवनी नगर थाना अतंर्गत 90 क्वार्टर में रहने वाले एक बदमाश ने नाबालिग को पुलिस का भय दिखाकर 40 हजार रुपए वसूल लिए। उसकी डिमांड ही खत्म नहीं हो रही थी, तभी तंग आकर नाबालिग ने पूरे घटनाक्रम की शिकायत संजीवनी थाने में की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी अभी फरार है।

संजीवनी नगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजीवनी नगर में रहने वाले एक 17 वर्षीय किशोर ने लिखित शिकायत की कि उसने शौर्य भुर्कक से सितंबर में बेपौराईजर मंगाया था। उसने 2500 रुपए में मिलने का बताया था। तीन से चार दिन में उसके पास वेपोराइजर नहीं आया तो उसने पूछा कि बेपौराईजर का क्या हुआ। तब शौर्य भुर्कक बोला कि पुलिस ने पकड लिया है। शौर्य बोला कि चेकिंग के दौरान पकड़ लिया है। तब उसने बोला कि अब वो वेपोराइजर मिलेगा कि नहीं। तब शौर्य बोला कि अब 5000 रुपये और लगेगा, तब मिलेगा। शौर्य ने आश्वासन देते हुए कहा कि आधे तुम दे दो आधे मैं दे दूंगा। तो उसने 2500 रुपये और दे दिए। कुछ दिनों के बाद भी जब वह बेपौराईजर नहीं आया, तो उसने पूछा, अब तो पैसे दे दिए है, अब क्यों नहीं आ रहा है। तब शौर्य भुर्कक बोला कि और पैसे लगेगे, ऐसे करते हुए उसने धमकाते हुए 2-2, 4-4 हजार करते-करते उससे कुल 40 हजार रुपये ले लिये। फिर शौर्य भुर्कक 19 नवम्बर को मेरे घर के पास मिला और कहने लगा कि मेरे 3 हजार रुपये दे दो, जो मैंने लगाए थे। लालू को देना है। नहीं तो बहुत मारेंगे। तुम्हारा भी वही हाल कर देंगे, जो अंशु ठाकुर का किया था। तुम्हारे परिवार को बेपौराईजर पीने के बारे में बता देंगे। इसी बीच नाबालिग की चाची आ गई, तब आरोपी मौके पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने आरोपी शौर्य भुर्कक के विरूद्ध धारा 308(2), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**जबलपुर रेल मंडल की मानवीय मदद से बची माँ-बेटी की जान**

# चलती ट्रेन में महिला ने दिया बच्ची को जन्म

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और त्वरित कार्यप्रणाली से यात्रियों का भरोसा जीता है। शुक्रवार को "रेल मदद 139" पर प्राप्त सूचना के अनुसार ट्रेन संख्या 12141 पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कोच एस 2 की बर्थ सं। 41 पर यात्रा कर रही 9 माह की गर्भवती महिला नसरीन खातून पति मोहम्मद कादिर को अचानक प्रसव पीड़ा आरम्भ हो गई। सूचना मिलते ही सतना स्टेशन पर मौजूद ऑन-ड्यूटी कमर्शियल एवं मेडिकल टीम अलर्ट मोड पर आ गई। ट्रेन के सतना आउटर पर पहुँचने से पहले ही महिला ने गाड़ी में ही बच्ची को जन्म दे दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उप स्टेशन प्रबंधक (डिप्टी एसएस) सुभाष चौरसिया, मेडिकल स्टाफ प्रेम बहादुर, और सतना स्टेशन के कुलियों ने मिलकर अत्यंत तत्परता से माँ और नवजात को सुरक्षित ट्रेन से उतारा। रेलवे टीम ने बिना समय गंवाए एंबुलेंस की व्यवस्था कर दोनों को जिला चिकित्सालय, सतना पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने तुरंत आवश्यक चिकित्सीय प्रक्रिया कॉड क्लैम्पिंग एवं कटिंग, प्लेसेंटा रिमूवल, तथा इमीडिएट पोस्ट-डिलीवरी बेबी केयर प्रदान किया। चिकित्सकों के अनुसार माँ और नवजात बच्ची दोनों पूर्णतः स्वस्थ हैं और खतरे से बाहर हैं।



**मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव वन व कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस**

# हाईकोर्ट ने बेशकीमती वनभूमि पर कब्जे को लेकर मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अनूपपुर जिले की जैतहरी नगर परिषद स्थित डेढ़ एकड़ बेशकीमती वनभूमि पर कब्जे को चुनौती पर जवाब तलब किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव फारेस्ट, पीसीसीएफ, कमिश्नर शहडोल, कलेक्टर अनूपपुर, एसडीओ, तहसीदार जैतहरी, वन मंडल अधिकारी, सीएमओ जैतहरी के अलावा कब्जाधारी लाला भैना व भूरी बाई को नोटिस जारी किए गए हैं। चार सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जनहित याचिकाकर्ता अनूपपुर जैतहरी निवासी कैलाश सिंह मरावी की ओर से दलील दी गई कि जैतहरी स्थित फिल्टर प्लांट के समीप वन विभाग की बेशकीमती जमीन है। जिसके डेढ़ एकड़ एरिया में लाला भैना व भूरी बाई ने कब्जा कर रखा है। इतना ही नहीं मामले की शिकायत के बावजूद राजनीतिक दवाब में कार्रवाई नदारद है। लिहाजा, व्यापक पर्यावरणीय हित हाई कोर्ट की शरण ली गई है।

**प्रमुख सचिव, कलेक्टर व जिला-जनपद पंचायत सदस्य को नोटिस**

# हाईकोर्ट ने लाखों के गबन के बाद वहीं पदस्थ करने पर मांगा जवाब


**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने लाखों के गबन के बाद पंचायत सचिव को फिर से वहीं पदस्थ करने के रवैये को चुनौती पर जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस सिलसिले में राज्य शासन, प्रमुख सचिव, शहडोल कलेक्टर, जिला व जनपद पंचायत सीईओ और अनावेदक अवधेश कुशवाहा को नोटिस जारी किए हैं। चार सप्ताह में जवाब पेश करने के लिए कहा गया है। जनहित याचिकाकर्ता शहडोल अंतर्गत गोहपारू तहसील के ग्राम खानौधी निवासी जनपद सदस्य दुर्गा प्रसाद तिवारी की ओर से दलील दी गई कि शहडोल जिला पंचायत सीईओ ने 17 जून, 2025 को स्थानातंरण सूची जारी की। जिसमें अंकुरी ग्राम जिला शाहदोल में पदस्थ सचिव अवधेश कुशवाहा का ट्रांसफर ग्राम खानौधी कर दिया। बावजूद इसके कि पूर्व में ग्राम खानौधी में पदस्थ रहते हुए अनावेदक ने लाखों का हेरफेर व वित्तीय अनियमित्ताएं की थीं। जिसकी एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। ट्रांसफर पालिसी के अनुसार यदि किसी अधिकारी के विरुद्ध किसी ग्राम पंचायत में मामले हो तो उसका ट्रांसफर वहां नहीं किया जा सकता।




*वरिष्ठ अधिवक्ता की उपस्थिति के लिए लिया समय, जमानत अर्जी पर अगले सप्ताह होगी सुनवाई*

# सिवनी हवाला लूट कांड की आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे हाई कोर्ट की शरण में

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के समक्ष शुक्रवार को सिवनी हवाला लूट कांड की आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे की जमानत अर्जी पर सुनवाई नियत थी। इस दौरान अधिवक्ता ने वरिष्ठ अधिवक्ता की उपस्थिति के लिए समय मांग लिया। जस्टिस देवनारायण मिश्रा की सिंगल बेंच ने अनुमति देते हुए सुनवाई अगले सप्ताह नियत कर दी।



। मामला जबलपुर के समीपस्थ कटनी से जालना नागपुर जा रहीं कार से हवाला के 2.96 करोड़ रूपये लूटने के आरोप से संबंधित है।

प्रकरण के अनुसार, आठ व नौ अक्टूबर की रात सिवनी पुलिस ने एक कार को रोका था। जिसमें करीब तीन करोड़ रुपये हवाला की रकम थी। उक्त मामले को रफा दफा करने एसडीओपी पूजा पांडे व उनकी टीम ने आरोपितों से साठगांठ की थी। इतना ही नहीं बड़ी राशि रिश्वत के तौर पर प्राप्त की थी। उक्त मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने एसडीओपी पूजा पांडे सहित 11 पुलिस कर्मियों के विरुद्ध अपहरण, लूट व अपराधिक साजिश के तहत विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें निलंबित कर गिरफ्तार कर लिया गया था। सेशन कोर्ट से जमानत अर्जी निरस्त होने बाद हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।

# 7 किलो गांजे के साथ पकड़े गए युवक व युवती



**हरिभूमि, जबलपुर।**

गोरखपुर पुलिस ने नया गांव के आगे सिद्धबाबा रोड के किनारे मादक पदार्थ गांजा के कारोबार में लिप्त एक युवक व एक युवती को गिरफ्तार कर उनके पास से 7 किलो 450 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रुपए जब्त किए है। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान नया गांव के आगे सिद्धबाबा रोड के किनारे भूरीबाई का बगीचा गोराबाजार निवासी 20 वर्षीय गोलू धूपिया और नई बस्ती जिला कटनी निवासी 18 वर्षीय मानसी निषाद को गिरफ्तार कर उनके पास से 7 किलो 450 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

**जनहित याचिका के रूप में स्वतः संज्ञान लेकर की सुनवाई, कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी**

# हाईकोर्ट ने जबलपुर में नालों के गंदे पानी से सब्जी उगाए जाने पर मांगा जवाब

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर में नाले के गंदे पानी से सब्जियां उगाए जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने समाचारों पर संज्ञान लेते हुए मामले की जनहित याचिका के रूप में सुनवाई प्रारंभ की। कोर्ट ने कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।

## यहां हो रही सब्जी की विषैली खेती

जबलपुर में कछपुरा व विजय नगर से लेकर कचनारी व आसपास के क्षेत्र में ओमती नाले के गंदे पानी से सब्जी उगाई जाती हैं। इसी तरह गोहलपुर से लेकर बेलखाड़ के बघौड़ा व आसपास के कुछ गांवों में मोती नाले के संक्रमित पानी का उपयोग सब्जियों की खेती में किया जा रहा है। नाले के गंदे पानी में घुलनशील विषैले तत्व लोगों की सेहत को खतरे में डाल रहे हैं। इस तरह की खेती पर अंकुश लगाने की मांग लंबे समय से उठ रही है, लेकिन जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी वे इससे बच रहे हैं। सभी विभाग एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। इस प्रकरण में कोर्ट मित्र के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया है। उन्होंने दलील दी कि सीवेज की गंदगी के



साथ सबसे अधिक पानी डिटर्जेंट का ही होता है। विशेषज्ञ लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि गंदे नालों का पानी बेहद खतरनाक है। इसलिए उनके पानी से सब्जी उगाना जनता की सेहत से सरासर खिलवाड़ है।

## ओमवती नदी जो कालांतर में बन गई ओमती नाला :

हाईकोर्ट को अवगत कराया गया कि कांचघर की पहाड़ियों के पास से निकला ओमती नाला कभी ओमवती नदी के नाम से जाना जाता था। कालांतर में इसके दोनों तरफ आबादी बढ़ती चली गई और यह शहर के बीच में आ गया। अब केवल सेप्टिक टैंकों और बाथरूम से निकलने वाला पानी ही बहता है। यही हालात गोहलपुर क्षेत्र से गुजरे मोती नाले के हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन नालों का पानी बेहद खतरनाक और जहरीला हो सकता है।

## कैंसर तक का खतरा

दलील दी गई कि नालों में सीवेज की गंदगी के साथ सबसे अधिक पानी डिटर्जेंट का ही होता है। डिटर्जेंट में भी सोडियम कार्बोनेट मिला होता है इससे हाइपरटेंशन, पोटेशियम की कमी, गैस और सूजन, सिरदर्द और एलर्जी जैसे रोग होते हैं। वहीं डिटर्जेंट में झाग बनाने के लिए सोडियम लारेथ सल्फेट का उपयोग होता है जिससे त्वचा में जलन, मुंहासे, मुंह के छाले और कैंसर भी हो सकता है। डिटर्जेंट में दाग हटाने के लिए एल्काइल बेंजीन सल्फोनेट का उपयोग बेहद किया जाता है। इससे कपड़ों के दाग तो हट जाते हैं लेकिन यह प्रकृति के लिए खुद एक बदनुमा दाग है, क्योंकि इससे पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान होता है। यह बायोडिग्रेबल नहीं है और हमेशा ही जमीन पर बना रहता है, जिससे पानी और मिट्टी को नुकसान होता है। पानी की गुणवत्ता में कमी आती है और मिट्टी अपनी उर्वरता खो देती है।



# हाई कोर्ट के अधिवक्ताओं का अनुशासन पूरे देश में चर्चित

**अभिनंदन समारोह में बोले जस्टिस रूसिया व भट्ट**

**जबलपुर** । मप्र हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया व जस्टिस संदीप एन भट्ट के सम्मान में हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार ने अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान दोनों न्यायमूर्तियों ने हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं के अनुशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जबलपुर के वकील समुदाय के सद्गुण की समूचे देश में चर्चा है। इस अवसर पर अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह, डिप्टी सालिसिटर जनरल सुयश मोहन गुरु, हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल के महासचिव आदित्य अधिकारी मंचासीन थे। हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल व उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा सहित अन्य ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव अधिवक्ता निखिल तिवारी ने किया। सह सचिन सौरव भूषण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गंगराड़े, कार्यकारिणी सदस्य अक्षय पवार, स्वाति असीम जार्ज, विजय शुक्ला, अर्जुन सिंह सहित अन्य का सहयोग रहा।



## गौरीघाट रोड पर सुरक्षा के लिए हार्ड बैरिकेडिंग शुरू

**जबलपुर।** अमृत 2.0 के तहत गौरीघाट रोड पर मेन राइजिंग पाइप लाइन बिछाने का कार्य जारी है। निर्माणाधीन कार्यों के हाल ही में हुए निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने ठेकेदार को कार्य व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से करने के निर्देश दिए थे। इनके निर्देशों का असर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। कटंगा से गौरीघाट मार्ग तक सड़क किनारे हार्ड बैरिकेडिंग लगाई जा रही है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। साथ ही सड़कों पर जम रही धूल को नियंत्रित करने के लिए सफाई और धुलाई भी कराई जा रही है। निगमायुक्त ने बताया कि कटंगा से रामपुर चौराहा और वहां से चंडी माता मंदिर तक मार्ग पर बैरिकेडिंग, सफाई, और धुलाई का कार्य जारी है। यातायात व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिए हर पॉइंट पर वॉलेंटियर भी तैनात किए गए हैं।

# पहले लूटा, एफआईआर हुई तो घेराबंदी कर फिर पीटा

**हेल्थ सिटी विवाद में बड़ा विस्फोट, पुलिस की मौजूदगी में पिटाई का आरोप, मालिक–मैनेजर पर गुंडा टैक्स वसूली के गंभीर दावे**

हरिभूमि, जबलपुर।

**कटंगी बायपास स्थित हेल्थ सिटी हॉस्पिटल से उठा विवाद गुरुवार रात धमाके की तरह फूट पड़ा। एम्बुलेंस चालक सनी बघेल से पहले कथित रूप से लूट और मारपीट फिर एफआईआर दर्ज करवाते ही उस पर दोबारा हमला। पीड़ित का चौंकाने वाला आरोप है कि इस दूसरी वारदात के दौरान पीसीआर में मौजूद पुलिस कर्मी मूकदर्शक बने रहे, बल्कि बयान बदलवाने तक का प्रयास करते रहे। अस्पताल मालिक और मैनेजर पर लगे आरोप अब सीधे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर चुके हैं।**

## हेल्थ सिटी के पास विवाद, कमीशन का दबाव

सनी बघेल ने बताया कि बुधवार रात वह मरीज लेकर जबलपुर आया था। लौटते समय हेल्थ सिटी के ठीक पास हॉस्पिटल मैनेजर सुभाष चतुर्वेदी ने उसे रोककर धमकाया मरीज लाओ, नहीं तो हर चक्कर पर कमीशन देना पड़ेगा। विरोध करते ही उसके साथ मारपीट की गई। सनी का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन एम्बुलेंस चालकों से जबरन मरीज दिलाने की व्यवस्था चलाता है, जो न देने पर वसूली, धमकी और हमला किया जाता है। घटना गंभीर थी, इसलिए सनी ने तुरंत थाने जाकर एफआईआर दर्ज करवाई।

## छह घंटे बाद फिर हमला घेराबंदी कर बना वीडियो

लेकिन मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। सनी के मुताबिक FIR दर्ज होने के छह घंटे के भीतर, जब वह सतना लौट रहा था, तभी बायपास क्षेत्र में दो गाड़ियों ने उसकी घेराबंदी की। आरोपी सुभाष चौबे और उसके सहयोगियों ने उसे नीचे उतारा, पिटाई की और जबरदस्ती मोबाइल कैमरा ऑन कर उससे बयान बुलवाने लगे कि पहली घटना झूठी थी। सबसे शर्मनाक आरोप यह है कि पीसीआर में मौजूद पुलिसकर्मी भी इस दबाव में शामिल दिखे। पीड़ित का कहना है कि पुलिस ने हमला रोकने तो दूर, उससे कहा गलत बयान न दे, मामला बिगड़ जाएगा जो कह रहे हैं वो बोल दे।

## मौत की धमकी तक

सनी का दावा है कि आरोपी लगातार धमका रहे हैं कि यदि उसने मरीज हेल्थ सिटी नहीं लाए या कमीशन नहीं दिया, तो हर रूट पर उससे गुंडा टैक्स वसूला जाएगा। मना किया तो जानलेवा हमले होंगे। शहर में एम्बुलेंस चालकों से वसूली और मारपीट की घटनाएँ पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन इस मामले में पुलिस की मौजूदगी में पिटाई और वीडियो बनवाने का आरोप इसे और भयावह बनाता है।

# सिविल जज भर्ती परीक्षा के एससीएसटी अभ्यर्थियों पर पुनर्विचार करें

**हाई कोर्ट का निर्देश : न्यूनतम अर्हता अंक में शिथिलता कर परीक्षा प्रभाग नई सूची बनाए**

जबलपुर।

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष शुक्रवार को सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 की नियुक्तियों में हुई अनियमितताओं, शत-प्रतिशत आरक्षण लागू करने सहित अनारक्षित वर्ग में योग्यता के आधार पर आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों को शामिल नहीं किए जाने को चुनौती संबंधी याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने पूर्व में पारित उस अंतरिम आदेश को यथावत रखा, जिसके अंतर्गत सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 की नियुक्तियां विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दी गई थीं। साथ ही नया निर्देश दिया कि सिविल जज भर्ती परीक्षा के एससीएसटी अभ्यर्थियों पर पुनर्विचार करें। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि परीक्षा प्रभाग न्यूनतम अर्हता अंक में शिथिलता कर नई सूची बनाए। चूंकि एससी-एसटी वर्ग के अभ्यर्थी अधिक संख्या में सफल नहीं हो रहे हैं, अतः निश्शुल्क कोचिंग की भी व्यवस्था की जाए। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व पुष्पेंद्र कुमार शाह के अनुसार याचिकाकर्ता एडवोकेट यूनियन फार डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस नामक संस्था की तरफ से दायर जनहित याचिका में मध्य प्रदेश उच्च न्यायलय जबलपुर द्वारा सिविल जज की भर्ती परीक्षा 2022 मे भर्ती नियम 1994 में किए गए संशोधन को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि 199 पद विज्ञापित किए गए थे, जिनमें से अनारक्षित वर्ग के कुल 48 पद में 17 बैकलाग,अनुसूचित जाति के कुल 18 पद में 11 बैकलाग, अनुसूचित जनजाति के 121 पद में 109 बैकलाग व ओबीसी के कुल 10 पद में एक बैकलाग के निकाले गए थे। इस तरह कुल 199 पद में 138 बैकलाग जिसमे छह पद दिव्यांगों के शामिल हैं, निकाले गए थे।



## एसटी वर्ग से एक भी नहीं

उक्त भर्ती परीक्षा के तीनों चरण प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार के बाद मात्र 79 अभ्यर्थी योग्य पाए गए। जिनमें ओबीसी के 15 एससी वर्ग के तीन व एसटी वर्ग के एक भी नहीं है। याचिका में कहा गया है कि बैकलाग पद सिर्फ आरक्षित वर्ग के लिए निकाले जाते है। इसके अलावा अनाक्षित वर्ग में एक भी आरक्षित वर्ग के मेरिटोरियस अभ्यार्थी का चयन नहीं किया गया।

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स एक्जक्यूटिव इंजीनियर, नर्मदा डेव्हलपमेंट डिवीजन नं.3 कटनी, एन.व्ही.डी.ए. ऑफिस नं0-3, कटनी 483501 बहोरीबंद माईको लिफ्ट ईरीगेशन प्रोजेक्ट, रिवर वेली प्रोजेक्ट, खसरा नं.- ग्राम कटनी, तहसील कटनी नगर जिला कटनी एवं तहसील मझौली जिला जबलपुर क्षमता :- क्षेत्र 46716 हेक्टेयर हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर (2) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उघोग केन्द जबलपुर (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम कटनी, तहसील कटनी नगर जिला कटनी एवं तहसील मझौली जिला जबलपुर (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं 455 / 456 विजयनगर जबलपुर मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर ( म.प्र.) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 23 / 12 / 2025 दिन मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे मेसर्स एक्जक्यूटिव इंजीनियर, ग्राम खांड, तहसील मझौली, जिला जबलपुर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका / टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**

## आत्मनिर्भर भारत युवाओं के सामर्थ्य से होगा पूरा : राहुल कोठारी

**जबलपुर**। भारतीय जनता पार्टी के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत रानीताल स्थित भाजपा संभागीय कार्यालय में युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी राहुल कोठारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी पूरा होगा, जब देश का युवा आत्मनिर्भर बने और स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग बढ़ाए। राहुल कोठारी ने कहा कि भाजपा ही वह संगठन है जिसमें एक सामान्य कार्यकर्ता प्रधानमंत्री तक बन सकता है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने युवाओं से आत्मनिर्भर भारत मिशन में निर्णायक भूमिका निभाने का आह्वान किया।भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी ताकत है और भारत की आर्थिक मजबूती का आधार भी वही है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने युवाओं से आत्मनिर्भर भारत के ब्रांड एंबेसडर बनने की अपील की। कार्यक्रम में विधायक अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू समेत अनेक पदाधिकारी और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।जबलपुर प्रवास के दौरान राहुल कोठारी ने जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और एसआईआर अभियान संयोजकों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनती है।

जबलपुर आगमन पर प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी का भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन और पार्टी कार्यालय में गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



## हजारों किसान सड़कों पर उतरे

# भारत कृषक समाज का बड़ा प्रदर्शनः पाटन में मंडी प्रांगण बंद, चार घंटे चक्का जाम

**पाटन।** तहसील में भारत कृषक समाज के नेतृत्व में किसानों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने सुबह से मंडी प्रांगण को पूरी तरह बंद कर दिया और मुख्य मार्ग पर चार घंटे तक चक्का जाम रखा। जाम के दौरान दोनों तरफ लगभग 3 से 4 किलोमीटर लंबी वाहन लाइनें लग गईं, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया।

विरोध की सूचना मिलते ही अपर कलेक्टर, मंडी सचिव सहित प्रशासन के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और आंदोलन खत्म कराने की अपील की, लेकिन किसानों ने साफ कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, वे पीछे नहीं हटेंगे। किसानों का नेतृत्व भारत कृषक समाज के अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष विकास पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी तान सिंह ठाकुर, तन्नू भैया, आकाश पटेल, बृजेश पटेल, अमित पटेल, बलदेव सिंह, महेश दुबे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने किया। आंदोलन में हजारों किसानों ने भाग लिया। किसानों ने कहा कि इस वर्ष मक्का का समर्थन मूल्य



2400 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, लेकिन बाजार में किसानों को यह मूल्य नहीं मिल रहा है। किसानों का आरोप है कि उन्हें 1500 से 1800 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचने को मजबूर किया जा रहा है, जबकि यह कीमत तो लागत मूल्य के बराबर भी नहीं है।

किसानों का कहना है कि सरकार और प्रशासन "किसानों को भिखारी समझ रही है" और समर्थन मूल्य लागू करने में पूरी तरह असफल रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए छोटे किसानों को खत्म करने की नीति पर काम कर रही है।

भारत कृषक समाज के अध्यक्ष संजय जैन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 3–4 दिनों के भीतर मक्का का समर्थन मूल्य लागू कर बाजार में 2000 रुपये या उससे अधिक मूल्य नहीं मिलता, तो किसानों का संघर्ष और उग्र होगा। उन्होंने कहा, "आज 4 घंटे का चक्का जाम किया है, अगली बार यह आंदोलन 40 घंटे का होगा।" किसानों ने कहा कि यदि सरकार जल्द कदम नहीं उठाती, तो प्रदेशभर में और बड़े आंदोलन किए जाएंगे।

## रमखिरिया में 28 छात्राओं को सायकल वितरित

# छात्राओं को विद्यालय पहुंचने में होगी सुविधाः विधायक बरकडे

**सिहोरा।** साइकिल मिलने से ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली छात्राओं को विद्यालय पहुंचने में सुविधा होगी। उक्ताशय के विचार क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकडे ने शासकीय माध्यमिक शाला रमखिरिया में आयोजित साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,भाजपा जिला महामंत्री राजेश दाहिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल अनुपम सराफ, जनपद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया जिसमें निकटवर्ती ग्रामों से आने वाली



छात्राओं को मुख्यमंत्री की निःशुल्क सायकल वितरण योजना के तहत 28 साइकल का वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे पर खुशी और मुस्कान साफ देखी गई। इस पहल से अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में होने वाली परेशानी से मुक्ति मिलेगी और वे समय पर शाला में उपस्थित हो सकेंगी। अतिथियों ने छात्र छात्राओं द्वारा निर्मित विज्ञान मॉडलों का भी अवलोकन किया तथा बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, गणमान्य नागरिक एंव ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## लगातार हो रही चाकूबाजी की घटनाएं, कार्यवाही की मांग

**बरेला।** कुछ समय सेक्षेत्र में अपराध का ग्रहण लग गया है। हर दूसरे तीसरे दिन चाकू चलने के कारण युवा लड़के लहुलुहान हो रहें हैं। मारपीट ,लूट , चोरी तो आम बात हो गई है। नगर की सामाजिक संस्थाओं ने अनेकों बार ज्ञापन सौंपकर जुआ सट्टा, अवैध शराब, गांजा, चरस,की बिक्री पर रोक लगाने अपील की। परन्तु राजनैतिक दबाव और संरक्षण केकारण कोई भी सार्थक प्रयास नहीं किए गए। नरसिंह मंदिर के पास तीन लड़कों को रोक कर चाकू मारी जिसमें हर्षित दुबे, अशोक दुबे,शानू को गम्भीर चोट लगी। श्रीपाल लड़के को शाम छह बजे चाकू मारी गई। अपनी दुकान बंद कर गौर सालीवाडा से बरेला अपने घर जाते समय शुभम पाठक को ताबड़तोड़ चाकू मारे गए। सभी आरोपी अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए। जिससे नगर एवं क्षेत्र में आक्रोश बढ़ रहा है। अरविन्द तिवारी, योगेश दुबे, ज्ञानू प्यासी, प्रतीक दुबे,, रजनीश पांडे, गोल्डी दुबे,संजय दुबे, निखिल दुबे, अशोक दुबे,, अनिल पाठक, , शेरा जैन, शुभम उपाध्याय, बसंत उपाध्याय, राजा उपाध्याय ,अमित मिश्रा,अर्पित जैन, दीपेश पटेल, मुनि विश्वकर्मा, चंदन पटेल, सहित अन्य सदस्यों ने ज्ञापन सौंप कर अपराधियों को अभिलंब गिरफ्तार करने की मांग की।

## अधर में लटके विकास कार्यों का जनता को नहीं मिल रहा लाभ

# धड़ल्ले से हो रहे भूमि पूजन कब होगा लोकार्पण

**सिहोरा।** लाखों करोड़ों की लागत से लगातार हो रहे विकाश कार्यों के भूमी पूजन से प्रतीत तो ऐसा होता है जैसे सिहोरा में विकास की गगां बह रही हो जबकी जमीनी हकीकत कुछ और बंया कर रही है। प्रदेश सरकार के नुमाइंदो द्वारा विकाश का टेलर दिखाते हुए फिल्म बाकी होने का हवाला तो दिया जा रहा है लेकिन वर्षों से प्रस्तावित स्थलों पर लगे शिलालेख अपनी दुर्दशा पर आंसु बहा रहे है।डिवाइडर रोड,पार्क,मझौली पुराना बाईपास रोड, तालाब का सौन्द्रयीकरण जैसे अनेक कामों पर लाखों करोड़ों रु व्यय करने के बाद भी लोगो को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा।

### अधूरी डिवाईडर रोड़ दे रही दुर्घटना को आमत्रंण

लगभग तीन वर्ष पूर्व तत्कालीन प्रदेश सरकार ने नये बस स्टेंड से बाबा ताल तक सेन्टर लाईटिंग के साथ पांच करोड़ की लागत से बनने वाली डिवाडर रोड की स्वीकृति प्रदान कर तीन करोड़ रू तत्काल उपलब्ध करा दिये शेष दो करोड़ की राशि निकाय को उपलब्ध करानी थी।निकाय ने आनन फानन में मार्ग में अवरोध उत्पन्न कर रहे विधुत पोल शिफ्ट किये बिना आधा अधूरा करीब 60 प्रतिशत कार्य कर डिवाईडर रोड़ को अधर में छोड़ दिया जिसके चलते आये दिन दुर्घटना घटित हो रही है।

### खितौला डिवाईडर रोड की राशि भी लगा दी

रेल्वे स्टेशन खितोला रोड में यातायात के भारी दबाव एंव आये दिन हो रही दुर्घटना को देखते हुऐ राज्य शाशन से लगातार की गई मांग पर पुनः पांच करोड़ की राशी तो आंवटित हुई लेकिन उसमें से लगभग एक करोड़ की राशि से विजय रेस्टारेन्ट से बाबा ताल तक डिवाइडर रोड तो बना दी लेकिन विधुत पोल शिफ्ट न होने के कारण इसका भी लाभ आम लोगों को नहीं मिल पा रहा।

### मझौली बायपास भी अधर में

नगर को सुन्दर सुव्यवस्थित बनाने प्रदेश सरकार ने तो खजाना खोलते हुए कायाकल्प 2.0 अभियान में एक करोड़ 60 लाख की लागत से पुराना मझौली बाईपास मार्ग को डिवाइडर मार्ग में उन्नयन की सौगात तो दी लेकिन इसका भी लाभ जल्दी मिलता नजर नहीं आ रहा।नगर पालिका की प्रशासनिक क्षमता,ठेकेदारों की मोनोपाली अथवा राजनैतिक अड़ंगेबाजी आखिर किसके कारण भूमी पूजन के बाद भी लोग लोकार्पण की बाट जोहने विवश हैं।

### इनका कहना है

डिवाईडर रोड़ प्रथम चरण में निकायमद की राशि उपलब्ध न होने के कारण काम पूर्ण नहीं हो सका ।कायाकल्प 2.0 के ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया था जबाव नहीं मिलने के कारण टेण्डर निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

**शैलेन्द्र कुमार ओझा**, मुख्य नगर पालिका, अधिकारी सिहोरा

## नगरीय प्रशासन आयुक्त ने की उच्च स्तरीय समीक्षा

**जबलपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निगमों और नगर पालिकाओं की महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न परियोजनाओं—विशेष सहायकता योजना, शहरी चुनौती निधि और गीता भवन योजना—की प्रगति का विस्तृत निरीक्षण किया गया। बैठक में नगर निगम जबलपुर के आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शहर में चल रहे विकास कार्यों और शासन को भेजे गए प्रस्तावों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि शेष प्रस्तावों को शीघ्र तैयार कर शासन को प्रेषित किया जाएगा। समीक्षा के दौरान आयुक्त भोंडवे ने पूंजी निवेश पर विशेष सहायकता योजना के तहत प्राप्त निधि का 100% उपयोग सुनिश्चित करने, लंबित परियोजनाओं में तेजी लाने और शहरी चुनौती निधि हेतु अभिनव प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। गीता भवन योजना की प्रगति का भी आकलन किया गया, तथा सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया गया। आयुक्त ने सभी नगरीय निकायों को मासिक लक्ष्य तय करने, नियमित समीक्षा वीसी आयोजित करने, ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने और आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए सफाई व पौधारोपण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

## तहसीलदार ने शिकायत पर की त्वरित कार्रवाई

# मंदिर व तालाब की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को सख्ती से रोका प्रशासन ने

**मझौली।** नगर के कटंगी रोड स्थित विष्णु वराह मंदिर और पारसनाथ जैन मंदिर से संबंधित तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत पर प्रशासन ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। नगर के मुन्नू सोनी, सिद्धार्थ उपाध्याय (सोनू सहू), मनोज साहू, अमन साहू, विशाल विश्वकर्मा, रीगन जती, अभिषेक दुबे सहित कई नागरिकों ने तहसीलदार मझौली को लिखित आवेदन दिया था, जिसमें बताया गया कि तालाब की भूमि, जिसमें दोनों मंदिरों का आधा–आधा हिस्सा दर्ज है, पर कुछ लोगों द्वारा लोहे के पाइप और टीन शेड लगाकर अवैध निर्माण किया जा रहा है।



शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए तहसीलदार मझौली ने हल्का पटवारी को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य रुकवाने का निर्देश दिया और अस्थायी स्थगन आदेश जारी कर दिया। आदेश के अनुसार विवादित भूमि पर आगामी निर्देश तक किसी भी प्रकार का निर्माण पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। राजस्व अभिलेखों के अनुसार खसरा क्रमांक 377 और 387 की भूमि शासकीय के रूप में दर्ज है, जबकि खसरा क्रमांक 388/1 पारसनाथ जैन मंदिर के आधे हिस्से के रूप में दर्ज है। शिकायत में यह आरोप लगाया गया था कि मझौली निवासी प्रमोद जैन (पिता प्रकाश चंद्र जैन) द्वारा इस भूमि के अंश पर चादर लगाकर निर्माण किया जा रहा था, जिसे प्रशासन ने रोक दिया है।

शिकायतकर्ता मुन्नू सोनी ने बताया कि इस तालाब की भूमि को लेकर विवाद पहले से ही सिविल कोर्ट सिहोरा में विचाराधीन है। यह मामला माननीय न्यायालय उर्वशी यादव, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-3 के समक्ष राजस्व प्रकरण क्रमांक 300023/1015 के रूप में दर्ज है, जिसमें पारसनाथ जैन मंदिर बनाम मध्यप्रदेश शासन पक्षकार हैं। इस प्रकरण की अगली सुनवाई 27 नवंबर 2025 को निर्धारित है। नगरवासियों ने मांग की है कि जब तक यह मामला न्यायालय में लंबित है, तब तक संबंधित भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण न होने दिया जाए। प्रशासन द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई से नगर में संतोष का वातावरण है और लोगों का मानना है कि इससे शासकीय और धार्मिक संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## पुष्पक नगर उद्यान क्रमांक-1 नमो उद्यान के नाम से जाना जायेगा : रिंकुज विज

**जबलपुर।** मेयर-इन-कॉउसिल बैठक दिनांक 26/09/2025 में पारित संकल्प क्र-616 अपर आयुक्त के पंजीबद्ध पत्र क्रमांक-590 दिनांक-24/09/2025 के अनुसार महर्षि महेश योगी वार्ड अंतर्गत पुष्पक नगर उद्यान क्रमांक 1 का नाम नमो उद्यान किये जाने के सम्बन्ध में विचार किया गया। निगमाध्यक्ष रिंकुज विज के द्वारा इस प्रस्ताव को सदन बैठक की पूर्व प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान की गई साथ ही आयुक्त को पत्र प्रेषित कर इस संबंध में शीघ्र कार्यवाही करने को कहा गया है।

## युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# गोहलपुर जाम से कब मिलेगी राहत

**जबलपुर।** शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों को जोड़ने वाले गोहलपुर स्थित मोतीनाला पुल को चौड़ा करने की मांग शुक्रवार को फिर तेज हो गई। युवा कांग्रेस जबलपुर के कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और व्यापारियों ने मोतीनाला पुल पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए पुल का चौड़ीकरण अब बेहद जरूरी हो गया है। शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सत्येंद्र कुकरेले सोनू ने बताया कि मोतीनाला पुल के निर्माण का टेंडर पिछले पाँच से अधिक बार प्रकाशित हो चुका है, लेकिन कोई भी ठेकेदार इस काम को लेने तैयार नहीं हो रहा। नगर निगम में भुगतान संबंधी अव्यवस्थाओं के कारण ठेकेदार काम करने से कतराते हैं, जबकि महापौर कहते हैं कि



विकास कार्यों में धन की कोई कमी नहीं है।

अगर पैसे की कमी नहीं है तो ढाई-तीन करोड़ की लागत वाला पुल अब तक क्यों नहीं बन पाया? सोनू कुकरेले ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पुल के चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं किया गया, तो शहर युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करने को विवश होगी। उन्होंने कहा कि आंदोलन से होने वाले नफा-नुकसान की पूरी जिम्मेदारी ट्रिपल इंजन सरकार की होगी। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा भानु यादव, जय ठाकुर, अभियुक्त वाजपेई, रोहित नेमा, दिलीप साहू, अन्नू तिवारी, राज विश्वकर्मा, आदि मौजूद रहे।

## तेज हुई जुआ सट्टा, मादक पदार्थ बेचने वालों की धरपकड़

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी, मारपीट तथा अन्य प्रकरणों एवं थानों में लंबित वारंटियों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से देशी व अंग्रेजी शराब जब्त की है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 71 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 53 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 10 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 2 गैरम्यादी, 33 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 11 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 65 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 29 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी ।




**श्रीमती जयंती बाई तन्खीवाले-** विजय नगर निवासी श्री चंद्रशेखर तन्खीवाले की धर्मपत्नी श्रीमती जयंती बाई तन्खीवाले (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शरनजीत कौर तलूजा-** कृष्णा हाईट्स गौरीघाट रोड निवासी श्री गोविंद सिंह तलूजा की धर्मपत्नी श्रीमती शरनजीत कौर तलूजा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राज किशोर सिंह-** आश्रय परिसर यादव कॉलोनी निवासी श्री राज किशोर सिंह (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अलोक सिंधिया-** फूटाताल मैदान के पास निवासी श्री रामफल सिंधिया के पुत्र श्री अलोक सिंधिया (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंदा बाई उईके-** नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज के पास गोरखपुर निवासी श्री भूरा उईके की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई उईके (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कैलाश बाबू शिवहरे-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री कैलाश बाबू शिवहरे (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शोभा माहेश्वरी-** महाकौशल कॉलोनी रामनगर अधारताल निवासी श्री धर्मेश माहेश्वरी की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा माहेश्वरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा खोसला-** पंचकुला कालका (हरियाणा) निवासी श्री आरएन खोसला की धर्मपत्नी श्रीमती उषा खोसला (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती चंदा बाई कनौजिया-** धनी कुटिया अधारताल निवासी श्री ठाकुर प्रसाद कनौजिया की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई कनौजिया (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील तिवारी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री सुनील तिवारी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अनुराधा केसरवानी-** गली नं. 9, सदर निवासी श्री घनश्याम केसरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती अनुराधा केसरवानी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय रैकवार-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री विजय रेकवार (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती धनलक्ष्मी शर्मा-** दीक्षित बस्ती माढ़ोताल निवासी श्री कपिल कुमार शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती धनलक्ष्मी शर्मा (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन प्रजापति-** कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मोहन प्रजापति (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती भागवती बाई सेन-** पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी श्री कालूराम सेन की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती बाई सेन (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक मिश्रा-** द्वारका नगर चुंगी चौकी लालमाटी निवासी श्री अशोक मिश्रा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मथुरा बाई कोरी-** रानी दुर्गावती नगर फेस 1, तिलहरी निवासी श्री झब्बू लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती मथुरा बाई कोरी (99) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश कुमार ठाकुर-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री राजेश कुमार ठाकुर (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री देव सिंह-** शिवनगर गढ़ा निवासी श्री देव सिंह (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामदीन यादव-** श्याम नगर महाराजपुर निवासी श्री रामदीन यादव (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री प्रहलाद-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री प्रहलाद (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

## सुरक्षा कर्मियों की तत्परता से स्कूटी अग्नि दुर्घटना में जनहानि बची

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी कंपनी के सुरक्षा व सिविल विभाग के कर्मियों की तत्परता से आज एक अग्नि दुर्घटना में जन हानि नहीं हो पायी।

पावर मैनेजमेंट कंपनी के सुरक्षा विभाग को शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे सूचना मिली कि जलपरी रोड पर स्कूटी नं. एमपी 20 जेएस 7695 में आग लगी हुई है। सूचना पाकर तुरंत सुरक्षा बल एवं सिविल विभाग के कर्मी घटनास्थल पर पहुँचे और उन्होंने फौरी कार्रवाई करते हुए फायर बिग्रेड व डायल 112 को सूचित




किया। उस समय तक आग तेजी से बढ़ रही थी जिससे आवागमन में असुविधा हो रही थी। सुरक्षा विभाग के कर्मियों ने शक्तिभवन मुख्य द्वार पर मौजूद फायर उपकरण लाकर स्कूटी में लगी हुई अग्नि पर काबू पाया। आग पर काबू करने के उपरांत फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई। पावर मैनेजमेंट कंपनी के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी आरएन यादव ने जानकारी दी कि स्कूटी चालक बंगला नंबर 7 में निवासरत सुनील कोरी था। वह सुबह अपने कार्य के लिए एम्पायर टाकीज जा रहा था, तभी उसकी स्कूटी में तकनीकी कारण से अग्नि भड़क उठी। सुरक्षा विभाग एवं सिविल विभाग की तत्परता से इस अग्नि घटना में कोई जन हानि नहीं हो पायी।

# संकट में जापान, 'शून्य' वाला रूल खत्म, 30 साल से यही था देश की ताकत

## देश की उधारी दर बढ़कर 2.8 प्रतिशत पर पहुंची, येन कैरी ट्रेड के लिए मुसीबत खड़ी कर रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जापान ने 30 साल का बड़ा ट्रेंड तोड़ दिया है। इससे दुनिया भर के बाजार हिल गए हैं। देश की उधारी दर बढ़कर 2.8 प्रतिशत हो गई है। यह कभी बहुत फायदेमंद रहे 'येन कैरी ट्रेड' के लिए मुसीबत खड़ी कर रही है। इन्वेस्टमेंट बैंकर ने लिंक्डइन पर यह चेतावनी दी है। दशकों से जापान की बहुत कम ब्याज दरें दुनिया भर के निवेशकों के लिए पैसे उधार लेने का सबसे सस्ता जरिया थीं।

ये लगभग 0 प्रतिशत थीं। बड़े संस्थान कम ब्याज पर येन उधार लेते थे। उसे अमेरिका और भारत जैसे ज्यादा मुनाफा देने वाले बाजारों में लगाते थे। वहां बांड और शेयर बाजार में 4 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक का रिटर्न मिलता था। करेंसी और लेनदेन के खर्चों को हटाने के बाद भी यह अंतर मोटा मुनाफा देता था।

### क्या हैं भारत के लिए मायने?

जापान की ओर से ब्याज दरें बढ़ाने और जीरो ब्याज दर पॉलिसी की नीति को समाप्त करने का भारत के लिए मुख्य मायने यह है कि सस्ती पूंजी की उपलब्धता में कमी आ सकती है। इससे जापानी निवेश के प्रवाह पर कुछ हद तक नकारात्मक असर पड़ सकता है। पिछले 30 वर्षों से जापान की लगभग शून्य ब्याज दर नीति के कारण निवेशक वहां से सस्ती दरों पर येन में उधार लेते थे (जिसे 'येन कैरी ट्रेड' कहते हैं) और उसे भारत जैसे ऊंचे रिटर्न वाले बाजारों में लगाते थे। अब जब जापान में ब्याज दरें बढ़ गई हैं (वैसे यह अभी भी अन्य देशों की तुलना में काफी कम है) तो वहां के निवेशकों के लिए अपने देश में ही निवेश करना अधिक आकर्षक हो सकता है या वे अपना पैसा वापस जापान ले जा सकते हैं।





### उधारी दर 30 सालों में सबसे अधिक

इस ग्लोबल 'येन कैरी ट्रेड' का खेल अब खत्म हो रहा है। 19 नवंबर को जापान की उधारी दर 30 सालों में सबसे ज्यादा 2.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। अगर यह दर 3 प्रतिशत को पार कर गई तो जापान का कर्ज संभालना मुश्किल हो जाएगा। यह पहले से ही उसकी जीडीपी का 2.5 गुना है। 'यह बहुत बड़ी तबाही है क्योंकि कैरी ट्रेड से होने वाला मुनाफा अब खत्म हो रहा है।' इस वजह से घबराहट फैल गई है। निवेशक अब अपने विदेशी निवेश, खासकर अमेरिका में बेचकर जापानी कर्ज चुकाने की कोशिश कर सकते हैं। इससे दुनिया भर के शेयर बाजारों पर और दबाव बढ़ेगा।

### जापान में आखिर क्यों हो रहा ऐसा?

सवाल उठता है कि आखिर जापान ऐसा अचानक क्यों कर रहा है? इसकी वजह है महंगाई। 25 सालों में पहली बार जापान की महंगाई दर 2.5 प्रतिशत को पार कर गई है। जबकि लोगों की असली कमाई (रियल वेज) बढ़ी नहीं है। अब बैंक ऑफ जापान को मांग को कम करने और कीमतों को काबू में लाने के लिए ब्याज दरें बढ़ानी पड़ रही हैं। यह कोई पहली बार नहीं है कि जापान ने दरें बढ़ाई हैं। अगस्त 2024 में जब दरें थोड़ी सी बढ़ाकर 0.25 प्रतिशत की गई थीं, तब भी भारी अफरातफरी मच गई थी। उस दिन निक्केई (जापान का शेयर बाजार सूचकांक) 12 प्रतिशत गिर गया था। हालांकि, बाद में संभल गया था।

## पिछले तीन माह में रुपए में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट

# रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा, 93 पैसे टूटकर 89.61 प्रति डॉलर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये में शुक्रवार को 93 पैसे की बड़ी गिरावट आई और यह 89 के स्तर को पार कर अबतक के सबसे निचले स्तर 89.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले तीन महीने में रुपये में एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है।

व्यापार-संबंधी अनिश्चितताओं के बीच घरेलू और वैश्विक बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ रुपये की विनिमय दर में बड़ी गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, जोखिम से बचने की धारणा के बीच वैश्विक आईटी शेयरों में भारी बिकवाली और प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर स्पष्टता के अभाव के कारण रुपया लुढ़का है।

### विनिमय बाजार में रुपया 88.67 पर खुला

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.67 पर खुला और कारोबार के दौरान अबतक के सबसे निचले स्तर 89.65 पर पहुंच गया। रुपया आखिरकार कारोबार के अंत में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 89.61 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 93 पैसे की गिरावट है। बृहस्पतिवार को रुपया 20 पैसे फिसलकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.68 पर बंद हुआ था।

**भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में अस्पष्टता के कारण लुढ़का**

**वैश्विक बाजारों से भी मिले नकारात्मक संकेतों से आया नीचे**

**इससे पहले इतनी तेज गिरावट 30 जुलाई को दर्ज की थी**



### पिछला अब तक का सबसे निचला स्तर 30 सितंबर को रहा

रुपया ने कारोबार के दौरान अपना पिछला अब तक का सबसे निचला स्तर 30 सितंबर को 88.85 पर दर्ज किया था। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पिछला सबसे निचला बंद स्तर 14 अक्टूबर को 88.81 पर रहा था। इससे पहले भारतीय मुद्रा में इतनी तेज गिरावट 30 जुलाई को दर्ज की थी। उस समय यह कारोबार के दौरान 89 पैसे लुढ़क गया था।

### ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से डॉलर मजबूत

*कलंत्री ने कहा कि अमेरिका में उम्मीद से बेहतर गैर-कृषि पेरोल आंकड़ों के साथ ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कम होने तथा मजबूत डॉलर सूचकांक के साथ रुपये पर और दबाव पड़ा। कलंत्री ने कहा, "इस गिरावट के साथ रुपया एशिया की प्रमुख मुद्राओं में सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वालों में शामिल हो गया है...। हमारा अनुमान है कि रुपये की विनिमय दर आगे कमजोर होकर 90.40 और 91 के स्तर तक जा सकती है।"*

*व्यापार अनिश्चितताओं के कारण गिरावट : केंद्रीय बैंक रुपये के किसी विशेष स्तर को लक्ष्य नहीं बनाता है। अमेरिका द्वारा शुल्क लगाए जाने के बाद उत्पन्न व्यापार अनिश्चितताओं के कारण घरेलू मुद्रा में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले हाल में गिरावट आई है।*

### डॉलर की मांग बढ़ने से रुपए में गिरावट

मल्होत्रा ने राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, "हम किसी विशेष स्तर को लक्ष्य नहीं बनाते। रुपये का मूल्य क्यों घट रहा है? इसका कारण मांग है। यह बाजार तय करते हैं रुपया एक वित्तीय साधन है और डॉलर की मांग होती है। अगर डॉलर की मांग बढ़ती है तो रुपया कमजोर होता है और अगर रुपये की मांग बढ़ती है तो डॉलर गिरता है और रुपया मजबूत होता है।

### रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, " कमजोर वैश्विक जोखिम धारणा और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के चलते शुक्रवार को रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अबतक के सबसे निचले स्तर पर आ गया।

# चीन से आयातित पॉलिएस्टर धागे की डंपिंग के खिलाफ जांच शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड सहित दो घरेलू कंपनियों की शिकायतों के बाद देश में चीन की कंपनियों के 'पॉलिएस्टर टेक्सचर्ड' धागे की कथित डंपिंग करने के खिलाफ जांच शुरू की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने कहा कि रिलायंस और वेलनोउन पॉलिएस्टर ने अपने आवेदनों में दावा किया है कि चीन से इन धागों के सस्ते आयात से घरेलू उद्योग को नुकसान हुआ है और इसलिए उन्होंने सरकार से डंपिंग रोधी शुल्क लगाने का अनुरोध किया है।

डीजीटीआर ने कहा कि आवेदकों द्वारा प्रस्तुत विधिवत प्रमाणित लिखित आवेदनों के आधार पर तथा उत्पादों की डंपिंग के संबंध में आवेदकों द्वारा प्रस्तुत प्रथम दृष्टया साक्ष्यों से संतुष्ट होने के बाद ''प्राधिकरण डंपिंग रोधी'' जांच शुरू करता है। यदि यह साबित हो जाता है कि इन



- रिलायंस सहित दो कंपनियों पर डंपिंग करने का आरोप
- घरेलू कंपनियों की शिकायत के बाद जांच शुरू

डंपिंग ने घरेलू उत्पादकों को वास्तविक नुकसान पहुंचाया है तो डीजीटीआर इन आयातों पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करेगा। इन शुल्कों को लगाने का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेता है। देश डंपिंग रोधी जांच यह निर्धारित करने के लिए करते हैं कि क्या सस्ते आयात में वृद्धि के कारण घरेलू उद्योगों को नुकसान हुआ है।

*सस्ते आयात से निपटने लगाया गया डंपिंग रोधी शुल्क : भारत ने चीन सहित विभिन्न देशों से सस्ते आयात से निपटने के लिए पहले ही कई उत्पादों पर डंपिंग रोधी शुल्क लगा रखा है। भारत और चीन दोनों विश्व व्यापार संगठन के सदस्य हैं।*

*चीन दूसरा सबसे बड़ा साझेदार : चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भारत ने पड़ोसी देश के साथ बढ़ते व्यापार घाटे पर बार-बार गंभीर चिंता व्यक्त की है जो 2024-25 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था।*


## खबर संक्षेप

### इंडिगो विमान अधिग्रहण के लिए करेगी निवेश



**मुंबई।** घरेलू विमान कंपनी इंडिगो ने विमान अधिग्रहण के लिए अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंटरग्लोब एविएशन फाइनेंशियल सर्विसेज आईएफएससी प्राइवेट लिमिटेड में 82 करोड़ डॉलर (करीब 7,270 करोड़ रुपये) के निवेश को शुक्रवार को मंजूरी दे दी है। 21 नवंबर तक इंडिगो के बेड़े में 411 विमान हैं।

### ट्रंप की ब्राजील से आने वाले कॉफी, फलों पर शुल्क ढील



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने देशवासियों के लिए उपभोक्ता लागत कम करने के प्रयास के तहत ब्राजील के उत्पादों पर लगाए गए शुल्क में और ढील दी है। इस फैसले का असर कॉफी, फलों और 'बीफ' (गोवंश के पशुओं का मांस) सहित कई अन्य वस्तुओं पर पड़ेगा। ट्रंप अप्रैल में घोषित कुछ शुल्क को वापस ले रहे हैं।

### एथर एनर्जी ने श्रीलंका में किया विस्तार

ATHER

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी एथर एनर्जी ने श्रीलंका में अपने उत्पादों के विस्तार की शुक्रवार को घोषणा की। श्रीलंका एक बढ़ता हुआ अंतरराष्ट्रीय बाजार बन गया है। इसने दिसंबर 2024 में द्वीप राष्ट्र में प्रवेश किया था। साझेदारी में 'कोलंबो मोटर शो 2025' में श्रीलंका में अपना स्कूटर 'रिज्टा' पेश किया।

### खाद्यान्न उत्पादन में आठ फीसदी की वृद्धि



**नई दिल्ली।** देश में खाद्यान्न उत्पादन फसल वर्ष 2024-25 में आठ प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 35.77 करोड़ टन हो गया। जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। फसल वर्ष 2023-24 में खाद्यान्न उत्पादन 33.23 करोड़ टन रहा था। रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन किसानों के प्रयासों और एमएसपी और खरीद सहित सरकारी नीतियों का नतीजा है।

### हिंडाल्को के न्यूयॉर्क संयंत्र में लगी आग



**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने उसके न्यूयॉर्क स्थित संयंत्र में आग लगने की शुक्रवार को जानकारी दी। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। कंपनी का न्यूयॉर्क के ओस्वेगो स्थित संयंत्र उसकी अमेरिकी अनुषंगी कंपनी नोवेलिस का है। इस संयंत्र में इससे पहले 16 सितंबर को भी आग लग गई थी।

### बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अक्टूबर में स्थिर



**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अक्टूबर में स्थिर रही। पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादों, उर्वरक और इस्पात के उत्पादन में वृद्धि का असर कोयला और बिजली उत्पादन में गिरावट से जाता रहा। जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों... कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, बिजली, उर्वरक और इस्पात में सितंबर में 3.3 प्रतिशत और अक्टूबर 2024 में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

# सेबी की बाजार सूचकांक में रीट शामिल करने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) बाजार सूचकांक में रीट (रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट) को शामिल करने के लिए उद्योग के साथ बातचीत करेगा। इस कदम से इन निवेश साधनों के लिए नकदी काफी बढ़ने की उम्मीद है।

पांडेय ने रीट और इनविट पर आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा, ''सेबी सूचकांक में रीट को शामिल करने में मदद के लिए सभी संबंधित पक्षों के साथ काम करेगा।'' रीट ऐसी कंपनियां हैं, जिनके पास रियल एस्टेट का स्वामित्व है और जो उनका संचालन करती हैं। ये कंपनियां निवेशकों को महंगी रियल एस्टेट संपत्ति खरीदने और लाभांश आय कमाने का मौका देती हैं। पांडेय ने कहा कि एक बार शामिल होने के बाद इन निवेश साधनों की नकदी में सुधार होगा। सेबी प्रमुख ने इस बात पर भी जोर दिया कि नियामक रीट और इनविट (बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्ट) के लिए कारोबार सुगम बनाने के उपाय कर रहा है। इन प्रयासों के तहत, सेबी उन 'लिक्विड' म्यूचुअल फंड योजनाओं के दायरे को बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है जिनमें निवेशकों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए रीट और इनविट निवेश कर सकते हैं।



- सेबी चेयरमैन ने कहा, सेबी संबंधित पक्षों से करेगा बातचीत
- इस कदम से निवेश साधनों के लिए नकदी बढ़ने की उम्मीद

*इनविट की नई परियोजनाओं में निवेश की मिलेगी अनुमति*
*पांडेय ने कहा कि नियामक इस बात पर विचार कर रहा है कि क्या पर्याप्त सुरक्षा उपायों की मौजूदगी के साथ निजी इनविट को नई परियोजनाओं में निवेश करने की अनुमति दी जा सकती है। साथ ही, सेबी इन उपकरणों में संस्थागत निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए उनके साथ सक्रियता से जुड़ रहा है।*

*सेबी वित्त मंत्रालय से मिलकर काम कर रहा : चेयरमैन ने कहा कि इस प्रयास को समर्थन देने के लिए, सेबी सार्वजनिक संपत्ति मुद्रीकरण में तेजी लाने के लिए वित्त मंत्रालय और कई राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रहा है।*

# शेयर बाजार में जारी तेजी थमी सेंसेक्स 400 अंक गया लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक, बीएसई सेंसेक्स 400 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 124 अंक टूटा। कारोबारियों के अनुसार, कमजोर वैश्विक रुझानों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होने से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 400.76 अंक की गिरावट के साथ 85,231.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 444.84 अंक तक फिसल गया था। निफ्टी 124 अंक की गिरावट के साथ 26,068.15 पर बंद हुआ। पिछले दो सत्र में यह एक प्रतिशत यानी 282 अंक से अधिक चढ़कर 26,000 के पार पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा स्टील, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इटर्नल के शेयर में प्रमुख रूप से गिरावट आई। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और आईटीसी शामिल हैं। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका में उम्मीद से बेहतर गैर-कृषि वेतन आंकड़ों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को कम कर दिया है। इससे वैश्विक बाजारों में निवेशकों की धारणा कमजोर हुई। एआई से संबंधित शेयरों में जरूरत से अधिक तेजी को लेकर चिंता ने भी वैश्विक बाजारों में निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

## टोयोटा ने 11.5 हजार अर्बन क्रूजर हाइडर वापस मंगाई...



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर अपने मध्यम आकार की एसयूवी अर्बन क्रूजर हाइडर की 11,529 इकाइयों को डैशबोर्ड के एक हिस्से की जांच और बदलने के लिए वापस मंगा रही है। इन इकाइयों को वापस मंगाने का मकसद नौ दिसंबर 2024 से 29 अप्रैल 2025 के बीच बनी 11,529 वाहनों में यदि 'कॉम्बिनेशन मीटर' में खराबी पाई जाती है, तो उसकी जांच करना और बदलना है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि अपने 'सबसे पहले ग्राहक' दृष्टिकोण और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के प्रति प्रतिबद्धता के तहत कंपनी ग्राहकों की चिंताओं को तुरंत दूर करती रहेगी।

# सेबी ने आईपीओ-पूर्व नियोजन में म्यूचुअल फंड की भागीदारी रोकी

- मूल्यांकन में नकदी बढ़ाने व पारदर्शिता लाने कदम उठाया गया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड को आईपीओ-पूर्व नियोजन में निवेश करने से रोक दिया है, लेकिन उन्हें एंकर दौर में निवेश करने की अनुमति दी है। एक सूत्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह कदम आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने वाली कंपनियों के मूल्यांकन में नकदी बढ़ाने तथा पारदर्शिता लाने के लिए उठाया गया है। सूत्र ने कहा, ''हमने म्यूचुअल फंड योजनाओं से आईपीओ-पूर्व नियोजन में निवेश नहीं करने बल्कि एंकर दौर में निवेश करने को कहा है। इस महीने की शुरुआत में सेबी ने आईपीओ में एंकर निवेशकों के लिए शेयर आवंटन ढांचे को नया रूप देने के लिए नियमों में संशोधन किया था। इसका मकसद म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों तथा पेंशन फंड जैसे घरेलू संस्थागत निवेशकों की भागीदारी बढ़ाना था। इसके तहत नियामक ने एंकर हिस्से के कुल आरक्षण को पहले के 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया है।

### एक वर्ग को नुकसान हो रहा

वायदा-विकल्प कारोबार के संबंध में सूत्र ने कहा कि लोगों के एक वर्ग या खुदरा निवेशकों के 'अतार्किक उत्साह' के कारण उन्हें नुकसान हो रहा है।

# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 5,54 अरब डॉलर की वृद्धि

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 5.54 अरब डॉलर बढ़कर 692.58 अरब डॉलर हो गया। मुख्य रूप से स्वर्ण भंडार में भारी तेजी आने के कारण मुद्रा भंडार बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कुछ सप्ताह से विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख देखा जा रहा था। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.69 अरब डॉलर घटकर 687.03 अरब डॉलर रहा था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 15.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 562.29 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड व येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।



**प्रियदर्शिनी सुविधा स्व सेवा केन्द्र मढ़ाताल, जबलपुर**

पत्र क्रमांक/प्रिय./2025-26/137 जबलपुर दिनांक : 21/11/2025

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनुपयोगी कार्यालयीन फर्नीचर, प्लाई, कम्प्यूटर, सेल्फ, रेक्स, फैन एव अन्य मृत स्कंध सूची अनुसार को विक्रय किये जाने दिनांक 28/11/2025 तक दरें बन्द लिफाफे में सायं 5.00 बजे तक कार्यालय में जमा करें। दरों को दिनांक 01/12/2025 सायं 3.00 बजे खोली जायेंगी।

प्रबंधक
प्रियदर्शिनी सुविधा स्व सेवा केन्द्र
मढ़ाताल, जबलपुर

**LIC HFL एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की हमारी एल.आई.सी. हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड की एरिया ऑफिस जबलपुर जिसका वर्तमान पता :–18, सिविक सेंटर, खंडेलवाल कॉम्प्लेक्स, प्रभु वंदना टॉकीज के सामने, मराठाल, जबलपुर (म.प्र.) है आगामी दिनांक 20.02.2026 से हमारे नए पते प्रथम तल, प्लॉट नं.1919, राइट टाउन प्रेम मंदिर के पास, जबलपुर मध्य प्रदेश, पर स्थानांतरित हो जायेगी।

एरिया ऑफिस स्थानांतरण के कारण होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है।

आंचलिक प्रबंधक

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T./Colony Cell-e-tendering-PRO/579 **द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना** Date-21/11/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_463972_1 | स्वामी विवेकानंद वार्ड स्थित हर्षित नगर मोहन बागान में पेवर ब्लाक, बाउन्ड्री वॉल एवं अन्य आवश्यक निर्माण कार्य। | 04 माह<br>7.20 लाख | 2000/-<br>7300/- | 02/12/2025 |
| 2 | 2025_UAD_463972_2 | ग्वारीघाट वार्ड अंतर्गत पटेल आनंद कालोनी में श्री सोहनलाल कोटवानी के मकान से श्री अनिल यादव के मकान तक सी.सी. रोड नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य। | 04 माह<br>7.31 लाख | 2000/-<br>7400/- | 02/12/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in की पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रभारी कालोनी सेल
नगर पालिक निगम जबलपुर

**कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश छिन्दवाड़ा, म.प्र.**

**निविदा विज्ञप्ति**

इस कार्यालय में वित्त वर्ष 2025 - 26 हेतु जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा एवं तहसील न्यायालय पांढुर्णा, चौरई, अमरवाड़ा, जुन्नारदेव के सर्वर कक्ष में स्थापित यू. पी. एस. Make : Vertiv (Emerson), Model: 2 KVA GXTMT + CX LB 16 Amp हेतु एक्साईड कंपनी की पुरानी बैटरी (Exide 12V120AH manufacturing 2017-18) के बाय- बैक में एक्साईड अथवा एमरॉन (क्वान्टा) कंपनी की 30 नवीन बैटरी क्रय किया जाना है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| S. No. | Location | No. of required 12V120AH SMF batteries for UPS system |
|---|---|---|
| 1 | Chhindwara | 06 Nos |
| 2 | Junnardeo | 06 Nos |
| 3 | Pandhurna | 06 Nos |
| 4 | Chourai | 06 Nos |
| 5 | Amarwara | 06 Nos |
| Total required Batteries | | 30 Batteries |

उपरोक्तानुसार लोकेशन हेतु बाय-बैक के अन्तर्गत नवीन बैटरी क्रय करने हेतु एम.पी. टेंडर पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर ई-निविदा आमंत्रित की जा रही है। अत: निविदा सूचना, निविदा प्रस्तुत करने बावत नियम व शर्तो सहित एम. पी. टेंडर पोर्टल पर उपलब्ध है।


दिनांक :- 19/11/2025 कृते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला - छिन्दवाड़ा, म.प्र.

G-21777/25

## चिंतन

# तेजस विमान हादसे की जांच आवश्यक

दुबई एयर शो में भारतीय तेजस लड़ाकू विमान का प्रदर्शन उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो जाना केवल एक दुखद घटना नहीं, बल्कि भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमता के सामने खड़े गंभीर प्रश्नों की ओर भी संकेत करता है। दुनिया के सबसे बड़े एविएशन आयोजनों में से एक माने जाने वाले दुबई एयर शो में जब शुक्रवार दोपहर तेजस अचानक नियंत्रण खोकर नीचे गिर पड़ा, तो कुछ ही पलों में अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऊपर काले धुएं का विशाल गुबार उठता दिखाई दिया। हादसे में एक अनुभवी पायलट की जान चली गई। तेजस, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने विकसित किया है, भारत की आधुनिक रक्षा तकनीक का प्रतीक माना जाता रहा है। यह 4.5-जनरेशन का मल्टी-रोल कॉम्बैट विमान है, जिसे एयर-डिफेंस, ग्राउंड अटैक और नजदीकी लड़ाई जैसे विविध सैन्य अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका हल्का और छोटा ढांचा इसे फुर्तीला बनाता है और इसकी एक बड़ी विशेषता मार्टिन-बेकर की जीरो-जीरो इजेक्शन सीट है, जो पायलट को शून्य गति और शून्य ऊंचाई पर भी सुरक्षित बाहर निकलने की क्षमता देती है। यह विशेषता आधुनिक लड़ाकू विमानों में एक मजबूत सुरक्षा कवच मानी जाती है लेकिन यही विशेषताएं इस हादसे को और अधिक हैरान करने वाली बनाती हैं। सवाल उठना स्वाभाविक है कि इतनी उन्नत सुरक्षा तकनीक के बावजूद पायलट सुरक्षित क्यों नहीं बच पाया? क्या इजेक्शन सिस्टम को सक्रिय करने के लिए समय नहीं मिल पाया, या क्या तकनीकी स्तर पर कोई चूक हुई? इन प्रश्नों के उत्तर न सिर्फ तकनीकी जांच पर निर्भर हैं, बल्कि भारत की वायु सुरक्षा नीतियों और प्रोटोकॉल पर भी। चिंता का दूसरा बड़ा पहलू यह है कि बीते दो वर्षों में यह दूसरा तेजस हादसा है। मार्च 2024 में जैसलमेर के पास हुए दुर्घटनाग्रस्त तेजस में पायलट सुरक्षित बच गया था। वह घटना 2001 में पहली टेस्ट फ्लाइट के बाद तेजस का पहला बड़ा हादसा थी। लेकिन अब एक और दुर्घटना ने यह समझने की ज़रूरत पैदा कर दी है कि क्या यह केवल संयोग है या किसी गहरी प्रणालीगत कमी का संकेत। एयर शो में हुए हादसे अलग तरह से महत्वपूर्ण होते हैं। यहां उड़ानें सिर्फ तकनीकी प्रदर्शन नहीं, बल्कि दुनिया के सामने देश की सैन्य और विमानन क्षमता का प्रदर्शन भी होती हैं। ऐसे मंच पर हुआ दुर्घटनाग्रस्त प्रदर्शन न केवल भारत की प्रतिष्ठा को प्रभावित कर सकता है, बल्कि संभावित अंतरराष्ट्रीय रक्षा साझेदारियों और निर्यात योजनाओं पर भी सवाल खड़े कर करता है। इसके अलावा, यह घटना तेजस की युद्ध परिस्थितियों में विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। यदि नियंत्रित प्रदर्शन वातावरण में सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही, तो वास्तविक युद्ध परिस्थितियों में उच्च दबाव, ऊंचे तापमान और अचानक आने वाली चुनौतियों का सामना यह विमान किस स्तर पर कर पाएगा, यह गंभीर विमर्श का विषय है। इस दुर्घटना के बाद अनिवार्य रूप से व्यापक तकनीकी जांच होगी, लेकिन उससे अधिक आवश्यक है कि तेजस परियोजना के हर पहलू, डिज़ाइन, रख-रखाव, गुणवत्ता नियंत्रण, पायलट प्रशिक्षण और उड़ान सुरक्षा की समग्र समीक्षा की जाए। भारत ने तेजस को दशकों की मेहनत के बाद विकसित किया है और यह राष्ट्रीय गौरव का प्रोजेक्ट है। इसलिए इसका सुरक्षित, भरोसेमंद और युद्ध-सक्षम होना अनिवार्य है। तेजस की उड़ान तभी आसमान में स्थिर रह सकेगी, जब उसकी नींव तकनीकी और संस्थागत दोनों, और अधिक मजबूत बनाई जाए।



भाषायी विवाद
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

# भाषायी असहिष्णुता की मानवीय कीमत

हाल ही में महाराष्ट्र की घटना ने देश को गहराई से विचलित किया है। ठाणे जिले में ट्रेन में सफर कर रहे 19 वर्षीय अर्णव खैरे, जो स्वयं मराठी भाषी परिवार से थे, धक्का-मुक्की के दौरान सहज ही हिंदी में बोल बैठे "थोड़ा आगे हो जाएं।" इस छोटे-से वाक्य ने कुछ लोगों के भीतर छिपे भाषाई कट्टरवाद को सुलगा दिया। उन पर सवाल उठाया गया कि वह मराठी में क्यों नहीं बोलते। देखते ही देखते बात तंज, अपमान और मारपीट तक पहुंच गई। एक साधारण-सा संवाद हिंसक असहिष्णुता में बदल गया। अर्णव इस घटना से अंदर तक टूट गया। यदि हम सहिष्णुता, संवाद और बहुभाषिक सौहार्द को अपना मूल्य बना लें, तो भारत की विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

भाषा वह मौलिक शक्ति है जो मनुष्य के विचारों, भावनाओं, संस्कारों, संबंधों और पहचान को एक सूत्र में पिरोती है। भाषा केवल बोलने का माध्यम नहीं है बल्कि मनुष्य की संस्कृति, इतिहास और सामूहिक स्मृति का जीवंत रूप है। इसलिए भाषा को लेकर सम्मान, सौहार्द और सहिष्णुता किसी भी सभ्य समाज के अनिवार्य तत्त्व माने जाते हैं। लेकिन जब यही भाषा अहंकार, आक्रोश और पहचान की राजनीति का मंच बन जाए, तो इसकी संजीदगी रक्तरंजित भी हो सकती है। भारत जहां भाषाओं की विविधता का अद्भुत संगम दिखाई देता है। वहीं यह भाषाओं की विविधता संवेदनशील और नाजुक भी दृष्टिगोचर होती है। इसी संवेदनशीलता के साथ किए गए किसी भी खिलवाड़ का परिणाम सामाजिक तनाव, हिंसा और कभी-कभी अमानवीयता तक पहुंच जाता है। हाल ही में महाराष्ट्र की घटना ने देश को गहराई से विचलित किया है। ठाणे जिले में ट्रेन में सफर कर रहे 19 वर्षीय अर्णव खैरे, जो स्वयं मराठी भाषी परिवार से थे, धक्का-मुक्की के दौरान सहज ही हिंदी में बोल बैठे "थोड़ा आगे हो जाएं।" इस छोटे-से वाक्य ने कुछ लोगों के भीतर छिपे भाषाई कट्टरवाद को सुलगा दिया। उन पर सवाल उठाया गया कि वह मराठी में क्यों नहीं बोलते। देखते ही देखते बात तंज, अपमान और मारपीट तक पहुंच गई। एक साधारण-सा संवाद हिंसक असहिष्णुता में बदल गया। अर्णव इस घटना से अंदर तक टूट गया। उसके पिता के अनुसार, वह घटना के बाद घबराए हुए, अवसादग्रस्त और भीतर से अस्थिर दिखने लगे थे। उनका आत्मविश्वास चकनाचूर हो चुका था। कुछ ही दिनों में उन्होंने आत्महत्या कर ली, एक ऐसी मौत जो किसी बीमारी, असफलता या व्यक्तिगत संकट की वजह से नहीं, बल्कि भाषा पर आधारित अपमान और भय की वजह से हुई। यह त्रासदी केवल एक युवक की मृत्यु नहीं है; यह उस समाज के अंतःकरण पर लगा गहरा प्रश्नचिह्न है जिसने भाषा के नाम पर हिंसा को स्वीकृति जैसा मौन समर्थन दे दिया है। यह बताती है कि भाषाई असहिष्णुता सिर्फ मारपीट जैसी सतही घटनाओं तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह व्यक्ति की मानसिक संरचना, आत्मसम्मान और अस्तित्व-बोध पर प्रहार करती है। यह कोई पहली घटना भी नहीं है। महाराष्ट्र में भाषा की राजनीति और मराठी अस्मिता के सवाल दशकों से उबलते रहे हैं। कभी गैर-मराठी दुकानदारों, टैक्सी चालकों या कामगारों को अपमानित कर पीटा जाता है तो कभी लोकल ट्रेन, दफ्तर या हॉस्टल में हिंदी भाषियों को तिरस्कार झेलना पड़ता है। लेकिन इन सबके बीच पहली बार ऐसा उदाहरण सामने आया है जहां एक मराठी युवक को हिंदी बोलने के कारण उत्पीड़न झेलना पड़ा और अंततः उसने जान दे दी। यह इस बात का प्रमाण है कि असहिष्णुता का दानव किसी भी समय दिशा बदल सकता है, क्योंकि उसकी जड़ें भाषा में नहीं, बल्कि मनोवृति में होती हैं। जब समाज में भाषा पहचान के बजाय श्रेष्ठता साबित करने का माध्यम बन जाती है, तब वह अपनों को भी नहीं छोड़ती। महाराष्ट्र की यह घटना उस व्यापक भारतीय कहानी का हिस्सा है जिसमें भाषा अक्सर संवेदनशील राजनीतिक और सामाजिक प्रश्न बन जाती है। तमिलनाडु इसका सबसे प्रमुख उदाहरण है, जहां 1965 में हिंदी-विरोध आंदोलन ने शिक्षा नीति,



संघवाद और स्थानीय अस्मिता को लेकर बड़े संघर्ष को जन्म दिया था। इसी तरह कर्नाटक-तमिलनाडु सीमा पर भाषा और क्षेत्रीय पहचान ने कई बार तनाव को जन्म दिया। पूर्वोत्तर भारत में भी भाषाई पहचान अक्सर संघर्षों का मूल रही है, असम बनाम बंगाली समाज, असम-मिज़ोरम की सीमा पर विवाद और बांग्लाभाषियों के खिलाफ आंदोलन इसके उदाहरण हैं। पंजाब में गैर-पंजाबी मजदूरों तथा हिंदी-उर्दू भाषी समुदायों से दूरी ओर अविश्वास कई बार उग्र रूप लेता रहा है। दिल्ली और उत्तर भारत में भी हिंदी-अंग्रेजी की प्रतिस्पर्धा और क्षेत्रीय भाषाओं की उपेक्षा, एक अलग तरह की भाषाई असमानता को जन्म देती है। इन सभी घटनाओं से पता चलता है कि भाषाई तनाव किसी एक क्षेत्र की समस्या नहीं है; यह पूरे भारत के सामाजिक मनोविज्ञान में मौजूद एक पुराना, जटिल और बहुपरत तनाव है। भाषाई असहिष्णुता की सबसे बड़ी कीमत युवा पीढ़ी चुका रही है। किशोर और युवा, जो समाज के बदलते वातावरण को सबसे तेजी से ग्रहण करते हैं, भाषा आधारित अपमान और हिंसा के कारण गहरे मानसिक तनाव का सामना करते हैं। अर्णव की घटना इसका चरम रूप है, लेकिन उससे पहले भी न जाने कितने युवा भाषा के कारण भेदभाव, शर्मिंदगी और अवसाद से गुजर चुके हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बार-बार अपमानित होने पर व्यक्ति का आत्मविश्वास टूट जाता है। इस समस्या की जड़ें केवल समाज के व्यवहार में नहीं हैं, बल्कि राजनीति के उन विघटनकारी प्रयासों में भी हैं जहां भाषा को वोट बैंक का औजार बनाया जाता है। भाषायी अस्मिता को उभारना आसान है, क्योंकि यह गौरव और पीड़ित भाव दोनों को एक साथ जगाती है। कई राज्यों में नेताओं ने भाषा को भावनात्मक हथियार बनाकर मतदाताओं के बीच विभाजन पैदा किया। महाराष्ट्र इसका एक प्रमुख उदाहरण है। लेकिन इसका परिणाम यह हुआ कि भाषाई पहचान की राजनीति ने समाज के दैनिक जीवन में भी कटुता पैदा कर दी। यही वजह है कि समय-समय पर सामाजिक चिंतक, साहित्यकार और शिक्षाविद यह चेतावनी देते रहे हैं कि भाषा की राजनीति आर्थिक विकास, सामाजिक शांति और सांस्कृतिक सामंजस्य को चोट पहुंचाती है। समाधान का रास्ता केवल कानूनी नहीं हो सकता। समाज को सांस्कृतिक, शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर खुद को बदलना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में भाषाई विविधता और सहिष्णुता पर आधारित गतिविधियां, परिचर्चाएं और बहुभाषी उत्सवों का आयोजन करना होगा। बच्चों को यह सिखाना होगा कि किसी व्यक्ति की भाषा उसकी योग्यता का मापदंड नहीं होती। उसे सम्मान देना हमारी मानवीय जिम्मेदारी है। इसके साथ ही रेलवे, बस सेवाएं, लोकल प्रशासन और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में भाषा विविधता को लेकर संवेदनशीलता प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए। डिजिटल दुनिया में भी भाषा-आधारित उत्पीड़न तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर भाषा का उपहास, तिरस्कार या नफरत फैलाना एक आम प्रवृत्ति बन चुकी है। इसके लिए भी कठोर नियम, दंड और जागरूकता अभियान जरूरी हैं। मीडिया को अपनी भूमिका निभाते हुए भाषाई विविधता को भारतीयता की शक्ति के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए, न कि विभाजन का आधार बना देना चाहिए। भाषा संवाद का माध्यम है, परख का नहीं। हमें तय करना होगा कि हम आने वाली पीढ़ियों को किस प्रकार का समाज सौंपना चाहते हैं, एक ऐसा समाज जहां विविधता को त्योहार की तरह मनाया जाए या एक ऐसा समाज जहां छोटी-सी भाषाई भिन्नता हिंसा का कारण बन जाए। यदि हम सहिष्णुता, संवाद और बहुभाषिक सौहार्द को अपना मूल्य बना लें, तो भारत की विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है।

(लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

प्रतिस्पर्धा
डॉ. एन. के. सोमानी



# खतरनाक है परमाणु परीक्षण का विचार

विश्व बिरादरी में जिस बात को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही थी अंततः वह सत्य साबित हुई है। पिछले कुछ दिनों से लगातार इस बात की अटकलें लगाई जा रही थी कि क्या राष्ट्रों के बीच एक बार फिर परमाणु हथियारों की खतरनाक प्रतिस्पर्धा शुरू होने जा रही है और दुनिया एक बार फिर शीत युद्ध के मुहाने पर होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गुपचुप तरीके से परमाणु परीक्षण किए जाने के बाद मॉस्को से जो प्रतिक्रिया आई है, उससे भी इस बात की तस्दीक हो जाती कि बहुत जल्द विश्व भर में भू-राजनीतिक तापमान बढ़ने वाला है। हालांकि मॉस्को ने नवंबर के पहले सप्ताह में ही सुरक्षा परिषद को चेता दिया था कि यदि अमेरिका या व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) पर हस्ताक्षर करने वाला कोई भी देश परमाणु हथियार का परीक्षण करता है तो रूस भी इस तरह का कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। दरअसल परमाणु प्रतिस्पर्धा को लेकर बयानबााजी का दौर पिछले महीने उस वक्त शुरू हुआ, जब अक्टूबर के अंत में रूस ने अपनी नई परमाणु पनडुब्बी लॉन्च की। पोसाइडन परमाणु ड्रोन से लैस इस पनडुब्बी को डूम्सडे (कयामत का दिन ) मिसाइल भी कहा जाता है। पानी के अंदर हथियारों और रोबोटिक सिस्टम वाली यह पनडुब्बी रूस को अपनी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने मे सक्षम बनाती है। मास्को के इस कदम के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने 30 अक्टूबर को दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने से पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर कहा कि उन्होंने अपने युद्ध विभाग को अन्य परमाणु-सशस्त्र शक्तियों के साथ 'समान आधार' पर तुरंत परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने का आदेश दिया है। लेकिन रूस की स्टेट न्यूज एजेंसी आरटी. कॉम ने इस बात का दावा कर सनसनी फैला दी कि अमेरिका ने अगस्त माह में ही गुपचुप तरीके से बी 61-12 थर्मोन्यूक्लियर बम का परीक्षण कर लिया है।

ऑपरेशन शैडो डाप कोडनेम के साथ किए गए इस परीक्षण में अमेरिका ने बिना वारहेड वाले बी-61-12 बम को एफ-35 विमान से गिराकर टेस्ट किया और दुनिया को इसकी भनक तक नहीं लगने दी। ऐसे में अहम सवाल यह है कि अमेरिका ने दुनिया को अंधेरे में क्यों रखा। क्या ट्रंप ने दुनिया को उलझाए रखने के लिए ही सोशल मीडिया पर झूठे निर्देश दिए या इसका असल मकसद कुछ ओर था। कहा तो यह भी जा रहा है कि मॉस्को व बीजिंग पर रणनीतिक प्रभाव स्थापित करने के लिए यह ट्रंप का महज एक रणनीतिक कदम है। अमेरिका ने आखिरी बार पूर्ण पैमाने पर परमाणु परीक्षण 1992 में किया था। इसके बाद 1996 में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने किसी भी तरह के परीक्षण पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब 33 साल के लंबे अंतराल के बाद ट्रंप ने परमाणु हथियार का परीक्षण कर दुनिया को अमेरिकी धमक से परिचित करवाया है। हाल के दिनों में जिस खतरनाक ढंग से दुनिया के सबसे बड़े परमाणु शस्त्रागार वाले देशों के बीच अचानक तनाव बढ़ा है, उसमें अमेरिका का यह कदम चिंता बढ़ाने वाला है। पिछले दिनों जब यूक्रेन युद्ध को रोकने के तमाम प्रयासों के असफल होने से तमतमाए ट्रंप ने हंगरी में पुतिन के साथ होने वाली वार्ता को रद्द करने का ऐलान किया, उसके बाद से ही इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही थी कि रूस पर युद्ध रोकने का दबाव बनाने के लिए अमेरिका की ओर से कुछ 'बड़ा कदम' उठाया जा सकता है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या यह परीक्षण यूक्रेन युद्ध को रोकने में विफल रहे ट्रंप की हताशा का परिणाम है। पिछले तीन दशक में न तो मॉस्को ने और न ही बीजिंग ने किसी तरह का परीक्षण किया है। अब मास्को की घोषणा के बाद बीजिंग भी देर-सबेर इसकी घोषणा कर सकता है। दुनिया पहले ही परमाणु हथियारों के ढेर पर है। चीन, फ्रांस, यूनाइडेट किंगडम, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजरायल को छोड़ दे तो भी अकेला अमेरिका और रूस के पास परमाणु हथियारों का बड़ा जखीरा है।

बताया जा रहा है कि रूस के पास अमेरिका की तुलना में न केवल अधिक परमाणु हथियार हैं बल्कि उसकी परमाणु तैयारी भी बेहतर है। ऐसे में अपनी-अपनी परमाणु ताकत दिखाने को उत्सुक ट्रंप और पुतिन के बयानों से साफ है कि संपूर्ण मानव जाति को खतरे में डालने वाली खतरनाक प्रतिस्पर्धा फिर से शुरू होने वाली है। हालांकि अब दुनिया वैसी नहीं है , जैसी 6 दशक पहले थी। लेकिन फिर भी महाशक्तियों को इस बात को नहीं भूलना चाहिए कि तात्कालिक रणनीतिक लाभ हासिल करने के लिए परमाणु परीक्षण के इस्तेमाल का विचार खतरनाक भी साबित हो सकता है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित
दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

# मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है।

## सटाका




## आज की पाती

### नीतीश की आगे की राह

नीतीश कुमार का बिहार की सत्ता पर लंबे समय से लगातार विराजमान होने पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। नीतीश कुमार देश की राजनीति के बेशक दिग्गज खिलाड़ी हैं, लेकिन वह भी दल बदलने में माहिर हैं। वह समय समय पर दल बदलकर बिहार से लेकर दिल्ली तक राजनीति में हलचल मचा देते हैं। उन्होंने जनता दल से रुठ कर समता दल बनाया, फिर जनता दल यूनाइटेड, कभी भाजपा में शामिल हुए तो कभी भाजपा से नाराजगी, कभी कांग्रेस की तरफ, शायद इनका झुकाव रहा। नीतीश कुमार ऐसा क्यों करते हैं, यह तो वो ही अच्छी तरह जानते हैं, लेकिन फिर भी इनकी फिर से जीत यह भी सवाल खड़े करती है कि बिहार ने इन पर भरोसा किया या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू बरकरार रहा? नीतीश के सामने चुनौती अब यह है कि उन्हें जनता से किए वादे निभाने हैं। - **प्रमोद जोशी**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### कृषि सहयोग पर चर्चा



इज़राइल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिचर से मिलकर खुशी हुई। कृषि में हमारे मज़बूत सहयोग को और मज़बूत करने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें सटीक खेती, ड्रिप सिंचाई, रेगिस्तानी कृषि और टिकाऊ कृषि पद्धतियों में इज़राइल की विशेषज्ञता का लाभ उठाया जा सके।
**-पीयूष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री**

### नए श्रम कानून



नए श्रम कानून के तहत अब टेक्सटाइल वर्कर्स, एक्सपोर्ट सेक्टर, आईटी सेक्टर, तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों समेत सभी श्रमिकों के अधिकार और सुरक्षा को मज़बूती मिली है। श्रमिकों के सम्मान और भविष्य की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक फैसला।
**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### पायलट के निधन से दुःख



दुबई एयर शो में तेजस विमान दुर्घटना में हमारे बहादुर भारतीय वायुसेना पायलट के निधन से गहरा दुःख हुआ है। उनके परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। राष्ट्र उनके साहस और सेवा का सम्मान करते हुए उनके साथ खड़ा है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### पहली अटल कैंटीन



दिल्ली से किया एक और वादा पूरा होने जा रहा है। आज पहली अटल कैंटीन की नींव रखी गई है। जल्द ही 100 अटल कैंटीनें जरूरतमंदों को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए शुरू होंगी।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर


# दुनिया को मिलकर जलवायु संबंधी वित्त बढ़ाने की जरूरत



पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने यहां कहा कि भारत जलवायु कार्रवाई के हिस्से के तौर पर घरेलू अनुकूलन के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वैश्विक खाई बढ़ने के चलते जलवायु अनुकूलन संबंधी वित्त को बढ़ाने की जरूरत है। यादव ने यह भी कहा कि जलवायु संबंधी वार्षिक शिखर सम्मेलन 'सीओपी 30' को एक साफ राजनीतिक संदेश देना चाहिए कि ''अनुकूलन कोई वैकल्पिक उपाय नहीं, बल्कि एक जरूरी निवेश है।'' उन्होंने जारी 'यूएन सीओपी 30' शिखर सम्मेलन में बृहस्पतिवार को अनुकूलन पर 'बाकू उच्चस्तरीय संवाद' में अपने संबोधन के दौरान कहा, ''वर्ष 2025 की अनुकूलन अंतराल रिपोर्ट का अनुमान है कि विकासशील देशों को 2035 तक सालाना 310-365 अरब अमेरिकी डॉलर की जरूरत होगी, जबकि अभी केवल 26 अरब अमेरिकी डॉलर मिल रहे हैं।'' यादव ने चिंता जताई कि अगर मौजूदा रुझान जारी रहा तो सार्वजनिक अनुकूलन वित्त को 2019 के स्तर से दोगुना करके 2025 तक लगभग 40 अरब अमेरिकी डॉलर करने का 'ग्लासगो जलवायु समझौते' का लक्ष्य शायद पूरा नहीं हो पाएगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा, ''बाकू से बेलेम रोडमैप में बताए गए 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर तक जलवायु वित्त को बढ़ाने के लिए दुनिया भर को मिलकर कोशिश करनी होगी।''

## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है



अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं। लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं-आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं। बिल्ली की लार के माध्यम से इस प्रोटीन के कण उसके बालों और त्वचा पर आ सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सीमा सुरक्षा बल के हीरक जयंती समारोह में गृह मंत्री अमित शाह

# पांच साल में विश्व का सबसे आधुनिक 'सुरक्षा बल' होगा बीएसएफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज में सीमा सुरक्षा बल के हीरक जयंती समारोह को संबोधित किया। शाह ने कहा है कि आने वाला एक साल बीएसएफ के पूर्ण आधुनिकीकरण को समर्पित होगा। उसके बाद का एक साल हमारे वीर जवानों और उनके परिजनों के कल्याण को पूरी तरह समर्पित होगा। गृह मंत्रालय ने संकल्प लिया है कि बीएसएफ को अगले पांच साल में विश्व का सबसे आधुनिक सीमा सुरक्षा बल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में हम अनेक योजनाएं लाने वाले हैं। वह मुश्किल हालात में सीमा पर तैनात जवानों के परिजन को आश्वस्त करना चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार आपके कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

*अमित शाह ने कहा कि आगामी दिनों में हम अनेक योजनाएं लाने वाले हैं। वह मुश्किल हालात में सीमा पर तैनात जवानों के परिजन को आश्वस्त करना चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार आपके कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी*

'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान को दिया था करारा जवाब

यह संकल्प है 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा

## भारत की सीमा से छेड़खानी के नतीजे भुगतने होंगे


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए हमने तो सीमित ही जवाब दिया, परंतु पाकिस्तान ने आतंकवादियों पर हमारे हमले को खुद पर हमला मान लिया। जब पाकिस्तान की सेना हरकत में आई, तब बीएसएफ के जवानों ने उन्हें करारा जवाब देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कुछ ही दिनों में बीएसएफ और सेना के पराक्रम के कारण पाकिस्तान ने एकतरफा संधि की घोषणा की। इसके कारण पूरे विश्व में यह संदेश गया कि भारत की सीमा और भारत के सुरक्षा बलों के साथ छेड़खानी नहीं करते, वरना नतीजे भुगतने पड़ते हैं।

### 2,013 बहादुर जवानों ने सर्वोच्च आहुति दी

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अब तक सीमा सुरक्षा बल के 2,013 बहादुर जवानों ने देश की सीमाओं को अखंड एवं सुरक्षित रखते हुए अपने प्राणों की सर्वोच्च आहुति दी है। न केवल सीमा-रक्षा में, बल्कि संयुक्त राष्ट्र के अनेक शांति मिशनों में तथा देश के भीतर उत्पन्न कितनी ही आपात स्थितियों में, चाहे आतंकवाद का मुकाबला करना हो या चाहे नक्सलवाद का, बीएसएफ के जवानों ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। सुरक्षा एजेंसियों के पराक्रम से देश 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।

### 2.76 लाख जवान सीमा सुरक्षा में जुटे

शाह ने कहा कि 1 दिसंबर 1965 को सीमा सुरक्षा बल की स्थापना के समय से ही यह बल सभी ऊंचाइयों को प्राप्त करने में सफल रहा है। आज 193 बटालियनों और 2.76 लाख से अधिक जवानों की ताकत के साथ बीएसएफ पाकिस्तान से सटी 2,279 किमी और बांग्लादेश से सटी 4,096 किमी लंबी सीमा की पूरी सुरक्षा कर रहे हैं।

### पूरा देश ई-सुरक्षा के मजबूत घेरे में होगा

गृह मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में हम 'ई-बॉर्डर सिक्योरिटी' का नया कॉन्सेप्ट लेकर आ रहे हैं। इसका शुरुआती इनिशिएटिव भी बीएसएफ ने ही लिया है। आने वाले एक साल में इसे जमीन पर पूरी तरह लागू करने के लिए हरसंभव प्रयास होंगे और अगले पाँच वर्षों में हमारी देश की संपूर्ण भू-सीमा ई-सुरक्षा के मजबूत घेरे में होगी।

### चुन-चुन कर घुसपैठियों को निकालेंगे

शाह ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल तथाकथित घुसपैठियों के सफाए के अभियान को कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हम इस देश में से घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे, यह हमारा प्रण है।

## खबर संक्षेप

### पाक में फैक्ट्री में धमाका, 15 की मौत



**फैसलाबाद।** पाकिस्तान के फैसलाबाद में मलिकपुर इलाके के पास एक फैक्ट्री में बड़ा गैस धमाका हुआ है। इस धमाके में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। राहत अधिकारियों के हवाले से बताया कि शुक्रवार सुबह फैक्ट्री का बॉयलर फटने के बाद एक बिल्डिंग और आसपास का ढांचा गिर गया। गैस लीक होने की वजह से एक फैक्ट्री में आग लग गई और दूसरी फैक्ट्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। 7 घर चपेट में आ गए।

### कॉप30 पवेलियन में लगी आग, 21 घायल



**बेलम।** ब्राजील के बेलेम शहर में चल रहे 30वें यूएन क्लाइमेट चेंज कॉन्फ्रेंस (कॉप30) के एक पवेलियन में आग लग गई। आग की इस घटना में कम से कम 21 लोग घायल हो गए। ब्राजील के टूरिज्म मंत्री सेल्सो सबिनो ने कहा कि आग दोपहर 2 बजे के लगभग में लगी थी और दोपहर करीब 2:30 बजे तक उस पर काबू पा लिया गया था। यहां यूएन महासचिव गुटेरस मौजूद थे उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

## दक्षिण अफ्रीका में पहली बार हो रहे जी20 सम्मेलन का बहिष्कार करने पर अड़ा अमेरिका

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा की दो टूक

# जूनियर अधिकारी को नहीं सौपेंगे अध्यक्षता

एजेंसी ▶▶ केपटाउन/वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से सार्वजनिक मंचों पर दक्षिण अफ्रीका को लेकर दिए गए बयानों और उनके जी20 सम्मेलन में न आने की पुष्टि होने के बाद दोनों देशों के रिश्ते में तनाव और बढ़ गया है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने स्पष्ट कर दिया है कि वह जी20 अध्यक्षता का प्रतीकात्मक हस्तांतरण किसी जूनियर अमेरिकी अधिकारी को नहीं करेगा।

बता दें कि जी20 आयोजनों में अब तक चलन रहा है कि जो भी देश इस संगठन की अगली अध्यक्षता संभालता है, उसके राष्ट्र प्रमुख या विशेष नेता-प्राधिकारी ही आयोजक देश से अध्यक्षता का प्रतीकात्मक हैंडओवर लेता है। अमेरिका ने जी20 अध्यक्षता के हस्तांतरण के लिए आठ सदस्यीय एक दल को भेजने के लिए दक्षिण अफ्रीका से अनुमति मांगी। इसका नेतृत्व अमेरिका के राजनयिक मार्क जिलार्ड करेंगे। राष्ट्रपति रामाफोसा के प्रवक्ता विंसेंट मैग्वेन्या ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राष्ट्रपति किसी जूनियर अधिकारी को अध्यक्षता नहीं सौंपेंगे। मैग्वेन्या ने कहा कि राष्ट्रपति किसी राजनयिक (चार्ज डी'अफेयर्स) को जी20 की अध्यक्षता नहीं सौंपेंगे। यह स्थापित प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। दुनिया का कोई भी राष्ट्राध्यक्ष ऐसा नहीं करेगा।


दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामफोसा

### बहिष्कार की राजनीति काम नहीं करती

रामफोसा ने एक कार्यक्रम का वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया जिसमें वह कहते दिखाई दे रहे हैं कि बहिष्कार की राजनीति काम नहीं करती। जी20 के टेंट के अंदर रहना, टेंट के बाहर रहने से बेहतर है।

रामफोसा ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका में मौजूद अमेरिकी दूतावास ने पहले ही नोटिस भेजकर यह बता दिया था कि वह इस शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होगा। इसमें कहा गया है कि दक्षिण अफ्रीका की जी20 प्राथमिकताएं अमेरिकी नीति विचारों के विपरीत हैं और हम आपकी अध्यक्षता में बातचीत किए गए किसी भी डॉक्यूमेंट पर आम सहमति का समर्थन नहीं कर सकते।

रामफोसा पर भड़का अमेरिकी ट्रंप प्रशासन

# बहुत मुंह चला रहे हो यह तरीका पसंद नहीं

व्हाइट हाउस ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में अमेरिकी दूतावास का प्रतिनिधि जोहांसबर्ग में जी-20 सम्मलेन के आखिर में औपचारिक हस्तांतरण समारोह में शामिल होगा क्योंकि अमेरिका अगले साल फ्लोरिडा में ट्रंप के स्वामित्व वाले एक गोल्फ क्लब में जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिका दक्षिण अफ्रीका में जी20 की आधिकारिक वार्ता में भाग नहीं ले रहा है। मैंने दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति को आज सुबह अमेरिका और अमेरिका के राष्ट्रपति के खिलाफ अपना मुंह चलाते हुए देखा। अमेरिकी राष्ट्रपति या उनकी टीम को बोलने का वो तरीका पसंद नहीं आया। लेविट ने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के बयानों से डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम नाराज है। लेविट का बयान दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा की टिप्पणी के बाद आया है जिसमें उन्होंने इशारा किया कि अमेरिका ने बॉयकॉट को लेकर अपना मन बदल लिया है। जी-20 की बैठक 22-23 नवम्बर को जोहांसबर्ग में होने जा रही है।


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### गोरे अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार

पहले दक्षिण अफ्रीका ने घोषणा की थी कि अमेरिका ने जी20 शिखर सम्मेलन के बहिष्कार का अपना फैसला आखिरी समय पर बदल लिया है। लेकिन अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने गुरुवार को इस दावे का जोरदार खंडन किया। ट्रंप ने कहा कि जी-20 बैठक में कोई भी अमेरिकी अधिकारी शामिल नहीं होगा। ट्रंप ने इस बहिष्कार के पीछे अपने उन दावों को कारण बताया जिसमें उनका कहना है कि दक्षिण अफ्रीका में गोरे अल्पसंख्यक किसानों पर हिंसक अत्याचार हो रहा है। ट्रंप के दावों को दक्षिण अफ्रीका ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। रामाफोसा ने निराशा जताई थी और कहा था कि अमेरिका के बॉयकॉट का मतलब होगा कि वह सम्मेलन के अंत में अध्यक्षता एक 'खाली कुर्सी' को सौंप देंगे।

जी20 में शामिल होने दक्षिण अफ्रीका पहुंचे पीएम

# एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत दंडवत होकर दिया सम्मान


पीएम मोदी जोहान्सबर्ग एयरपोर्ट पहुंचे

पीएम मोदी जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया है। उनके स्वागत में एयरपोर्ट पर पहले से ही कई स्थानीय कलाकार मौजूद थे। इन कलाकारों में खास तौर पर महिलाएं थीं। जैसे ही पीएम मोदी ने अपने प्लेन से बाहर कदम रखा तो उनका ध्यान इन महिला कलाकारों पर गई। ये कलाकार अपने पारंपरिक नृत्स से पीएम का स्वागत कर रहीं थी। पीएम मोदी के स्वागत के दौरान कुछ ऐसा हुआ जो शायद पहले कभी अफ्रीका में किसी भारतीय पीएम के स्वागत में कभी नहीं हुआ। पीएम मोदी के इस दौरे को खास बनाने के लिए स्वागत नृत्य के बाद उन्हें विशेष धन्यवाद दिया और जमीन पर दंडवतकर उन्हें सम्मान दिया। स्वागत करने का ये तरीका अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

### तीनों प्रमुख सत्रों को संबोधित करेंगे

पीएम मोदी जी20 शिखर सम्मेलन के तीनों प्रमुख सत्रों में विचार व्यक्त करेंगे। पहला सत्र 'समावेशी और सतत आर्थिक विकास-किसी को पीछे न छोड़ना' पर केंद्रित रहेगा। इस सत्र में अर्थव्यवस्था के निर्माण, व्यापार की भूमिका, विकास के लिए वित्तपोषण और ऋण बोझ जैसे विषयों पर चर्चा होगी। दूसरा सत्र 'एक सक्षम और लचीली दुनिया-जी-20 का योगदान' पर आधारित होगा। इसमें आपदा जोखिम न्यूनीकरण, जलवायु परिवर्तन, न्यायसंगत ऊर्जा परिवर्तन और वैश्विक खाद्य प्रणालियों को मजबूती देने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। वे 'जी-20' एजेंडा पर भारत का दृष्टिकोण पेश करेंगे। शिखर सम्मेलन के इतर पीएम के जोहानिसबर्ग में उपस्थित कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने की भी संभावना है।

दिल्ली बम धमाके में बड़ा खुलासा

# आटा पीसने की मशीन से बना रहे थे बम, कैब ड्राइवर के घर से मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट मामले में जांच एजेंसियों को बड़ा सुराग मिला है। गिरफ्तार आरोपी मुजम्मिल शकील गनई ने विस्फोटक तैयार करने के लिए आटा चक्की और इलेक्ट्रिकल मशीनों का इस्तेमाल किया था। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा निवासी गनई फरीदाबाद में किराए के कमरे में आटा चक्की की मदद से यूरिया को बारीक पीसता था और फिर इलेक्ट्रिकल मशीन से उसे रिफाइन करके केमिकल तैयार करता था। 9 नवंबर को पुलिस ने इसी जगह से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की थी। पूछताछ के दौरान आरोपी गनई ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से इसी तरीके से अमोनियम नाइट्रेट को यूरिया से अलग कर विस्फोटक तैयार कर रहा था। वह फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी में डॉक्टर था।


कैब ड्राइवर के घर से मिली मशीन

### टैक्सी ड्राइवर भी हिरासत में

जांच के दौरान पुलिस को हरियाणा के फरीदाबाद में एक टैक्सी ड्राइवर के घर से यह चक्की और मशीनें बरामद हुई हैं। एनआईए की टीम ने टैक्सी ड्राइवर को भी हिरासत में लिया है। ड्राइवर ने बताया कि उसकी मुलाकात गनई से लगभग चार साल पहले हुई थी, जब वह अपने बेटे का इलाज कराने अल-फलाह गया था।

### एजेंसियों की रडार पर 200 से ज्यादा डॉक्टर

जांच के दौरान एजेंसियों के रडार पर अब अल-फलाह यूनिवर्सिटी के 200 से ज्यादा डॉक्टर हैं। धमाके वाले दिन ही कई डॉक्टर एकाएक इस यूनिवर्सिटी को छोड़कर चले गए। अब इस बात का भी पता लगाने की कोशिश है कि धमाके के बाद कितने डॉक्टर व अन्य स्टाफ ने यूनिवर्सिटी छोड़कर गए थे। कई लोग ऐसे भी हैं जिन्होंने इस धमाके के बाद अपने मोबाइल का डाटा भी डिलीट कर दिया।

तेल तस्करी पर अमेरिकी कार्रवाई

# कई देशों की 17 कंपनियों को किया बैन, इनमें 2 भारत की

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ईरान की तेल तस्करी और गुप्त व्यापार नेटवर्क को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। इन प्रतिबंधों में भारत की एक शिपिंग कंपनी और एक पेट्रोलियम ट्रेडर समेत कई देशों की 17 कंपनियां, व्यक्ति और जहाज शामिल हैं।

अमेरिकी विदेश विभाग के सचिव स्कॉट बेसेंट ने बताया कि ये कदम इसलिए उठाए गए हैं ताकि उस पैसों के प्रवाह को रोका जा सके जिससे ईरान अपना परमाणु कार्यक्रम, सेना और आतंकवादी समूहों को समर्थन देता है। अमेरिका


अमेरिकी विदेश सचिव स्कॉट बेसेंट

के अनुसार यह ईरानी तेल की खरीद की श्रेणी में आता है, जो प्रतिबंधों का उल्लंघन है। इसलिए कंपनी को कड़े आर्थिक प्रतिबंधों में डाल दिया गया। अमेरिकी द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की श्रेणी में मुंबई स्थित आरएन शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है। कंपनी से जुड़े दो भारतीय नागरिक जैर हुसैन इकबाल हुसैन सैयद और जुल्फिकार हुसैन रिजवी सैयद को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

लेफ्टिनेंट जनरल सेठ बोले

# मशीनों से नहीं, सैनिकों की कौशल क्षमता से ही जीती जाती हैं सभी जंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय सेना के साउदर्न कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने साफ कहा कि असली युद्ध मशीनें नहीं, बल्कि उन्हें चलाने वाले सैनिकों के साहस, कौशल और फैसला लेने की क्षमता से जीते जाते हैं। नासिक के कॉम्बैट आर्मी एविएशन ट्रेनिंग स्कूल (सीएएटीएस) में आयोजित पासिंग आउट परेड के दौरान उन्होंने बदलती युद्ध परिस्थितियों और उसकी नई चुनौतियों पर गहरी बात रखी। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने कहा कि युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, जिसमें प्रिसिशन अटैक, हाई-टेंपो ऑपरेशन, मल्टी-डोमेन इंटीग्रेशन और लगातार चुनौतीपूर्ण एयरस्पेस शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आर्मी एविएशन सेना को तीसरा और बेहद प्रभावी आयाम देता है, जो उसे तेज, सटीक और निर्णायक शक्तियों से लैस बनाता है। इसी क्षमता के कारण आज एविएशन फोर्स सेना का एक प्रमुख कॉम्बैट मल्टीप्लायर बन चुका है।


लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ

### एविएशन मजबूत होगा

उन्होंने कहा कि मानव-संचालित और मानव-रहित प्लेटफॉर्म का संयुक्त उपयोग सेना को रिकॉनाइसेंस, सर्विलांस, लिफ्ट, अटैक और प्रिसिशन एंगेजमेंट जैसी क्षमताएं प्रदान करता है। नई तकनीकों के जल्द शामिल होने से आर्मी एविएशन और अधिक मजबूत हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सीएएटीएस को आरपीए का केंद्र बनाने का फैसला बिल्कुल उचित है।

### चूक की गुंजाइश नहीं

लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने कहा कि हर धावे में पूरी सतर्कता, नियमों का पालन और मशीन के प्रति सम्मान जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि कॉम्बैट फ्लाइंग में चूक की गुंजाइश नहीं होती क्योंकि दांव बहुत बड़े होते हैं और गलती की कोई जगह नहीं। उन्होंने कहा कि रेड लाइन को कभी पार न करें और मिशन की सुरक्षा से समझौता न करें।

आईएसएस के 25 साल पूरे, दुनिया के चार बड़े शहरों की तस्वीरें साझा की

# दिल्ली की चमक ने टोक्यो और सिंगापुर जैसे शहरों को दी टक्कर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) ने रात के समय दुनिया के बड़े शहरों की नई तस्वीरें साझा की हैं। इनमें दिल्ली सबसे ज्यादा प्रभावशाली दृश्यों में से एक के रूप में सामने आई है। इन तस्वीरों में राजधानी की जगमगाहट और सड़कों का नेटवर्क साफ दिखाई दे रहा है। तस्वीर के साथ दिए गए विवरण में बताया गया कि दिल्ली, जिसकी आबादी करीब 3.4 करोड़ है, टोक्यो के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र है। इतनी विशाल आबादी और घनी बसावट के कारण दिल्ली का नाइटस्केप अंतरिक्ष से भी बेहद स्पष्ट और चमकदार नजर आता है। आईएसएस ने बताया कि यह तस्वीर रात 10:54 बजे के आसपास ली गई


20 नवंबर की रात स्पेस स्टेशन से दिखी दिल्ली की चमकदार तस्वीर

थी, जिसमें दिल्ली के बीच बहने वाली यमुना नदी साफ नजर आती है। इसके अलावा दाईं ओर का उजला आयताकार क्षेत्र इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जो दक्षिण एशिया के सबसे व्यस्त एयर हब में शामिल है। इन रोशनियों से शहर का नक्शा अंतरिक्ष से भी साफ झलकता है।

*टोक्यो और सिंगापुर जैसे शहरों के साथ की गई तुलना*

आईएसएस ने दिल्ली की तुलना दुनिया के अन्य चमकदार शहरों जैसे टोक्यो, सिंगापुर और साओ पाउलो से की। सिंगापुर की तस्वीर में वह मलेशिया के जोहोर बाहुरू से अलग दिखाई देता है, जबकि एक अन्य तस्वीर में टोक्यो की बे एरिया रात में दमकती नजर आती है। इन छवियों में दिल्ली भी उसी श्रेणी में दिखाई देती है।


जापान के टोक्यो शहर की तस्वीर

### स्पेस स्टेशन के 25 साल पूरे

बता दें कि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। स्टेशन पर मानव उपस्थिति 2 नवंबर 2000 से लगातार बनी हुई है। यहां पहले दल के रूप में नासा के विलियम शेफर्ड के साथ, रूस के यूरी गिद्जेनको और सर्गेई क्रिकालेव 31 अक्टूबर 2000 को कजाखस्तान से उड़ान भरने के 2 दिन बाद स्टेशन पहुंचे थे।

### हजारों वैज्ञानिक प्रयोग किए

पिछले 25 वर्षों में आईएसएस पर 26 देशों के करीब 300 से ज्यादा अंतरिक्ष यात्री जा चुके हैं। यहां हजारों वैज्ञानिक प्रयोग किए गए हैं, जिनका सीधा फायदा पृथ्वी पर विज्ञान, चिकित्सा और तकनीक के विकास में हुआ है। यही स्टेशन भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों के लिए भी नींव तैयार कर रहा है।

सुधरते संबंधों की ओर एक कदम

# भारत ने फिर शुरू किया चीनी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने दुनिया भर में भारतीय मिशन और कॉन्सुलेट के जरिए अप्लाई करने वाले चीनी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा खोल दिया है, क्योंकि दोनों देश लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर लंबे समय तक चले मिलिट्री स्टैंडऑफ के बाद अपने रिश्तों को नॉर्मल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कदम भारत द्वारा जुलाई में चीनी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा फिर से शुरू करने के चार महीने बाद आया है। अप्रैल-मई 2020 में एलएसी पर आमने-सामने की लड़ाई शुरू होने के बाद चीनी



वीसा

नागरिकों के वीजा सस्पेंड कर दिए गए थे। मिलिट्री टकराव और गलवान घाटी में हिंसक झड़प ने द्विपक्षीय संबंधों को छह दशकों में अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया। इस हफ्ते की शुरुआत में दुनिया भर में भारतीय दूतावासों और कॉन्सुलेट में चीनी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा खोल दिए गए थे। इस कदम के बारे में कोई ऑफिशियल घोषणा नहीं की गई थी।

# जीवन में अशांति से निकलने का एक ही उपाय है महादेव का भजन : श्री गिरि बापु जी

## श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा में गूंजा राम नाम संकीर्तन

जबलपुर।

**संस्कारधानी के घड़ी चौक विजय नगर स्थित नर्मदा एक्सीलेंस कॉलेज परिसर में आयोजित श्री शिव समाराधन महायज्ञ में श्री शिव महापुराण कथा में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक पूज्य श्री गिरि बापु जी महाराज अपने ओजस्वी श्रीमुख से शिव महापुराण कथा का वाचन करते हुए कहा ब्रह्मलोक में स्वयं ब्रम्हा जी नारद जी को कह रहे हैं आप भक्ति के साथ और आदर के साथ महादेव की कथा का श्रवण कर लें।**





महादेव की कथा के श्रवण का जो पुण्य मिलता है उसका वर्णन में नहीं कर सकता इतना जरूर कह सकता हूं नारद जो मनुष्य इस कथा का श्रवण करते हैं उसे मनुष्य के दर्शन करने मात्र से तीर्थ यात्रा का फल मिलता है वहां से बात पूरी नहीं होती नारद जो कोई मनुष्य महादेव की कथा का श्रवण करते हैं उनके दर्शन करने मात्र से हमारा मंगल होता है वहां से बात पूरी नहीं हो रही ना रहे जो महादेव की कथा का श्रवण करते है। नारद आप मेरे लिए दर्शनीय है ब्रह्मलोक में आप महादेव की कथा का श्रवण करने के लिए पधारे हैं ब्रह्मा जी ने कहा नारद आधार के साथ भगवान महादेव की कथा का श्रवण करें। शिव महा ग्रंथ के अंतर्गत 24000 श्लोक हैं। महाग्रंथ का एक-एक श्लोक पुण्य देने वाला पावन करने वाला है। कथा को सुनने मात्र से तत्क्षण फल मिलता है। प्रयागराज में सभी महात्माओं ने सूत पुराण का महत्व प्रकट किया है। भगवान विष्णु जी ने देवर्षि नारद जी से कहा कि सनताप से छूटने के लिए महादेव का ही भजन करें। महादेव के भजन के बिना दुनिया में किसी को शांति नहीं मिली है। दुनिया की कोई नदी ऐसी ना हो जो सीधी चलती हो जीवन भी ऐसा ही है। इसमें कभी चढ़ाव तो कभी उतार देखने को मिलता है। और जब कभी जीवन में चारों तरफ से अशांति ने घेर लिया हो उसके लिए एक ही उपाय है शिवजी का भजन करें। ऋषि मुनियों ने भगवान विष्णु जी से पूछा था श्री हरि ऐसा कोई उपाय सुझा सकते हैं, जिससे मनुष्य अशांति में से बाहर निकल सकें। भगवान श्री हरि विष्णु जी ने कहा कि दुनिया में इससे निकलने का एक मात्र उपाए है महादेव का भजन करें उनकी कथा का श्रवण करें।

### नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए हो सब संकल्पित : स्वामी महेंद्रानंद महाराज

स्वामी महेन्द्रानंद महाराज ने कथा समापन के अवसर पर कहा नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए सब संकल्पित हों। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा मां नर्मदा के दर्शन मात्र से ही जब जीव को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। ऐसी पुण्य सलिल नर्मदा नदी जो कि अमरकंटक से निकल खम्बात की खाड़ी तक के तटवासी के घरों के शौचालय, मल-मूत्र और गंदे पानी जो नित नदी में मिल रहा है और प्रदूषण के साथ तटवासियों को महापाप का भागी बना रहा है। इसी पाप के कारण हम सभी आज दुखी और परेशान है। जब तक नर्मदा नदी में गंदगी मिलना बंद नहीं होगी नर्मदा तट वासी सुखी नहीं रह सकेंगे। जैसे शिवलिंग में जल चढ़ाने से पुण्य मिलता है। उसी तरह नर्मदा के सब कंकर शंकर हैं। इसलिए जब गंदगी नर्मदा में मिलती है तो हम पाप के भागी बन रहे हैं। अतः जिला प्रशासन और जनता से अपील है कि नर्मदा में मिलने वाली गंदगी को रोका जाए और नर्मदा का संरक्षण किया जाए।

# पूरे शहर में लगाए जाए अलाव

## जिला प्रशासन से लोकक्रांति अभियान ने की मांग

जबलपुर।

महाकौशल में इस बार शीत ऋतु में कड़ाके की ठंड ने अपना जोर दिखाना चालू कर दिया है जिसके कारण तापमान दिनोंदिन गिरता जा रहा है जिससे गरीब, असहाय, बेसहारा और निर्बल लोगों में शीत प्रकोप का असर अत्याधिक दिखाई दे रहा है जिससे सांस की तकलीफ, हार्ट में तकलीफ, लकवा, सर्दी, खांसी, जैसी अन्य कई बीमारियों का अटैक आने वाले समय में होने वाला है, ऐसा मौसम विभाग ने भी अनुमान लगाया है, इस हेतु लोक क्रांति अभियान जबलपुर मध्य प्रदेश ने जिला प्रशासन से जबलपुर के ऐसे चिन्हित जगह जहां पर गरीब असहाय, बेसहारा लोग रहते हैं उन पर ठंड का प्रकोप न हो, ठंड से अकड़कर उनकी जीवन लीला समाप्त न हो, ऐसे स्थान रेलवे स्टेशन, ग्वारीघाट, विक्टोरिया, मेडिकल अस्पताल, रेन बसेरा, बस स्टैंड, सरकारी अस्पताल के पास, ऑटो स्टैंड, मंदिरों, मस्जिदों, दरगाह के आसपास जहां पर गरीबों का जमावड़ा रहता है, पुराने पॉइंट जो शासन द्वारा बनाए गए थे, वहां पर अलाव की व्यवस्था की जावे एवं अलाव की लकड़ियां जल्द से जल्द गिराने की मांग लोक क्रांति अभियान के संयोजक सरमन रजक, एडवोकेट सुधीर शर्मा, रामरतन यादव , विवेक अवस्थी, नरेश चक्रवर्ती, अतुल गुप्ता, गुड्डू झा, मुन्ना ठाकुर, राजेश पराग, हारून पहलवान, मनोज चौरसिया, संजू भोजक, विक्की विश्वकर्मा, सुनील तिवारी, सुनील रामचंदानी, गिरीश कुरील, राजेश बचवानी, धीरज ठाकुर, एडवोकेट शरण चौहटेल, अनुराग ठाकुर एडवोकेट ने मांग की है।

# श्रीराम कथा को श्रवण के साथ ही समझने की भी जरूरत : भानुदेवाचार्य महाराज

**जबलपुर।** श्रीराम मानस महिला मंडल के तत्वावधान में अनंत श्री विभूषित परम पूज्य स्वामी राम प्रपन्नाचार्य महाराज के कृपा पात्र शिष्य मानस प्रपन्न भानु देवाचार्य महाराज ने संगीतमय श्रीराम कथा के सप्तम दिवस व्यास पीठ की आसंदी से कहा कि श्री राम कथा श्रवण से ही नहीं अपितु उसे समझ कर आत्मसात करने से मानव जाति का कल्याण होता है, आपने कहा भगवान को पाने के लिए सत्संग जरूरी है यदि मनुष्य को जीवन में सुख पाना है, तो श्रीराम के चरणों की उपासना करना चाहिए। रामायण मनुष्य को धनवान नहीं बनाती, बल्कि मनुष्य के हृदय में शांति प्रदान करती है, जो व्यक्ति जीवन में सच्ची श्रद्धा के साथ भगवान श्रीराम का जाप, आराधना, उपासना करता है, वही अपने समस्त दोषों का निवारण कर सकता है। कथा प्रारम्भ के पूर्व



व्यास पीठ का पूजन अर्चन यजमान प्रमेश शिल्पा दुबे, गणेश दत्त दुबे, संध्या दुबे, प्रतीक श्वेता दुबे, एड. अमोल सिंह राजपूत, सुधा राजपूत ने किया। इस अवसर पर जगद्गुरु राजा रामाचार्य महाराज का मंगल प्रवेश हुआ जिनका कथा मंच से सम्मान किया गया। कथा में आचार्य जगनारायण तिवारी, राजेश पटेल, देवेन्द्र कुमार तिवारी, जवाहर पटेल, भानुप्रताप सिंह, विराज तिवारी, एड. राजकुमार अवस्थी, नितिन बसेडिया, एड. विनीत टहनगुरिया, डॉ. अजय फौजदार, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अरुण मिश्रा, सौरभ सिंह, राज चोपड़ा, माधवी फौजदार, मृदुला शर्मा, सरोज विश्वकर्मा, संध्या अवस्थी, रामवती चौबे, सीमा चौबे के साथ ही दीपांशु शुक्ला सहित सैकड़ों श्रोताओं और मातृशक्तियों की उपस्थिति रही।

# महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के शताब्दी उत्सव पर "महाराष्ट्र विधि महाविद्यालय एवं अटल सारथी" का शुभारंभ

**जबलपुर।** महाराष्ट्र शिक्षण मंडल को अपने शताब्दी वर्ष में दो विशेष उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। महाराष्ट्र विधि महाविद्यालय की मान्यता एवं भारत सरकार, नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन द्वारा महाराष्ट्र शिक्षण मंडल की 'अटल सारथी' के रूप में नियुक्ति।उक्त प्रकल्पों का विधिवत शुभारंभ 21 नवंबर 2025 को अपरान्ह 04.00 बजे शहीद स्मारक सभागृह, गोलबाजार में केरल प्रांत के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश डीएम धर्माधिकारी ने की।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान की धुन से हुई, जिसके पश्चात शताब्दी उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र जामदार ने अपना स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात नई दिल्ली से विशेष आमंत्रित अटल इनोवेशन मिशन की वरिष्ठ पदाधिकारी मौलविका कुलकर्णी द्वारा अटल सारथी पर एक पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। संस्था के कार्याध्यक्ष प्रशांत पोल द्वारा विशेष संबोधन में शिक्षण मंडल के इतिहास एवं कार्यकलापों के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल के द्वारा शिक्षण मंडल के वरिष्ठतम पूर्व छात्र एवं सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रकाश नावलेकर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. आर्लेकर के करकमलों से "विधि महाविद्यालय एवं अटल सारथी" का विधिवत शुभारंभ किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने शिक्षण मंडल द्वारा शिक्षा क्षेत्र में प्राप्त महान उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए मंडल के उज्जवल भविष्य की कामना की। मंडल के सचिव प्रमोद पाठक द्वारा आभार प्रदर्शन एवं राष्ट्रगीत की धुन के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।



# 35वीं नेशनल स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग व इंक्लाइन बेंच प्रेस में मप्र ने जीते 14 मैडल

**जबलपुर।** गंगटोक सिक्किम में 15 से 17 नवम्बर तक आयोजित 35वीं राष्ट्रीय स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग एवं इंक्लाइन बेंच प्रेस चैम्पियनशिप सब जूनियर, जूनियर, सीनियर एवं मास्टर महिला एवं पुरुष चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग एवं इंक्लाइन बेंच प्रेस में चार गोल्ड, पांच सिल्वर एवं पांच कांस्य पदक जीतकर प्रदेश को पूरे देश में गौरवान्वित किया। मप्र की सचिव सावित्री यादव ने बताया कि टीम के मैनेजर मोहन सिंह राठौर एवं कोच सतीश यादव, आफिशियल शमशेर सिंह रहे। सब जूनियर महिला वर्ग में लक्ष्मी नेकवाल ने सिल्वर मैडल, स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग में सिल्वर, इंक्लाइन बेंच प्रेस में प्रतिभा यादव ने कांस्य, जूनियर पुरुष वर्ग में उदय रघुवंशी ने सिल्वर, आर्यन चौहान ने गोल्ड, स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग में कांस्य, इंक्लाइन बेंच प्रेस में राहुल वर्मा ने गोल्ड, स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग में गोल्ड, इंक्लाइन में यश हार्डिया ने कांस्य, महेन्द्र ठाकुरिया ने कांस्य, मास्टर वर्ग में बाबूलाल ने सिल्वर, इंक्लाइन बेंच प्रेस में धनराज रैकवार ने गोल्ड, स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग में मनी चौधरी ने कांस्य, स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग में राहुल होलानी ने गोल्ड, इंकलाइन बेंच प्रेस में सिल्वर मैडल जीता।

# एसआरआईटी कॉलेज ने जीता नोडल स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट

**जबलपुर।** श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में श्रीराम कॉलेज ग्राउंड में आयोजित नोडल लेवल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच एसआरआईटी कॉलेज और जीजीआईटीएस कॉलेज के मध्य खेला गया, जिसमें टॉस जीतकर जीजीआईटीएस कॉलेज ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 16 ओवर में 104 रन बनाये। श्रीराम की ओर से आयुष ने 3 विकेट लिए। एसआरआईटी कॉलेज ने यह मैच 6 विकेट से जीता। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरआईटी कॉलेज ने यह लक्ष्य 12 ओवर्स में आसानी से हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट एसआरआईटी कॉलेज के भागवत सैयम रहे। बेस्ट बॉलर एसआरआईटी कॉलेज के आयुष



तिवारी रहे। बेस्ट बैट्समैन श्रीराम 2 कॉलेज के रोहित सोनी रहे। समापन समारोह श्रीराम कॉलेज के चेयरमैन रामेन्द्र करसोलिया, राजुल करसोलिया, श्रीराम ग्रुप्स के डायरेक्टर एल.के. पटेल, जे.पी. वैद्य, नोडल स्पोर्ट ऑफिसर भगवान सिंह, ज्ञान गंगा के खेल अधिकारी नितेंद्र सिंह, हरविंदर सिंह और भानु सूर्यवांशी उपस्थित रहे।

# जश्ने पंजतन एवं जश्ने अशरफ़ी में गूंजे सूफियाना कलाम

**जबलपुर।** गत रात्रि सदर जामा मस्जिद के सामने सुलताने अकबर, गौसे ज़माँ कलंदरे दौरा, फकीरे अशरफ़ी, मखदूम सूफ़ी सैयद मोहम्मद अख़्तर हुसैन अशरफ़ गुल अशरफ़ी मोहम्मदी किछौछ्वी (क़ुद्दस सिर्रहू) की सरपरस्ती में गौसे किछौछा गुल अशरफ़ी एकेडमी द्वारा जश्ने पंजतन, जश्ने अशरफ़ी, जश्ने अमीरुल औलिया एवं जश्ने गुल अशरफ़ी का शानदार आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत नमाज़-ए-मग़रिब के बाद सदर जामा मस्जिद में नज़रो-नियाज़ से हुई। इसके पश्चात रात 8:30 बजे से महफ़िले सिमा का एहतिमाम किया गया, जिसमें भारत के मारूफ़ और मक़बूल कव्वाल हाजी उस्ताद सैयद मुकर्रम अली वारसी भोपाली व हमनवाँ ने एक से बढ़कर एक सूफियाना कलाम पेश कर उपस्थित अकीदतमंदों को महफिल में सराबोर कर दिया। उनके पेश किए गए कलामों पर देर रात तक माहौल सूफियाना रंग में डूबा रहा।सुबह फ़ज्र की नमाज़ के बाद सलातो सलाम और फ़ातेहा का एहतिमाम किया गया, जिसके पश्चात तबर्रुक तकसीम किया गया। आयोजन को यादगार बनाने में जुटे गौसे किछौछा गुल अशरफ़ी एकेडमी ने तमाम मुरीदीन, मुहिब्बान, आशिक़ाने अहले बैत और बुज़ुर्गाने दीन का दिल से शुक्रिया अदा किया और उनकी शिरकत को जश्न की सफलता का आधार बताया।

# गौरीघाट में भगवान परशुराम की महाआरती संपन्न

## परशुराम गौरीघाट में निःशुल्क उपनयन संस्कार किया जाएगा

जबलपुर। गौरीघाट परशुराम धाम में प्रति गुरुवार को होने वाली भगवान परशुराम की महाआरती संपन्न हुई। इस अवसर पर जगतगुरु राघव देवाचार्य ने बताया कि सनातन संस्कृति उपनयन संस्कार महत्वपूर्ण माना गया है, 16 संस्कारों में श्रेष्ठतम संस्कार है, ब्राह्मण समाज के साथ-साथ अन्य समाज के भी लोग जो समरसता का भाव रखते हैं उनका भी उपनयन संस्कार निःशुल्क किया जाएगा, रजिस्ट्रेशन कार्यालय संपूर्ण ब्राह्मण मंच गढ़ा रोड ब्रिज बाइक सेंटर कछपुरा ब्रिज के पास कराया जा सकता है। अपीलकर्ता यदुवंश मिश्रा, रावेंद्र तिवारी, सीताराम कुरचानिया, निशांत शर्मा, धनंजय बाजपेई, सुधाकर मिश्रा, सत्यदेव तिवारी, एडवोकेट आनंद जोशी, प्रशांत तिवारी, अंकित तिवारी, पुष्पा तिवारी, सुधा मिश्रा, डॉ. स्वगतिकापति, आभा तिवारी, जया मिश्रा, शोभा तिवारी, सीमा मिश्रा, मधुबाला दुबे व अन्य हैं।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने लगाया डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र शिविर

**जबलपुर।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जबलपुर द्वारा दिनांक 21-11-2025 को यूनियन बैंक गोपालबाग शाखा, हिरजी गोविंदजी कंपाउंड, बल्देवबाग सर्वोदय नगर जबलपुर के परिसर में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा करने हेतु शिविर का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के अवर सचिव सिद्धेश्वर चक्रवर्ती तथा विशेष अतिथि यूनियन बैंक महाप्रबंधक कार्यालय भोपाल से उपमहाप्रबंधक मुकेश भारती शर्मा




उपस्थित रहे। यूनियन बैंक जबलपुर क्षेत्र प्रमुख उपमहाप्रबंधक समीर कुमार ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सहायक महाप्रबंधक जबलपुर क्षेत्र अमित श्रीवास्तव ने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने को आसान तथा उपयोगी बताया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पेंशन कर्मियों ने ऑनलाइन अपना-अपना जीवन प्रमाणपत्र जमा किया तथा लाभान्वित हुए। बैंक द्वारा सभी पेंशन धारकों के लिए हैल्थ चेकअप कैंप भी लगाया गया। पेंशन धारक ANDROID मोबाइल बेसह APP के माध्यम से फ़ेस AUTHENTICATION टेक्नालॉजी के जरिये आसान तरीके से लाइफ सर्टिफिकेट जमाकर बहुत खुश हुए तथा सरकार और बैंक के माध्यम से इस मुहिम एवं हैल्थ चेकअप कैंप की बहुत सराहना की। बैंक रिटाइरीस एसोशिएशन अध्यक्ष बीसी तिवारी ने अंत में धन्यवाद ज्ञापन देकर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा होने की सराहना की तथा सरकार के इस राष्ट्रव्यापी कदम के लिए धन्यवाद दिया।

# कालीधाम भटौली से निकाली गई मां नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा

**जबलपुर।** मां नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम कालीघाट भटौली से 21 नवम्बर को निकाली गई। पंचकोशी यात्रा के दौरान प्रातः 9:00 बजे बड़े ही धूमधाम के साथ सभी भक्तों द्वारा मां नर्मदा की दिव्य झांकी के साथ धर्म ध्वजा लहराई जा रही थी, श्रद्धा भक्ति के साथ भक्तों का उत्साह देखते ही बना। यह यात्रा गुरुदेव पंचखंड द्वादश पीठाधीश्वर कलिकानंद सरस्वती महाराज एवं कालीधाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी राधे चैतन्य महाराज के नेतृत्व में निकाली गई। यात्रा कालीधाम कालीघाट भटौली से प्रारंभ होकर नर्मदा दक्षिण तट मंगेली गुरुद्वारा से उत्तर तट गौरीघाट झंडा



चौक, गीताधाम, श्री कालीधाम कालीघाट भटौली पहुंचकर विश्राम हुई, जहां ग्वारीघाट व्यापारी संघ मंडल ने भव्य स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान कानपुर से महंत रामानंद महाराज, पं. हर्ष दुबे, संदीप जैन, सुधीर अग्रवाल, ओमकार दुबे, किशन लाल बर्मन, सतीश उपाध्याय, केदार उपाध्याय, अभिषेक बाजपाई, सतेन्द्र मल्लाह, पुरुषोत्तम चौबे, राजेंद्र बर्मन, सुधा गुरु, ज्योति चतुर्वेदी, संध्या अवस्थी, रमा चतुर्वेदी सहित अनेक नर्मदा भक्त शामिल हुए।

# समरसता संगठन अध्यक्ष संदीप जैन का स्वागत आज

**जबलपुर।** रोटरी इंटरनेशनल क्लब द्वारा जबलपुर समरसता संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन गुड्डा भैया को विगत दिवस मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा नान रोटेरियन अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होने पर नारी शक्ति द्वारा यादव कालोनी चौक स्थित आभा साहू के निवास पर 22 नवम्बर, दोपहर 02 बजे से स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इस अवसर पर संस्कारधानी की सभी महिला संगठनों की ओर से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

# वृन्दावन में वास के साथ भागवत कथा श्रवण का मिला सौभाग्य

## दिल्ली, बंगलौर, मुंबई, राजस्थान मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के भक्त हुए शामिल

**जबलपुर।** शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम जबलपुर के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज की वृंदावन में भागवत कथा प्रारंभ हुई। भागवत कथा में जबलपुर के साथ-साथ दिल्ली, बंगलौर, मुंबई, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के भक्त हुए शामिल हुए हैं, जो भागवत महापुराण कथा श्रवण के साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की पावन भूमि वृन्दावन के दर्शन प्राप्त कर रहे हैं।

कथा के प्रथम दिवस व्यास पीठ से सुरेंद्र शास्त्री महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। भागवत कथा और वृन्दावन



में वास पाने के लिए देवता भी लालायित रहते हैं। आप लोग बड़े सौभाग्यशाली हैं, जो देश के अलग-अलग प्रदेशों से वृन्दावन आकर सहज रूप से भगवान की कथा श्रवण कर रहे हैं।

व्यास पीठ पूजन एवं शास्त्री जी का स्वागत बंगलौर निवासी संतोष दुबे, दुर्गा दुबे तथा जबलपुर निवासी तेजराम पटेल, पुष्पा पटेल ने किया। पूजन कार्य आचार्य अमित उपाध्याय एवं वृंदावन के आचार्य आकाश कृष्ण शास्त्री ने संपन्न कराया। मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार बीडी सोनी ने किया। इस दौरान मुंबई से विनय रंजन, कंचन रंजन, छत्तीसगढ़ से उपेंद्र शरण, बिन्नी शरण, तन्मय किशोर, जयपुर राजस्थान से विवेक शर्मा, जबलपुर से बृजेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।